RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 255
नई दिल्ली, शनिवार, 24 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




सिंधु से होगी भारत को स्वर्ण पदक दिलाने की उम्मीद
स्पोर्ट्स-10


# हंगामे की भेंट चढ़ा मानसून सत्र का पहला सप्ताह

## तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद शांतनु सेन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली



**पेगासस** जासूसी विवाद के चलते शुक्रवार को भी संसद की कार्यवाही बाधित रही। दोनों सदनों में शोरगुल और नारेबाजी के बीच बार बार कार्य स्थगन होता रहा। वहीं राज्य सभा में टीएमसी सांसद शांतनु सेन को निलंबित कर दिया गया। सेन ने बृहस्पतिवार को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा पढ़े जा रहे बयान की प्रति को छीनकर फाड़ दिया था। सांसद को मानसून सत्र की शेष बची अवधि के लिए निलंबित किया गया है।

आज सुबह सदन शुरू होने के बाद सरकार द्वारा सेन के खिलाफ पेश प्रस्ताव को पारित कर दिया गया तथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। बहरहाल टीएमसी सांसद ने सदन छोड़ने से इनकार कर दिया और सभापति एम वेंकैया नायडू तथा उप सभापति हरिवंश के बार बार अनुरोध के बावजूद नहीं माने। परिणामस्वरूप सदन में कामकाज बाधित रहा और बार बार स्थगित करना पड़ा। एक ट्वीट में सेन ने निलंबन को 'असंसदीय' करार दिया और कहा कि उनकी पार्टी की आवाज और उनके नेता की आवाज को कभी रोका नहीं जा सकता। सेन को शेष सत्र के लिए निलंबित करने की सभापति की घोषणा का विरोध

**● पेगासस जासूसी विवाद व अन्य मुद्दों को लेकर संसद के दोनों सदनों में शोरगुल-नारेबाजी, नहीं चल सकी कार्यवाही**

करते हुए तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा किया। तृणमूल सदस्य शुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि मुरलीधरन ने अचानक से सेन के निलंबन का प्रस्ताव पेश कर दिया लेकिन सदन में आज की कार्यसूची में इसका कोई उल्लेख नहीं था। सभापति ने उनकी आपत्ति को खारिज कर दिया। पूरे सप्ताह के दौरान सिर्फ मंगलवार को उच्च सदन में उस समय चार घंटे सामान्य ढंग से कामकाज हो पाया जब कोविड-19 के कारण देश में उपजे हालात को लेकर, सभी दलों के बीच आपस में बनी सहमति के आधार पर चर्चा की गयी। शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा एक बार के स्थगन और राज्यसभा तीन बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। दोनों सदनों में आज भी प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं हो सका तथा शुक्रवार को होने वाला गैर सरकारी कामकाज भी हंगामे की भेंट चढ़ गया। (शेष पेज 9)

## राहुल ने फोन टैपिंग का लगाया आरोप, शाह से मांगा इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली



**कांग्रेस के** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इजरायली स्पाइवेयर पेगासस का उपयोग करके भारत के कई प्रमुख व्यक्तियों की कथित तौर पर जासूसी किए जाने को 'राजद्रोह' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि उनके फोन को टैप किया गया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि पेगासस का उपयोग 'भारतीय राज्य और संस्थाओं' के खिलाफ किया गया तथा यह जनता की आवाज पर आक्रमण है। राहुल गांधी ने संसद भवन के निकट विजय चौक पर संवाददाताओं से कहा, 'पेगासस एक हथियार है जिसका उपयोग आतंकवादियों और अपराधियों के खिलाफ किया जाता है। (शेष पेज 9)

## राहुल गांधी अपना फोन जांच एजेंसियों को सौंपे: भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को यदि लगता है कि उनका फोन टैप किया गया है तो उन्हें इसे (फोन) जांच एजेंसी को सौंप देना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौर ने संसद भवन परिसर में

**● कांग्रेस नेता के आरोप पर राज्यवर्धन सिंह राठौर ने किया पलटवार**

पत्रकारों से चर्चा करते हुए दावा किया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अवैध तरीके से किसी का भी फोन टैप नहीं किया है। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कोई 'जूनियर कॉपी राइटर' भी उनके फोन में मौजूद विषय वस्तु को कॉपी करना नहीं चाहेगा क्योंकि कांग्रेस नेता के पास कुछ भी 'मौलिक' नहीं है। राठौर ने कहा कि वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में जनता के द्वारा लगातार दो बार खारिज किए जाने के बाद कांग्रेस किसी न किसी बहाने संसद की कार्यवाही को बाधित करना चाहती है। राहुल गांधी ने इजरायली स्पाइवेयर पेगासस का उपयोग करके भारत के कई प्रमुख व्यक्तियों की कथित तौर पर जासूसी किए जाने को 'राजद्रोह' करार देते हुए कहा था कि गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच होनी चाहिए। (शेष पेज 9)

## पेगासस की नई लिस्ट में गिलानी जैसे कई हुर्रियत नेता भी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**जम्मू-कश्मीर** के कई राजनीतिक नेताओं, अलगाववादियों और पत्रकारों को 2017 से 2019 के बीच टेलीफोन जासूसी के लिए निशाना बनाए जाने की आशंका है। यही नहीं, इस सूची में तत्कालीन मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के दो रिश्तेदार भी हैं। द वायर में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में काम करने वाले कश्मीर से संबंधित पत्रकार भी निगरानी में थे।

महबूबा मुफ्ती के परिवार के सदस्यों के फोन उस समय संभावित निगरानी पर लिए गए जब भाजपा के सहयोग से पीडीपी राज्य में सरकार चला रही थी और मुफ्ती मुख्यमंत्री थीं। बाद में जून 2018 में भाजपा ने गठबंधन तोड़ सरकार गिरा दी थी।

महबूबा ने कहा कि कश्मीरी लोगों के फोनों की जासूसी कोई नई बात नहीं है। खुलकर अपने विचार व्यक्त करने के कारण राज्य के लोगों के फोन की न केवल निगरानी की जाती है बल्कि इसके लिए उन्हें दंडित भी किया जाता है। द वायर ने दो अलगाववादी नेता बिलाल लोन और दिल्ली विश्वविद्यालय में व्याख्याता के रूप में काम करने वाले एसएआर गिलानी (वर्ष 2018 में मृत्यु) के फोन की फॉरेंसिक एनालिसिस किया। एमनेस्टी इंटरनेशनल की सिक्योरिटी लैब ने लोन के फोन डेटा की जांच की। हालांकि यह फोन सेट वह नहीं था जो उन्होंने उस समय इस्तेमाल किया था जब उसके फोन को निगरानी के लिए लक्ष्य

**● रिपोर्ट में दावा, महबूबा मुफ्ती के दो रिश्तेदारों और कश्मीर से जुड़े पांच पत्रकार भी रहे निशाने पर**

बनाया गया था। फोरेंसिक विश्लेषण से पता चला कि फोन पेगासस के निशाने पर थे। फोरेंसिक विश्लेषण से स्पष्ट संकेत मिले हैं कि गिलानी के फोन को फरवरी 2018 और जनवरी 2019 के बीच पेगासस स्पाइवेयर गतिविधि के चुना गया। जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी के भाई तारिक बुखारी का फोन भी 2017 और 2019 के बीच निगरानी में रहा। इसके अलावा, कश्मीर के सबसे प्रभावशाली अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी के परिवार के कम से कम चार सदस्य- उनके दामाद, पत्रकार इफ्तिखार गिलानी और उनके बेटे, वैज्ञानिक सैयद नसीम गिलानी भी 2017 और 2019 के बीच एनएसओ समूह के भारतीय ग्राहक के निशाने पर रहे। घाटी के एक प्रमुख मानवाधिकार कार्यकर्ता वकार भट्टी के साथ-साथ कम से कम पांच कश्मीरी पत्रकार भी निगरानी सूची में थे। इनमें इंडियन एक्सप्रेस के मुजम्मिल जलील, उस समय हिंदुस्तान टाइम्स के साथ जुड़े औरंगजेब नक्शबंदी, पूर्व में डीएनए के साथ रहे इफ्तिखार गिलानी और पीटीआई के सुमीर कौल शामिल हैं। (शेष पेज 9)

## नवजोत सिद्धू ने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यभार संभाला



**भाषा**। चंडीगढ़

**नवजोत** सिंह सिद्धू ने शुक्रवार को पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह भी मौजूद थे जिनसे हाल के दिनों में सिद्धू के टकराव की खबरें आ रही थीं। मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि वे राज्य के कल्याण के लिए मिलकर काम करेंगे। सिंह का यह बयान पार्टी की राज्य इकाई में टकराव की समाप्ति का संकेत देता है। मंच पर

**● अमरिंदर भी हुए कार्यक्रम में शामिल**

जाने से पहले हवा में बल्ला घुमाते हुए सिद्धू ने लोगों से खचाखच भरे पार्टी मुख्यालय में कहा कि कांग्रेस एकजुट है और उनका उद्देश्य लोगों को सशक्त करने की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा, पंजाब जीतेगा, पंजाबी जीतेंगे। सिद्धू ने कहा कि पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता और प्रदेश इकाई के प्रमुख में कोई अंतर नहीं है। (शेष पेज 9)

## ट्वीटर के एमडी को जारी यूपी पुलिस का नोटिस रद्द

**बेंगलुरू**। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा ट्विटर इंडिया के प्रबंध निदेशक मनीष माहेश्वरी को जारी नोटिस को रद्द कर दिया है। इस नोटिस में ट्विटर मंच पर एक व्यक्ति द्वारा अपलोड किए गए सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील वीडियो की जांच के तहत उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा गया था। अदालत ने नोटिस को रद्द करते हुए कहा कि इसे दुर्भावना से जारी किया गया था। न्यायमूर्ति जी नरेंद्र की एकल पीठ ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 (ए) के तहत नोटिस को धारा 160 के तहत माना जाना चाहिए जिससे गाजियाबाद पुलिस को माहेश्वरी से उनके कार्यालय या बेंगलुरु में उनके आवासीय पते पर डिजिटल तरीके से पूछताछ करने की अनुमति मिलती है। अदालत ने कहा कि धारा 41 (ए) के तहत कानूनी प्रावधानों को उत्पीड़न का औजार बनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और गाजियाबाद पुलिस ने ऐसी कोई सामग्री नहीं पेश की, जिससे प्रथम दृष्टया याचिकाकर्ता की संलिप्तता का पता लग सके जबकि सुनवाई पिछले कई दिनों से चल रही है।

## महाराष्ट्र में बारिश से तबाही भूस्खलन में 36 की मौत

**भाषा**। मुंबई

**महाराष्ट्र** के तटीय रायगढ़ जिले में एक गांव के नजदीक भूस्खलन होने के कारण 36 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह हादसा महाड तहसील के तलाई गांव में बृहस्पतिवार शाम को हुआ। इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, भूस्खलन वाली जगह से अब तक 36 शव बरामद किए गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), स्थानीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें राहत एवं बचाव अभियान में जुटी हुई हैं। रायगढ़ की जिलाधिकारी निधि चौधरी ने कहा कि बृहस्पतिवार देर शाम भूस्खलन की घटना की सूचना मिली थी।

जिलाधिकारी ने कहा, बाढ़ और कीचड़ के कारण घटनास्थल की ओर जाने वाले रास्ते अवरुद्ध हो गए थे, इसलिए राहत एवं बचाव दल को

**● राज्य में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कुल 42 लोगों की गई जान**


घटनास्थल तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। आज सुबह राहत एवं बचाव अभियान दोबारा शुरू किया और अपराह्न तक शव बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक गांव में करीब 30 घर इस हादसे के कारण वे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। महाराष्ट्र में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से 36 लोगों की मौत तटीय रायगढ़ जिले में एक गांव के नजदीक भूस्खलन होने से हुई। वहीं, राज्य में लगातार भारी बारिश होने के साथ रत्नागिरी जिले में भूस्खलन होने के बाद 10 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। (शेष पेज 9)

## नोएडा आईं माइक्रोसॉफ्ट और अडानी की कंपनी

**रिंकू यादव**। नोएडा

**उत्तर प्रदेश** के सबसे हाईटेक शहर नोएडा में माइक्रोसॉफ्ट और अडानी की कंपनी आ गई हैं। नोएडा प्राधिकरण ने 846 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। जिससे यहां के लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। नोएडा के अलावा अन्य जिलों में भी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण से 3500 उद्योगपतियों ने जमीन आवंटित की है। इसके जरिए 11500 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। जिसके बाद पूरे प्रदेश में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खुल रहे हैं।

नोएडा प्राधिकरण ने दुनिया की अग्रणी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के साथ भी बड़ी डील की है। माइक्रोसॉफ्ट यहां से न केवल भारतीय उपभोक्ताओं के लिए बल्कि ग्लोबल कंज्यूमर के लिए बड़ा सेटअप लगाने जा रही है। नोएडा के सेक्टर-145 में भूखंड ए-1 और ए-2 की कुल 60,000 वर्ग मीटर की भूमि का आवंटन माइक्रोसॉफ्ट के नाम किया जा रहा है। यह जमीन 103.66 करोड़ रुपये में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर हुई है। नोएडा



**● करोड़ों की जमीन खरीदी, अरबों का निवेश करेंगी और लाखों लोगों को मिलेगा रोजगार**

**● माइक्रोसॉफ्ट को 60 हजार वर्ग मीटर भूमि का आवंटन, अडानी ने किया 2500 करोड़ रुपये का निवेश**

प्राधिकरण द्वारा 39,146 वर्ग मीटर जमीन अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को सेक्टर-80 में आवंटित की गई है। अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड इस परियोजना में 2 हजार, 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। निवेश की नजर से अडानी इंटरप्राइजेज सुपर मेगा श्रेणी की इकाई है। इस जमीन के आवंटन से नोएडा प्राधिकरण को राजस्व के रूप में लगभग 71 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि कई अंतरराष्ट्रीय कंपनी नोएडा और प्रदेश के अन्य जिलों में अपनी इकाई स्थापित करने के लिए आवेदन कर रही है। जो उत्तर प्रदेश सरकार के लिए काफी अच्छी बात है। पिछले साल उत्तर प्रदेश में देश-विदेश एक हजार से भी ज्यादा इंटरनेशनल कंपनी ने अपना उत्पाद बनाना प्रदेश में शुरू किया है। पिछली साल प्रदेश में 5100 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश हुआ था। मयूर माहेश्वरी ने बताया कि नोएडा में औद्योगिकरण के लिए ज्यादा जमीनें नहीं बची हैं लेकिन इसके बावजूद कार्यभार संभालने के बाद सही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रितु माहेश्वरी की कोशिशों के चलते पिछले 4 साल के दौरान 846 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया गया है। पिछले 4 सालों के दौरान करीब 21592.16 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित रहा है।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,975 | ↑ 139 | |
| निफ्टी | 15,85{ | ↑ 32 | |
| सोना | 46,698 | ↓ 256 | /10g |
| चांदी | 66,111 | ↑ 662 | /kg |

### क्विक न्यूज

**आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण**

**बालासोर**। भारत ने ओडिशा के अपतटीय क्षेत्र में चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र (आईटीआर) से शुक्रवार को सतह से हवा में मार करने वाली नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल (आकाश-एनजी) का सफल परीक्षण किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने यह परीक्षण तीव्र गति वाले एक मानवरहित हवाई लक्ष्य को निशाना बनाकर किया जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।डीआरडीओ के सूत्रों ने बताया कि मिसाइल का परीक्षण आईटीआर के लॉंच पैड-3 से किया गया जिसके लिए बहुकार्य रडार, कमान, नियंत्रण, संचार प्रणाली और प्रक्षेपक सहित समूची प्रणाली तैनात की गई।संगठन के प्रवक्ता ने कहा, रेडियो फ्रीक्वेंसी यंत्र से लैस मिसाइल ने तीव्र गति वाले हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

## उद्यमी ने की रिश्तेदार फैक्टरी मालिक और दोस्त की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**वजीरपुर** औद्योगिक क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात उद्यमी सुरेंद्र गुप्ता व उनके दोस्त अमित गोयल की दराती से वार कर हत्या कर दी गई। मुख्य आरोपी फैक्ट्री मालिक संदीप जैन ने अपने दो कर्मियों के साथ वारदात को अंजाम दिया और अमित के शव को उन्हीं की कार में रखकर गोपालपुर लाल बत्ती के निकट छोड़ दिया। कार में शव मिलने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। छानबीन में दूसरे उद्यमी सुरेंद्र का शव भी फैक्ट्री से बरामद कर लिया गया। इस बाबत अशोक विहार थाने में मामला दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी संदीप के साथ फैक्ट्री के फोरमैन संजय सिंह और माल ढुलाई करने वाले कर्मी सुनील यादव को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया है कि सुरेंद्र ने करीब डेढ़ साल पहले संदीप को चीन से 21 लाख रुपये में बर्तन की फैक्ट्री के लिए मशीन मंगाकर दी थी, (शेष पेज 9)

## दर्शक विहीन स्टेडियम में ओलंपिक का शुभारम्भ

**भाषा**। टोक्यो

**पिछले एक** साल से भी अधिक समय से दुनिया को अपनी गिरफ्त में लेने वाली कोविड-19 महामारी के भय को पीछे छोड़ते हुए 32वें ओलंपिक खेलों की एक साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद शुक्रवार को यहां रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ शुरुआत हो गई जिसमें जापानी संस्कृति और प्रौद्योगिकी की झलक देखने को मिली।

जापान के सम्राट नारूहितो ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थामस बाक, आयोजन समिति की प्रमुख सीको हाशिमोतो, कई अन्य हस्तियों तथा 205 देशों के खिलाड़ियों की मौजूदगी में खेलों के शुरुआत की घोषणा की। इससे एक महीने पहले ही उन्होंने ओलंपिक के दौरान कोरोना वायरस फैलने को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा, मैं आधुनिक युग के 32वें ओलंपिक खेलों का जश्न मनाते हुए तोक्यो खेलों की शुरुआत की घोषणा करता हूं। दर्शकों के बिना

**● खेल महाकुम्भ का कोरोना महामारी के कारण एक साल की देरी से टोक्यो में किया जा रहा है आयोजन**

आयोजित किए जा रहे ओलंपिक खेलों के उदघाटन समारोह में भी भावनाओं का ज्वार उमड़ता दिखा और ऐसे में भावनाओं से एकजुट की इसकी विषय वस्तु भी कार्यक्रम के अनुकूल रही। तोक्यो में जब रात घिर आई थी तब यहां का ओलंपिक स्टेडियम दमक रहा था जिससे उठी नई उम्मीद की धमक पूरे विश्व में सुनाई दे रही थी। बाक ने अपने उद्घाटन भाषण में खेलों की एकजुट करने की क्षमता का उल्लेख किया और साथ ही महामारी के बीच खेलों का आयोजन करने के लिए जापान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, आज उम्मीद का पल है। आइए



**पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरीकॉम हाथों में तिरंगा लेकर भारतीय दल की अगुवाई करते हुए**

हम इस पल को संजोएं, क्योंकि आखिरकार हम एक साथ यहां हैं। कुल 205 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों और आईओसी शरणार्थी ओलंपिक टीम के एथलीट, ओलंपिक गांव में एक साथ एक छत के नीचे रह रहे हैं। यह खेल की एकजुट करने की शक्ति है। महामारी के कारण सभी देशों के कम खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। कुछ खिलाड़ियों के अगले दिन प्रतियोगिताएं होने और बीमारी के संक्रमण से बचने के लिए समारोह में भाग नहीं लिया। ओलंपिक मार्च पास्ट की शुरुआत हमेशा की तरह यूनान से हुई जहां पहले ओलंपिक खेल हुए थे। सभी टीमों के खिलाड़ी अपनी पांरपरिक वेषभूषा में दिखे और उन्होंने कुछ लोकप्रिय वीडियो गेम के संगीत पर स्टेडियम में प्रवेश किया। मेजबान जापान का दल सबसे आखिर में स्टेडियम में पहुंचा जिसके बाद आतिशबाजी का एक और दौर देखने को मिला। भारत 25वीं बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रहा है और इस बार उसने अपना सबसे बड़ा दल उतारा है। भारतीय दल जापानी वर्णमाला के अनुसार 21वें नंबर पर आया। पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और छह बार की विश्व चैंपियन एम सी मैरीकॉम के हाथों में तिरंगा लहरा रहा था और उनके साथ भारत के अन्य खिलाड़ियों और छह अधिकारियों के चेहरे पर मुस्कान और जोश दिख रहा था। भारत के 127 खिलाड़ियों सहित 228 सदस्यीय दल ओलंपिक में भाग ले रहा है लेकिन इनमें से केवल 20 खिलाड़ियों को उदघाटन समारोह में भाग लिया।

## जम्मू में आईईडी सामग्री ले जा रहे ड्रोन को पुलिस ने मार गिराया

**जम्मू (भाषा)**। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जम्मू जिले के सीमावर्ती इलाके में पांच किलोग्राम वजन की विस्फोटक सामग्री (आईईडी) ले जा रहे ड्रोन को मार गिराया और सीमा पार की, एक बड़ी आतंकी घटना की साजिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात को अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के साथ कानाचक की सीमा पर एक ड्रोन के उड़ने की सूचना के बाद पुलिस की एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) ने ड्रोन विरोधी रणनीति का इस्तेमाल करते हुए उसे मार गिराया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने यहां पत्रकारों को बताया, देर रात करीब एक बजे एक ड्रोन को बेहद करीब से उड़ते देखा गया जो आईईडी गिराने ही वाला था लेकिन उसे मार गिराया गया। (शेष पेज 9)

# नोएडा हवाई अड्डे के नाम से 500 करोड़ का फर्जी ठेका, दर्ज होगी एफआईआर

● यमुना प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक ने पुलिस निरीक्षक को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के नाम से फर्जी पत्र जारी कर टेंडर के मामले में यमुना प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी रविंद्र सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के पुलिस निरीक्षक को पत्र लिखा है।

पत्र में उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने कहा है कि लोग इस तरह के फर्जी पेपर के झांसे में न आएं। एयरपोर्ट के काम आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। प्राधिकरण ने कहा है कि 20 मार्च 2021 को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जुड़ी जमीन पर कार्य आवंटन किए जाने से संबंधित एक लेटर संज्ञान में आया है, जबकि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ऐसा कोई पत्र किसी को नहीं भेजा है।




एक फर्जी वेलकम लेटर फैलाया जा रहा था। जिसमें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और उत्तर प्रदेश सरकार का जिक्र कर फर्जी ढंग से जमीन से जुड़े कार्यों के लिए 5000 एकड़ में 500 करोड़ रुपए के टेंडर का अप्रूवल दिखाया जा रहा था। कंपनी के कॉलम में किसी का नाम नहीं लिखा था। ऑफिस के पते में अनूपपुर, मध्य प्रदेश दर्ज है। इस पर स्पष्टीकरण देते हुए यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह ने बताया कि यह पूरी तरह फर्जी है। जेवर एयरपोर्ट का क्षेत्रफल 3200 एकड़ है। इसमें 5000 एकड़ जमीन का जिक्र किया गया है।

इस तरह का कोई लेटर किसी भी कंपनी को जारी नहीं किया गया है। वह पूरे पारदर्शी ढंग से टेंडर के जरिए काम का आवंटन करेगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कार्यवाही की जाएगी। एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। इसके बाद ऐसे तत्वों को कानूनी दायरे में लाया जाएगा। इस मामले में बीटा-2 कोतवाली के प्रभारी रामेश्वर ने बताया कि फिलहाल अथॉरिटी की शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### एयरपोर्ट को बनाने की जिम्मेदारी ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास

नोएडा एयरपोर्ट को बनाने की जिम्मेदारी ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी और उसकी एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की है। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण का कोई रोल नहीं है।

उन्होंने आगे कहा ना ही ऐसा कोई पत्र किसी प्राधिकरण या सरकार द्वारा जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पत्र को दिखाकर तमाम लोग भूमि से संबंधित काम का कॉन्ट्रैक्ट लेने के लिए प्राधिकरण पहुंच रहे थे। लेकिन टेंडर से जुड़ा सारा काम ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी करेगी।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 12 प्रोजेक्ट के टेंडर जारी किए

● गांव-शहर के विकास कार्यों में आएगी तेजी

नोएडा। शहर में विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 27.86 करोड़ रुपये का 12 टेंडर जारी किया है। इसमें एलईडी रूफटॉप लगाने से लेकर मैन होल और सर्विस रोड के चौड़ीकरण का काम शामिल है।

इसके अलावा प्राधिकरण 6 पर्सेंट आबादी के भूखंडों पर भी विकास कार्य कराएगा इन सभी के लिए टेंडर जारी हुए हैं। परियोजना विभाग ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आवश्यक निर्माण कार्य से संबंधित कार्यों को 2786.25 लाख 27.86 करोड़ टेंडर जारी किए हैं।

इनमें वर्क सर्किल 4 में स्थित सूथियाना गांव में आरसीसी रोड और ड्रेन के बाकी काम शामिल हैं। प्राधिकरण ने वर्क सर्किल 5 में स्थित ग्रेटर नोएडा कार्यालय के भवन में एलईडी रूफटॉप साइनेज लगाने और उसके मेंटेनेंस के लिए टेंडर निकाला है। एच्छर टी प्वॉइंट से 130 मीटर चौड़ी रोड तक और आईटीबीपी रोटरी से गेल रोटरी तक 60 मीटर चौड़ी रोड का सुदृढ़ीकरण होगा। सेक्टर ईटा.1 में आंतरिक सड़कों की रिसरफेसिंग का कार्य बाकी है। एसके रोड टी पॉइंट से डेल्टा.1 रोटरी लेबर चौक तक और रियान रोटरी से गोल्फरोटरी तक 60 मीटर चौड़ी रोड को मजबूत कराया जाएगा। प्राधिकरण ने वर्क सर्किल 6 में स्थित घोड़ी बछेड़ा गांव के पॉकेट ई एवं एफ के 4 परसेंट 6 परसेंट और 10 परसेंट आबादी भूखंडों को विकसित करने का कार्य कराएगा। हजरतपुर गांव में 6 पर्सेंट आबादी भूखंडों का विकास कार्य होना है।



# सीईओ ने 3 ठेकेदारों पर लगाया जुर्माना , 3 को नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु महेश्वरी ने शहर के कई सेक्टर और पार्क का मुआयना किया। इस दौरान कई जगह गंदगी, अधूरे काम और लापरवाही मिली। एक्शन लेते हुए उन्होंने तीन ठेकेदारों पर 21 लाख का जुर्माना लगाया। तीन अन्य को नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद इन कांट्रेक्टर को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मरम्मत से जुड़े कार्यों में कमियां पाई। इसके बाद संबंधित अफसरों को इन्हें ठीक कराने का आदेश दिया।

जानकारी के मुताबिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी नोएडा के सेक्टर-12, 62, 63, 50, 45, 46 और 93, के मेघदूतम और एक्सप्रेस व्यू पार्क का निरीक्षण करने पहुंची थी। सेक्टर 12 में स्थित शिमला पार्क विभागीय की हालत बेहद खराब मिली। वहां सफाई का काम पिछले काफी दिनों से नहीं किया गया था। मौके पर मात्र एक माली झाड़ू लगाते हुए मिला। जबकि सेक्टर-12 के सभी पार्कों की साफसफाई के लिए संबंधित विभाग ने 7 मालियों को जिम्मेदारी दी है।


सेक्टरों और पार्क का मुआयना करतीं सीईओ ऋतु महेश्वरी। फोटो: दीपक यादव

बावजूद इसके काम में ढिलाई मिलने पर सीईओ ने सख्ती दिखाई। उन्होंने कहा कि संबंधित पर्यवेक्षणीय स्टॉफ के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। साथ ही उन्होंने मौके पर मिली कमियों के लिए जिम्मेदार संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त करने का आदेश दिया। सेक्टर-62 में निरीक्षण के दौरान उन्होंने संविदाकर्मियों को पार्क के बीच में ट्रॉली से सामान उतारते हुए मिले। इस पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने असंतोष जताया। उन्होंने कॉन्टेक्टर को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश दिया। सेक्टर-63 में पार्क संख्या 91 ए के सामने उन्होंने मौका मुआयना किया। इस दौरान कोई भी श्रमिक काम करते हुए नहीं मिला। गेट पर कूड़ा बिखरा मिला। इस पर सख्ती दिखाते हुए सीईओ ने कांट्रेक्टर को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश जारी किया। सेक्टर 50 में स्थित मेघदूतम पार्क में 21 मजदूर काम करते हुए मिले। लेकिन जगह-जगह घास कटिंग का काम अधूरा पड़ा था। एक टॉयलेट पूरी तरह बंद था। जबकि दूसरे टॉयलेट के दरवाजे टूटे हुए मिले।

### कागजों पर काम पर नहीं दिखा कोई मजदूर

एक्सप्रेसवे हाईवे के बाईं ओर 4 किलोमीटर पर सेक्टर 93 बीए 105 और 108 के सामने स्थित ग्रीन बेल्ट में कोई मजदूर काम करते हुए नहीं मिला। इस पर सीईओ ने कांट्रेक्टर को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश देते हुए अफसरों से कहा कि अधूरे कार्यों को तुरंत पूरा कराएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सेंट्रल वर्ज की ग्रीन बेल्ट में कोई माली काम नहीं कर रहा था। संख्या के मुताबिक श्रमिकों की उपस्थिति अनिवार्य की जाए। उन्होंने सभी अधूरे कामों को पूरा कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया। प्राधिकरण ने कहा है कि आरोपियों के उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेनो वेस्ट की समस्या को लेकर सीएम से मिले

● गौतमबुद्ध नगर की समस्याओं के समाधान का मिला आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की संस्था नेफावा के पदाधिकारियों ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान ग्रेटर नोएडा वेस्ट सहित गौतमबुद्ध नगर में बिल्डरों की मनमानी और सुविधाओं की कमी पर विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही प्रशासन की कमियों और बुनियादी जरूरतों पर प्राधिकरण-प्रशासन की ढिलाई पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। संस्था के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मिलकर गौतमबुद्ध नगर के घर खरीदारों की समस्या और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की जरूरतों को पूरा कराने के लिए ज्ञापन दिया।


सीएम योगी से मुलाकात करते नेफावा के पदाधिकारी।

अभिषेक कुमार ने बताया कि सीएमसे मिलकर घर खरीदारों की ज्वलंत समस्याओं को उनके संज्ञान में लाया गया। उन्होंने यथाशीघ्र इनके समाधान का आश्वासन दिया है।

### युवा के स्टार्टअप से मिलेगी अर्थव्यवस्था को रफ्तार

नोएडा। उत्तर प्रदेश राज्य देश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है। इसके समग्र विकास के लिए सबसे पहली हमें हमारी बौद्धिक संपदा की जरूरत है। स्टार्टअप के जरिए हम अपने नवयुवकों और संसाधनों का उपयोग करके अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ा सकते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात के दौरान जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने यह बात कही। धीरेंद्र सिंह के साथ स्टार्टअप पर सुझाव देने के लिए युवा उद्यमियों की एक टीम भी मुख्यमंत्री से मिली। विधायक ने कहा सीएम को बताया कि देश में इस साल 4 जुलाई तक 70,000 करोड़ स्टार्टअप्स में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार


नए जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह का स्वागत करते कर्मचारी।

### नए जिला पंचायत राज अधिकारी ने कार्यभार संभाला

हापुड़। नए जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने गुरुवार को जनपद हापुड़ में कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह रामपुर के जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर थे। पिछले दिनों शासन ने उनका तबादला जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर हापुड़ कर दिया था। इससे पहले यहां पर यावर अब्बास जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर थे। वीरेन्द्र सिंह को हापुड़ की भौगोलिक स्थिति और ग्राम पंचायतों की बेहतर जानकारी पहले से ही है। गौतमबुद्धनगर में भी जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर कार्य कर चुके है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से यहां की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।

### भाजपा-बसपा के कई नेता लोकदल में शामिल



गाजियाबाद। भारतीय जनता पार्टी व बहुजन समाज पार्टी के कई नेताओं ने शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक दल में शामिल होने की घोषणा की। राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख तथा वर्तमान जिलाध्यक्ष अरुण भल्ला ने सभी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और स्वागत किया। अजय प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल पश्चिम उत्तर प्रदेश में लगातार मजबूती की ओर अग्रसर है। जिलाध्यक्ष अरुण भुल्लन ने बताया कि लोक दल लगातार मजबूत हो रही है और हर जाति धर्म वर्ग के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। राष्ट्रीय लोक दल के सदस्य ग्रहण करने वाले भाजपा नेता संदीप कुमार,विपुल चौधरी,रितिक यादव, अनिकेत चौधरी, सचिन चौधरी, राजीव चौधरी, रोहित,बसपा नेता राकेश यादव, अमित कुमार बाल्मीकि, जितेंद्र नागर, कपिल शर्मा, रोबिन पंडित, नौशाद अली, पवन यादव, चेतन शर्मा, नितिन चौहान प्रमुख थे।

### सपा कार्यकर्ता पर गुंडा एक्ट वापस लेने की मांग

गाजियाबाद। समाजवादी पार्टी के नेता पंडित जीतू शर्मा के खिलाफ पुलिस द्वारा गुंडा एक्ट की कार्रवाई के खिलाफ समाजवादी पार्टी के नेता अपर जिलाधिकारी नगर से मिले तथा नोटिस वापस लेने की मांग की। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी के नेतृत्व अनेक नेता में डीएम सिटी शैलेन्द्र सिंह से मिले तथा सपा नेता जीतू शर्मा को गुंडा एक्ट की नोटिस भेजने का विरोध दर्ज करा गुंडा एक्ट की नोटिस को रद्द करने की मांग की। राहुल चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में जन समस्या उठाना, सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करना धरना प्रदर्शन करना का अधिकार सबको है, लोकतंत्र में हम विपक्षी का धर्म बनता है कि सरकार को उचित मार्ग दिखाएं। मौके पर सुरेंद्र मुन्नी, मनमोहन झा गामा, हरीश चौधरी, मो. कल्लन, हिमांशु पराशर,एडवोकेट रमेश यादव, मधु चौधरी, कृष्णा यादव, ताहिर हुसैन, हरेंद्र कसाना, मनमोहन शर्मा, राहुल कुमार आदि दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दिल्ली-मेरठ रोडः अवैध कॉलोनियों को जीडीए ने किया ध्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले में अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माण को लेकर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। दिल्ली मेरठ रोड पर स्थित मुरादनगर मोदीनगर इलाके में विकसित की जा रही कई अवैध कॉलोनियों को जीडीए के सचल दस्ते ने जमींदोज कर दिया। इसके अलावा इन इलाकों में बन रही दर्जनों अवैध दुकानों को भी सील कर दिया गया।

यह कार्रवाई प्रवर्तन जॉन दो के प्रभारी विशेष अधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में की गई। विशेष अधिकारी ने बताया कि मुरादनगर के शाहपुर रोड ग्राम दुहाई में राजेंद्र व नवीन यादव द्वारा लगभग 20 हजार मीटर पर विकसित की जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया है।


अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करता हुआ जीडीए का दस्ता।

मोदीनगर के असालत नगर इलाके में महेश त्यागी द्वारा आठ हजार मीटर क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया है। मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट के सामने 35 सौ वर्ग मीटर जमीन पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी उसे भी ध्वस्त कर दिया गया है। एसआरएम यूनिवर्सिटी के सामने 9 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनाई जा रही अवैध सड़क को भी ध्वस्त कर दिया गया है। भिक्कनपुर रैपिड रेल डिपो के समीप भी कार्रवाई हुई।

### एक दर्जन निर्माण सील

हिंडन पार क्षेत्र के लगभग एक दर्जन अवैध निर्माणों को जीडीए के सचल दस्ते ने सील कर दिया। यह कार्रवाई प्रवर्तन जॉन 7 के दस्ते ने की। जीडीए सचिव संतोष कुमार राय ने आज शाम यहां बताया कि शालीमार गार्डन, राजेंद्र नगर सेक्टर 2 वृंदावन गार्डन वृंदावन गार्डन राधे श्याम पार्क मैन में आज लगभग एक दर्जन अवैध निर्माणों को प्रवर्तन जोन के दस्ते ने सील कर दिया।

# लेबर रूम में अब ऑक्सीजन की व्यवस्था होगीः डॉ. रेखा शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। हापुड़

जनपद के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसव के लिए के बनाए गए लेबर रूम्स में भी अब ऑक्सीजन की व्यवस्था होगी। सभी लेबर रूम में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर लगाए जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. रेखा शर्मा ने बताया कि जनपद में स्वास्थ्य विभाग के पास तीन सौ से अधिक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हो गए हैं। कोविड की तीसरी लहर यदि आती है तो जनपद में ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी। हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चार-चार ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा प्रसव के दौरान गर्भवती के लिए ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी लेबर रूम्स में भी ऑक्सीजन की व्यवस्था रहेगी। सीएमओ ने बताया जनपद में 203 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं और 108 अभी आने वाले हैं।

311 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध होने से आने वाले दिनों में जनपद में कहीं भी ऑक्सीजन की समस्या नहीं होगी।

### महिला कांस्टेबल की स्कूटी में मारी टक्कर

नोएडा। सेक्टर-121 स्थित क्लियो काउंटी के पास हुए हादसे में एक बुलेट सवार युवक ने महिला कांस्टेबल की स्कूटी में टक्कर मार दी।

हादसे में घायल महिला कांस्टेबल के हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। कोतवाली फेस-3 पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली फेज-3 प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि महिला कांस्टेबल सोनिया गश्त के बाद कोतवाली लौट रही थी। क्लियो काउंटी के पास पहुंचने पर एक बुलेट सवार युवक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। महिला कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे इलाज चल रहा है।

# कर अधीक्षक को आंख फोड़ने की धमकी, नहीं हो रही कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम मोहन नगर जोन के कर अधीक्षक बनारसी दास ने थाना साहिबाद पुलिस को तहरीर दी है।

तहरीर के मुताबिक दो कर्मचारी संपत्ति कर संबंधी कुछ पत्रावली पर गैर कानूनी ढंग से हस्ताक्षर कराना चाहते हैं।

कर अधीक्षक ने जब इन पत्रावली पर हस्ताक्षर के लिए मना कर दिया तो इन दोनों कर्मचारियों ने कर अधीक्षक की नाक कान और आंख फोड़ने की धमकी दे डाली। यही नहीं अपहरण की धमकी भी दी हुई है। इस तहरीर को दिए हुए 15 दिन हो गए हैं लेकिन पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं की।

जिन 2 कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत की गई है उनके नाम पवन शर्मा और रविंद्र कुमार है। साहिबाबाद पुलिस का कहना है कि इस मामले की विवेचना की जा रही है और बहुत जल्द ही विधिक कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो उक्त मामला विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# 15 माह बाद नोएडा में कोरोना का केस नहीं मिला

● महामारी की वजह से जिले में 466 लोगों की मौत हो चुकी है।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के निवासियों को करीब 15 महीने बाद कोरोना वायरस महामारी से बड़ी राहत मिली है। जिले में पिछले साल अप्रैल के बाद पहली बार संक्रमण के किसी नए मरीज की पुष्टि नहीं हुई। जबकि पिछले 24 घंटों में 3 मरीज ठीक होने के बाद अस्पतालों से डिस्चार्ज किए गए।

अब जनपद में सक्रिय मरीजों की संख्या सिर्फ 28 रह गई है। महामारी की वजह से नोएडा में 466 लोगों की मौत हो चुकी है। जारी रिपोर्ट के मुताबिक जिले में कुल 62674 लोग कोरोना वायरस से ठीक हो चुके हैं। इसके बाद जिला प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है।



गौतमबुद्ध नगर में पिछले साल 8 मार्च, 2020 को कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आया था। इसके बाद कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में उतार-चढ़ाव जारी रहा। पिछले साल मार्च-अप्रैल में महामारी की रफ्तार धीमी रही। कई दिन जनपद में नए मरीजों की संख्या शून्य रही। लेकिन मई 2020 से लेकर 21 जुलाई 2021 तक रोजाना नए मरीज मिलते रहे।

# डिजिटल शिक्षा को मिलेगा बल, छात्राओं को मिले टेबलेट

● महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सार्थक कदम होगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।

सामाजिक संस्था निर्माण ऑर्गेनाइजेशन और मल्टीनेशनल कंपनी कॉग्निजेंट ने नोएडा के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को टेबलेट और लैपटॉप वितरित किया।

नोएडा के सेक्टर-51 में स्थित होशियारपुर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 385 छात्राओं को टेबलेट और 13 अध्यापकों को लैपटॉप उपलब्ध वितरित किया गया। निर्माण ऑर्गेनाइजेशन ने हाल ही में कॉग्निजेंट के सीएसआर के जरिए ये सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया था।



छात्राओं को टेबलेट और लैपटॉप वितरित करते जिलाधिकारी सुहास एलवाई।

इसमें कहा गया था कि इससे गौतमबुद्ध नगर के स्कूलों में डिजिटल एजुकेशन को बल मिलेगा। साथ ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी यह कदम बेहद सार्थक होगा।

छात्राएं पढ़ेंगी तो आगे बढ़ेंगी। समाज में बराबरी का दर्जा हासिल कर पाएंगी। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने टेबलेट और लैपटॉप पात्रों को वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने स्कूली छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह दौर डिजिटल का है। इसलिए, डिजिटल स्किल डेवलपमेंट बेहद जरूरी है।

न सिर्फ रोजगार के लिहाज से, बल्कि समाज में बराबरी का मुकाम हासिल करने के लिए पढ़ाई जरूरी है। उन्होंने इस पहल के लिए निर्माण ऑर्गेनाइजेशन और कॉग्निजेंट कंपनी का धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि इससे जनपद के 385 स्कूली छात्राओं को डिजिटल एजुकेशन मिल सकेगा। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जीजीआईसी होशियारपुर के प्रधानाचार्य और संस्था तथा कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# फर्जी यूपीआई पिन नंबर बनाकर ठगी, 5 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साइबर सेल पुलिस ने शुक्रवार को ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो पैन कार्ड व डेबिट कार्ड का डाटा चुराकर उससे फर्जी यूपीआई पिन नंबर जनरेट कर क्रेडिट कार्ड व लोन दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस का दावा है कि यह लोग एनसीआर क्षेत्र में करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक नगर (प्रथम) निपुण अग्रवाल ने बताया कि साइबर सेल की टीम ने शुक्रवार को रामविहार बंथला निवासी राकेश व अजय कुमार को बन्थला फ्लाई ओवर चिरोड़ी रोड से गिरफ्तार किया है। इसके बाद राजेन्द्र नगर एम फॉर यू सिनेमा के पास से गोपाल व सागर निवासी रामविहार बन्थला लोनी तथा विक्की गुप्ता निवासी रूपनगर लोनी को गिरफ्तार किया है।



उन्होंने बताया कि इनके कब्जे से चार मोबाइल फोन, 20 डेटा पेपर शीट, तीन एटीएम कार्ड, दो पास बुक,2 मोहर, एक स्कूटी, एक मोटर साइकिल तथा 15 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 24 जुलाई, 2021



# मानसून सत्र तक जंतर-मंतर पर डटे रहेंगे किसान

## किसान संसद में एसकेएम का ऐलान, 13 अगस्त को ही समाप्त करेंगे विरोध प्रदर्शन

● शनिवार और रविवार नहीं लगेगी संसदः एसकेएम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


फोटोः रंजन डिमरी

मानसून मानसून सत्र खत्म होने तक समानांतर किसान संसद भी चलेगी। कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान यूनियनों के एक गुट संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने ऐलान किया कि संसद का मानसून सत्र अगर 13 अगस्त को समाप्त होगा तो जंतर-मंतर पर उनका विरोध-प्रदर्शन भी 13 अगस्त तक जारी रहेगा। हालांकि उपराज्यपाल ने 9 अगस्त तक ही धरने की अनुमति दी है लेकिन किसान नेताओं को भरोसा है कि दिल्ली पुलिस और एलजी उनके अनुरोध को स्वीकार कर 13 अगस्त तक प्रदर्शन की अनुमति दे देंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार और रविवार को किसान संसद नहीं चलेगी।

संसद में जारी मॉनसून सत्र के साथ-साथ जंतर-मंतर पर आयोजित किसान संसद शुक्रवार को दूसरे दिन भी चली किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अर्द्धसैनिक बल और पुलिसकर्मी प्रवेश द्वार पर भारी-भरकम अवरोधकों के साथ प्रदर्शन स्थल पर तैनात किए गए हैं। किसानों का विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा।

इस बीच कल की तरह शुक्रवार को किसानों के प्रदर्शन के कारण मध्य दिल्ली जाम से जूझी। खासकर विकास मार्ग, इंडिया गेट समेत लुटियन दिल्ली समेत कई प्रमुख मार्ग सुबह पीक ऑवर में जाम रहे। जाम में फंसे रहे लोग, प्रदर्शनकारियों को कोस रहे थे। किसानों ने किसान संसद का आयोजन सदन अध्यक्ष हरदेव अर्शी, उपाध्यक्ष जगतार सिंह बाजवा और कृषि मंत्री के साथ किया। किसान संसद में एक घंटे का प्रश्नकाल भी रखा गया था, जिसमें कृषि मंत्री पर सवालों की बौछार की गई, जिन्होंने केंद्र के नये कृषि कानूनों का बचाव करने की पुरजोर कोशिश की।

कल की बहस की निरंतरता में, आज की बहस एपीएमसी बाईपास अधिनियम पर केंद्रित थी। आज किसान संसद में कृषि मंत्री के इस्तीफे की भी घोषणा हुई। एपीएमसी बाईपास अधिनियम पर दो दिवसीय बहस के अंत में किसान संसद ने सर्वसम्मति से संकल्प प्रस्ताव पारित किया।

संकल्प प्रस्ताव उच्चतम न्यायालय द्वारा कार्यान्वयन को निलंबित करने से पहले जून 2020 से जनवरी 2021 तक एपीएमसी बाईपास अधिनियम के संचालन के प्रतिकूल अनुभव को संज्ञान में लेता है। इसमें शोषण और धोखाधड़ी के वजह से किसानों का करोड़ों रुपये का नुकसान, एपीएमसी लेनदेन में आई कमी, और बड़ी संख्या में मंडियों को हुए भारी नुकसान जो उन्हें बंद होने के कगार पर धकेल रही है, शामिल हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि किसानों को कम मंडियों की नहीं, बल्कि अधिक संख्या में मंडियों के परिचालन की आवश्यकता है। बाजवा ने मीडिया से बातचीत में कहा कृषि मंत्री सवालों के जवाब देने में नाकाम रहे। अगर सभी तीनों कृषि कानून किसानों के लिए बनाए गए हैं तो उन्हें रद्द करके और किसानों से विचार विमर्श करके दोबारा बनाया जाए।

## किसानों के साथ किए वादे भी याद करें केजरीवाल : भाजपा

**नई दिल्ली।** किसानों से किए गए वादों को लेकर भाजपा ने दिल्ली सरकार को घेरा है। पार्टी नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वादे करके भूल जाते हैं तो अदालत से उन्हें फटकार मिलती है। अब किसानों से किए वादों की भी उन्हें याद दिलाई जा रही है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार से मांग की है कि वह किसानों के साथ किए गए अपने वादों को पूरे करें।

नेता प्रतिपक्ष ने दिल्ली प्रदेश भाजपा के किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री ने दिल्ली के किसानों से कई वादे किए लेकिन उनमें से एक को भी पूरा नहीं किया। उनकी सरकार ने दावा किया था कि उसने किसानों को केंद्र द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य में 50 फीसदी इजाफे के साथ भुगतान शुरू कर दिया है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह घोषणा तीन साल पहले की गई थी। इस हिसाब से किसानों का 300 करोड़ रुपया बकाया बनता है। इसका फौरन भुगतान किया जाए। किसानों की मुआवजा राशि भी इस समय 53 लाख रुपए प्रति एकड़ है जिसे केजरीवाल सरकार ने 3 करोड़ रुपए करने का वादा किया था और अब तब तक यह वादा पूरा नहीं हुआ।बिधूड़ी ने कहा कि हरियाणा, पंजाब की तरह दिल्ली में ट्यूबवैल के लिए मुफ्त बिजली का वादा, वर्ष 2020 तक गांव की आबादी को नियमित करने और ट्रैक्टर को व्यवसायिक वाहन से हटाकर कृषि उपकरण के रूप में मान्यता देने का वादा भी केजरीवाल भूल गए हैं। दिल्ली में किसानों को ट्रैक्टर, ट्यूबवैल, पानी की लाइन, खाद और न ही कृषि उपकरणों खरीदने पर कोई सब्सिडी दी है।

## लेखी की टिप्पणी पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की युवा इकाई ने केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी के किसानों को लेकर कथित तौर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की। संगठन ने लेखी के बयान के खिलाफ प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि मीनाक्षी लेखी द्वारा देश के अन्नदाताओं के प्रति की गई टिप्पणी अत्यंत ही निंदनीय है। यह इनकी घटिया सोच एवं किसान भाइयों के प्रति मानसिकता को दर्शाती है। किसान 'मवाली' नहीं, देश के रखवाले हैं। लेखी दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे किसानों के बीच जाकर उनसे मांगी मांगें। लेखी नेप्रदर्शनकारी किसानों को लेकर पूछे गए एक सवाल पर 'मवाली' शब्द का इस्तेमाल किया था, हालांकि बाद में उन्होंने अपने शब्द वापस लिए और कहा कि उनकी बात को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है।


युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए। फोटोः रंजन डिमरी

## दिल्ली सरकार ने उत्तरी नगर निगम को दिए 293 करोड़

● कर्मचारियों को वेतन देने में आ रही दिक्कत होगी दूर : जैन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आर्थिक तंगी से जूझ रही उत्तरी दिल्ली नगर निगम के लिए बड़ी राहत मिली है। दिल्ली सरकार ने उत्तरी निगम को एडवांस में 293 करोड़ रुपये दिये हैं ताकि वह अपने कर्मचारियों को वेतन दे सके। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि वह आशा करते हैं कि एमसीडी अपने कर्मचारियों को जल्द से जल्द वेतन देगी।

उत्तरी निगम में कार्यरत कर्मचारी और पेंशनधारियों की लंबे समय से शिकायत रही है कि उन्हें समय से वेतन नहीं मिलता है। इस मुद्दे को लेकर कई बार कर्मचारियों ने सिविक सेंटर पर प्रदर्शन भी किया है। इस बार भी निगम के कर्मचारियों और पेंशनरों को समय से सैलरी नहीं मिल रही थी, जिसके बाद कर्मचारियों की परेशानियों को देखते हुए दिल्ली सरकार ने एनडीएमसी को एडवांस के रूप में 293 करोड़ रुपये की धनराशि दी है।

सत्येंद्र जैन ने संवाददाता सम्मेलन में शुक्रवार को बताया कि केजरीवाल सरकार ने ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों की जांच के लिए कमेटी बनाई थी। इसके जरिए मृतकों के परिवारों को 5 लाख रुपए मुआवजा भी मिलता। दिल्ली सरकार ने 27 मई को कमेटी बनाई थी, जिसे केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल के माध्यम से 31 मई को भंग कर दिया। जैन ने केंद्रीय मंत्री द्वारा किसानों को मवाली कहने के मामले पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## दिल्ली दंगा : इशरत जहां ने फिर से मांगी जमानत

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार कांग्रेस की पूर्व पार्षद इशरत जहां ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में शुक्रवार को अदालत से जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया।

इशरत की ओर से पेश हुए वकील प्रदीप तेवतिया ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत के समक्ष दलील दी कि पुलिस की मंशा झूठे तरीके से फंसाना था। जांच एजेंसी के पास यह दिखाने के लिए एक भी सबूत नहीं है यह षडयंत्र है। अभियोजन के उन आरोपों पर भी आपत्ति जतायी कि इशरत ने प्रदर्शन और हिंसा के वित्त पोषण में मदद की और अदालत में उनकी वित्तीय लेनदेन की जानकारियां रखीं।

## कोर्ट ने ताहिर की याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की याचिका पर शुक्रवार को पुलिस से जवाब मांगा जिसमें आरोप पत्र में उनके खिलाफ लगाए आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित यूएपीए के प्रावधानों को रद्द करने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता ने याचिका पर केंद्र, दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को भी नोटिस जारी किए। याचिका में उन पर मुकदमा चलाने के लिए दी गयी मंजूरी को भी चुनौती दी गयी है। अदालत ने कहा कि प्राधिकारी चार हफ्तों के भीतर स्थिति रिपोर्ट दायर करें और उसने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 28 सितंबर की तारीख तय कर दी।

## संक्षिप्त समाचार


मेयर मुकेश सुर्यान क्षेत्र का निरीक्षण करते।

### मेयर ने मोहन गार्डन, सैनिक एंक्लेव का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** महापौर मुकेश सुर्यान ने शुक्रवार को अतिरिक्त आयुक्त रमेश वर्मा व पश्चिमी जोन की अध्यक्षा श्वेता सैनी के साथ पश्चिमी जोन के मोहन गार्डन और सैनिक एन्कलेव वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनो वार्ड़ की विभिन्न कॉलोनियों और गलियों में जाकर निगम द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उपायुक्त राहुल सिंह, स्थानीय पार्षद श्याम मिश्रा, व निगम के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित थे। महापौर ने कहा कि वे मेयर ऑन व्हील्स लगातार निगम क्षेत्रों का दौरा कर रहे है और निगम सुविधाओं में सुधार करने का प्रयास कर रहे है।

### ट्रैक बिछाने का कार्य तेज, रेलवे लाइन स्थानान्तरित

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने मालगाड़ी के लिए ट्रैक विछाने का काम तेज कर दिया है। अंबाला मंडल ने डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन द्वारा बिछाई जाने वाली रेल लाइनों के लिए अपनी अप और डाउन रेल लाइनों के कुछ हिस्से को स्थाई रूप से स्थानान्तरित कर दिया है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने बताया कि दो किलोमीटर रेल लाइन के हिस्से को उसके मूल स्थान से हटाकर अम्बाला-सहारनपुर खंड के मुस्तफाबाद-दराजपुर स्टेशनों के बीच एक नए स्थान पर ले जाया गया है। डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन द्वारा बिछाये जाने वाले रेल मार्ग को रास्ता देने के लिए ऐसा किया गया है। ट्रैक के पूरा हो जाने के बाद ईस्टर्न डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर पर तेज गति की माल गाड़ियों का परिचालन किया जाएगा। नई अप और डाउन कट कनेक्शन लाइनें रिकार्ड समय में बिछा दी गई हैं। इस सेक्शन पर दो बड़े नए पुल भी बनाए गए हैं। संरक्षा निरीक्षण के बाद इस लाइन को रेलगाड़ियों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है।

### कोरोना जागरूकता सप्ताह मनाया

**नई दिल्ली।** प्रयोगशाला तकनीशियनों द्वारा देश के समस्त अस्पतालों में 17 जुलाई से 23 जुलाई तक नैशनल मैडिकल लैबोरेटरी प्रोफेशनल वीक पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दिल्ली स्थित ईइसएसआई अस्पताल में इस सप्ताह को कोरोना जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में अस्पताल परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन डॉ. दीपिका गोविल, चिकित्सा अधीक्षक; डॉ. संजय कुमार मिश्र, अपर चिकित्सा अधीक्षक; डॉ अनीता मित्तल, प्रभारी रक्त केंद्र ने किया। अस्पताल की सभी प्रयोगशालाओं के विभागाध्यक्षों एवं सभी प्रयोगशाला तकनीशियन और आल इंडिया एसिक मैडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन के प्रधान सुनील सरकनिया, संयुक्त सचिव इंद्राणी कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य किशोर करकटा और विनेश मेश्राम उपस्थित रहे।

### पूर्व मुख्य इंजीनियरों समेत 32 विशेषज्ञ भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** भाजपा के कुनबे में पांच पूर्व मुख्य इंजीनियर समेत 32 तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हो गए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने इन सभी को पार्टी में शामिल करते कर भरोसा जताया कि ये सभी देश और समाज के हित में पार्टी की नीतियों के अनुरुप समाज सेवा करेंगे। उन्होंने दावा किया कि यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में टेक्नोक्रेट्स ने भाजपा में दामन थामकर जनसेवा करने का फैसला किया है। आदेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा में ऐसे प्रबुद्ध लोगों का स्वागत है जो इसकी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना काल में सीमित संसाधनों के बाद भी जिस तरह काम करते हुए देश में विकास को गति दी है।

## कोविड नियमों के उल्लंघन पर तिलक नगर बाजार 27 तक बंद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के तिलक नगर इलाके में कोविड-19 के नियमों के उल्लंघन के कारण उपमंडल अधिकारी ने क्षेत्र के कई बाजारों को 27 जुलाई तक बंद कर दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पटेल नगर के उपमंडल अधिकारी जितेंद्र सिंह ने दुकानदारों और उपभोक्ताओं द्वारा कोविड-19 के नियमों का पालन नहीं करने से संबंधी सूचना मिलने के बाद गुरुवार को तिलक नगर के बाजार को बंद करने का आदेश दिया था जिसमें माल रोड, मुख्य बाजार, मंगल बाजार रोड, पुराना बाजार और फलों की मंडी आदि इलाके शामिल हैं।

आदेश में कहा गया कि ऐसी सूचना है कि बाजार में आम लोग/दुकानदार कोविड-19 के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं जिससे संक्रमण दर बढ़ सकती है। आदेश में यह भी कहा गया कि तिलक नगर के थाना प्रभारी से अतिरिक्त रिपोर्ट मिली है जिसमें बताया गया है कि डीडीएमए के निर्देशों/कोविड नियमों का तिलक नगर बाजारों में पालन नहीं किया।

## संपत्ति कर 31 तक जमा करें सभी कार्यालय खुलेंगे

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति कर समय पर जमा करने पर 15 फीसदी छूट देने का ऐलान किया है।

टीका लगवाने वाले रिहायशी संपत्ति मालिकों को 3 प्रतिशत की अतिरिक्त विशेष छूट भी देगा। निगम के सभी संपत्ति-कर कार्यालय जुलाई में हर शनिवार और रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 5.30 तक खुले रहेंगे। संपत्ति कर जमा करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। स्थायी समिति के अध्यक्ष कर्नल बीके ओबरॉय ने बताया कि यह निर्णय लिया कि संपत्ति करदाता केवल ऑनलाइन माध्यम से संपत्तिकर भुगतान कर सकेंगे।

## मेट्रो स्टेशनों पर बने ओलंपिक 'सेल्फी प्वाइंट'


● टोक्यो ओलंपिक में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए यात्री अपने परिवार के साथ ले सकते हैं सेल्फी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक में भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए दिल्ली मेट्रो ने राजीव चौक और जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम सहित अपने प्रमुख स्टेशनों पर कई 'सेल्फी प्वाइंट' स्थापित किए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। टोक्यो ओलंपिक में 56 महिला खिलाड़ियों सहित भारत के 127 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो अब तक की सबसे बड़ी भारतीय ओलंपिक टीम है।

इसके साथ ही ओलंपिक दल में भारत से अब तक सर्वाधिक महिला खिलाड़ी भाग ले रही हैं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने ट्वीट किया कि टोक्यो ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के समर्थन का संकल्प लेते हैं, डीएमआरसी ने कई प्रमुख स्टेशनों पर 'सेल्फी प्वाइंट' स्थापित किए हैं। अनेक उत्साही लोग हमारे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने में राष्ट्र के साथ खड़े हैं। इसने कुछ 'सेल्फी प्वाइंट' पर कुछ यात्रियों के तस्वीरें लेने की तस्वीरें भी साझा कीं।

इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि जिन स्टेशनों पर 'सेल्फी प्वाइंट' स्थापित किए गए हैं, उनमें राजीव चौक, बाराखंबा रोड, केंद्रीय सचिवालय, कश्मीरी गेट, मंडी हाउस, कीर्ति नगर, इंद्रलोक, आनंद विहार, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा स्टेशन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि खेल के आगे बढ़ने के साथ ही अन्य स्टेशनों पर भी 'सेल्फी प्वाइंट' स्थापित किए जा सकते हैं।



# फ्लैट का कब्जा देने में देरी पर एम्मार कंपनी को मुआवजा देने के आदेश

## हरेरा ने इस मामले में सुनवाई करते हुए दिया है आदेश

## एम्मार गुड़गांव ग्रीन्स रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाई खुशी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में एम्मार कंपनी द्वारा फ्लैट देने में देरी पर कंपनी को हरेरा द्वारा जुर्माना लगाए जाने की खुशी मनाते खरीदार।

**सेक्टर**-102 स्थित एम्मार गुड़गांव ग्रीन्स के खरीदारों की एम्मार इंडिया लिमिटेड पर बड़ी जीत हुई है। हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (हरेरा) में गुड़गांव ग्रीन्स सोसायटी के 38 केस फैसले के लिए सूचीबद्ध थे। हरेरा कोर्ट ने एम्मार इंडिया लिमिटेड कंपनी को इन सभी शिकायतों का निपटारा करने का आदेश देते हुए कंपनी को फ्लैट आवंटित करने में देरी पर मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। एम्मार गुड़गांव ग्रीन्स के खरीददारों की तरफ से अधिवक्ता जगदीप कुमार श्योराण ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि एमआर गुड़गांव ग्रीन्स सेक्टर-102, द्वारका एक्सप्रेस, गुरुग्राम के रेजीडेंट्स का पक्ष रखते हुए हमने विश्व की नामी कंपनी एम्मार के विरुद्ध अभूतपूर्व विजय हासिल की है। उन्होंने बताया कि लगभग सभी मामले उन लोगों के थे, जिन्होंने 2018 में दो से तीन साल की देरी से बिल्डर द्वारा कब्जा दिया था। बिल्डर द्वारा दिए गए हर्जाने से वो सन्तुष्ट नहीं थे। कुछ वो लोग भी थे, जिन्होंने मूल खरीदार से मकान खरीदा और बिल्डर द्वारा मकान बनाने में देरी के बावजूद ऐसे मकान खरीदारों को कोई हर्जाना नहीं दिया गया।

हरियाणा रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (हरेरा) गुरुग्राम द्वारा दिया गया फैसला अभूतपूर्व है। सभी मकान खरीदार हर्जाने के हकदार हैं। संदीप फोगाट ने बताया कि वो बहुत लम्बे समय से बिल्डर के साथ संघर्ष कर रहे थे। आज का फैसला बहुत बड़ी जीत है। इस जीत पर लोगों ने खुशी भी मनाई।

# युवक की संदिग्ध हालत में मौत, जोहड़ में मिला शव



पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के वार्ड 18 निवासी किशोर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। किशोर जिला नूंह के गांव पीपाका में जोहड़ के अंदर मृत मिला। युवक गुरुवार को अपने दोस्तों के साथ घर से गया था।

बिहार मूलरूप निवासी नितेश उर्फ मुरारी पुत्र रामजीत सिंह गुरुवार को अपने चार दोस्तों के साथ घर से गया था। नितेश जब देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने इसकी शिकायत सिटी पुलिस चौकी में की। शिकायत मिलने पर पुलिस ने नितेश उर्फ़मुरारी की तलाश शुरू। करीब दो घंटे में पुलिस मृत के मोबाइल फोन की लुकेशन से नूंह जिला के गांव पीपाका में पहुंच गई। नितेश उर्फ़ मुरारी का शव जोहड़ में तैरता हुआ मिला। शुक्रवार सुबह घटना स्थल पर पहुंची तावडू थाना पुलिस ने जोहड़ में से मृतक नितेश उर्फ़ मुरारी का शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### पुलिस जुटी मौत का राज जानने में

**सोहना** सिटी थाना पुलिस मृतक नितेश उर्फ़ मुरारी की मौत का राज जानने में जुट गई है। क्योंकि जिस जोहड़ में मृतक का शव मिला था। वहा पर उसके कपड़े नहीं मिले हैं। सिटी चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया पुलिस उन युवकों की पहचान कर रही है। जिनके साथ नितेश उर्फ़ मुरारी घर से गया था। ताकि नितेश उर्फ़ मुरारी की मौत होने का खुलाशा हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### गवर्नर को पुलिस के जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर



**गुरुग्राम।** हरियाणा के नवनियुक्त गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय पदभार ग्रहण करने के बाद जिला गुरुग्राम में पहली बार पहुंचे। उन्हें यहां पीडब्ल्यूडी लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राज्यपाल का शुक्रवार को दिल्ली में राष्ट्रपति से मुलाकात करने का कार्यक्रम था। इसके तहत रात्रि ठहराव के लिए वे गुरुवार को देर सांय गुरुग्राम के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह पहुंचे थे। गुरुग्राम आगमन पर जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद, भाजपा जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पुलिस आयुक्त केके राव, अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और डीसीपी दीपक सहारण भी उपस्थित रहे। गुरुवार को महामहिम के गुरुग्राम आगमन के संबंध में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देने के लिए हरियाणा पुलिस की टुकड़ी द्वारा पूरी तैयारियां की गई थी। राज्यपाल चूंकि सूर्यास्त के बाद गुरुग्राम पहुंचे थे, इसलिए यह कार्यक्रम शुक्रवार सुबह तक टाल दिया गया था। गुरुवार को राज्यपाल के रात्रि ठहराव के दौरान गुरुग्राम के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। शुक्रवार सुबह गार्ड ऑफ ऑनर के उपरांत राज्यपाल अपने आगामी कार्यक्रम के तहत दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गए।

### अर्शप्रीत सिंह बने हरियाणा राज्य के रनर अप चैस चैंपियन



**गुरुग्राम।** हरियाणा शतरंज संघ द्वारा ओपन वर्ग में करवाई गई ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता में गुरुग्राम के 12 वर्षीय एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अर्शप्रीत सिंह बने हरियाणा राज्य के रनर अप विजेता। दो दिन चलने वाली वर्ग की प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 जुलाई को किया गया। यह प्रतियोगिता छह चक्रों में राउंड स्विस लीग आधार में खेली गई। प्रतियोगिता के आधार पर अगले सप्ताह होने वाली नेशनल सीनियर ओपन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अर्शप्रीत सिंह हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। मार्च 2021 में आयोजित हुई गुरुग्राम सीनियर ओपेन चेस चैम्पियनशिप के विजेता अर्शप्रीत सिंह ही थे। वह गुरुग्राम का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। खेल का बखूबी प्रदर्शन करते हुए गुरुग्राम का नाम रोशन किया। इस मौके पर गुरुग्राम चैस एसोसिएशन के सचिव राजपाल चौहान ने अर्शप्रीत सिंह और उनके माता पिता को बधाई दी। नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

### ट्रक चालक से मारपीट कर 20 हजार रुपये लूटे

**पलवल।** हथीन थाना इलाका स्थित एक ट्रक चालक का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट करने व उसके साथ लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में एक नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार यूपी जिला गौतमबुद्ध नगर मंहदीपुर निवासी जावेद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह ट्रक पर चालक का काम करता है। 21 जुलाई को पलवल के गांव धीरंकी रोड पर कुछ युवकों ने उसका रास्ता रोककर ट्रक को रुकवाया और उसके साथ मारपीट कर उससे 20 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस ने मामले में शिकायत के आधार पर सलीम सहित पांच-छह अन्यों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बैंक कर्मचारी से मारपीट

**पलवल।** चांदहट थाना इलाका स्थित कॉपरेटिव बैंक कर्मचारी के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में एक नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गांव घोड़ी निवासी कर्मवीर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह कॉपरेटिव बैंक में कर्मचारी है। पांच जुलाई को उसके साथ व उसकी टीम के साथ गांव निवासी विक्रम ने मारपीट की सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का काम किया है। पुलिस ने मामले में शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**पलवल।** मुंडकटी थाना इलाका स्थित सड़क हादसे में एक की मौत हो गई। आरोपी वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गांव लाहिना निवासी समय ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 21 जुलाई को उसके पिता बीधूराम किसी काम से कहीं गए हुए थे। रास्ते में उनको किसी वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके पिता गंभीर तौर पर घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### किशोरी से छेड़छाड़, दी जान से मारने की धमकी

**पलवल।** एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़खानी करने व उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार एक 15 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसके पड़ोस में कुछ शरारती किस्म के लड़के रहते हैं वो उसे रास्ते में आते-जाते छेड़ते हैं। सात जुलाई को वह अपनी चाची के साथ सब्जी लेने के लिए जा रही थी तो रास्ते में युवकों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के चलते प्रशासन तैयारियों में जुटा

## उपायुक्त ने की सिविल डिफेंस तथा सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा संस्था के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**गुरुग्राम।** कोरोना की तीसरी लहर आने की आशंका के चलते इस लहर से निपटने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उपायुक्त डा. यश गर्ग ने शुक्रवार को सिविल डिफेंस तथा सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा नामक संस्था के प्रतिनिधियों के साथ इस लहर से निपटने को लेकर बैठक की। बैठक में संस्था के प्रतिनिधि ने कहा कि जिले में उनकी संस्था से जुड़े लगभग 2 हजार डॉक्टर सेवाएं देने को तैयार हैं।

उपायुक्त ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के चलते जरूरी है कि जिला प्रशासन द्वारा समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि जरूरत अनुरूप लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि हमें समय रहते अपनी सभी तैयारियां ग्राउंड लेवल पर पूरी करनी होगी जिसमें जिला की सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं को एकजुटता के साथ काम करना होगा। उपायुक्त ने कहा कि यदि महामारी की कोई और लहर आती है तो उसके बेहतर प्रबंधन व स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर संस्था के सभी डॉक्टरों को स्वास्थ्य विभाग प्रशिक्षित करें। इसके उपरांत इन डॉक्टरों से जरूरत अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं ली जाएंगी। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सिविल डिफेंस की डिप्टी कंट्रोलर एवं गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चैधरी से कहा कि सिविल डिफेंस द्वारा कोरोना की दूसरी लहर के दौरान अच्छा कार्य किया गया। अब सिविल डिफेंस के वालंटियर बढ़ाने की जरूरत है। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में जिला में सिविल डिफेंस के 850 वालंटियर हैं।

# बारिश से बर्बाद फसलों के मुआवजे को किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


खंड फर्रुखनगर में बरसात से खराब हुई फसलों का निरीक्षण करते अधिकारी।

## किसानों ने सरकार से की 40 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग

**क्षेत्र** में हुई मूसलाधार बरसात के चलते बाजरा, कपास, ज्वार, सब्जी आदि की फसल जल भराव के कारण नष्ट होने से क्षेत्र के किसानों ने नष्ट हुई फसलों का मौका मुआयना करने के एसडीएम पटौदी प्रदीप कुमार के आदेशानुसार नायब तहसीलदार रणसिंह गौदारा, कानूनगो बीर सिंह, हल्का पटवारी सिद्धार्थ, मंजीत, अनिल कुमार, सरपंच विनोद वाल्मीकि खुर्रमपुर आदि के साथ खण्ड के दो दर्जन गांवों का दौरा किया।

नायब तहसीलदार रणसिंह गौदारा ने पीड़ित किसानों को आश्वासन देते हुए हल्का पटवारियों व गिरदावर को मौका रिपोर्ट तैयार करके जल्द सौंपने के आदेश दिए। बतां दे कि गुरुवार को बरसात के जलभराव के कारण नष्ट हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर दर्जनों किसानों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम नायब तहसीलदार फर्रूखनगर रणसिंह गौदारा को खुर्रमपुर के सरपंच विनोद वाल्मीकि की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में सरपंच विनोद वाल्मीकि खुर्रमपुर, विजयपाल नम्बरदार, सुरेन्द्र नम्बरदार, प्रहलाद यादव, रमेश नम्बरदार जोनियावास, जितेन्द्र, मोनू, अत्तर सिंह, रामफल, राजू, रविन्द्र, राजकुमार, जगरूप सिंह पंच, राव सुरेन्द्र सिंह, हरकेश खेड़ा आदि किसानों ने बताया कि 19 जुलाई को हुई भारी बरसात के कारण व पटौदी, मानेसर आदि क्षेत्र से आये तेज भाव से बरसाती पानी के कारण खुर्रमपुर, खुर्रमपुर खेड़ा, गढ़ी नत्थे खां, मुशैदपुर, डूमा हरीनगर, अलीमुद्दीनपुर, पालडी, महचाना, महचाना ढाणी, फरीदपुर, कारौला, राजुपुर, गुगाना, बिरहेड़ा, शेखुपुर माजरी, जराऊ सुंदरपुर, डाबोदा, ढाणी रामजी लाल, बसुंडा, तिरपड़ी, खंडेवला, जाटौला, फाजिलपुर बादली, ताजनगर, जोनियावास, ख्वासपुर, बावडा बाकीपुर, जुडौला आदि गांवों में किसानों की कपास, बाजरा, धान, ज्वार, सब्जी, फूल की खेती जलभराव के कारण नष्ट हो गई है। फसल नष्ट होने किसानों का भारी नुकसान हुआ है। किसानों की कोरोना के चलते पहले ही आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। ऊपर से भारी बरसात ने उनकी कमर तोड़ दी है।

किसानों ने सरकार से नष्ट हुई फसलों की गिरदावरी करवाकर 40 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस बार सरकार द्वारा चिन्हित बीमा कम्पनियों द्वारा फसलों का बीमा भी नहीं किया है। जिसके चलते किसान नष्ट हुई फसल को लेकर परेशान है। नायब तहसीलदार ने कहा कि जल्द ही सरकार को रिपोर्ट तैयार करके भेज दी जाएगी।

### लिफ्ट देकर स्कूटी सवार ने महिला को लूटा

**पलवल।** महिला को धोखे से स्कूटी पर बैठाकर ले जाते समय रास्ते में लूट लिया। महिला के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अभी तक आरोपी का सुराग नहीं मिला है। कैंप थाना पुलिस इंचार्ज सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार देशवाल ने बताया कि गांव बामनीखेडा निवासी मदन मोहन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 22 जुलाई को दोपहर बाद ढाई-तीन बजे के बीच मेरी माता ज्ञानवती बल्लभगढ़ से बस बैठकर पलवल आई। पलवल से गांव जाने के लिए बस स्टेंड के नजदीक खड़ी थी।

उसी दौरान एक लड़का स्कूटी पर आया और अपनी पहचान गांव बामनीखेडा निवासी बिजेन्द्र के बेटे के तौर पर कराई। लड़के ने अपना मुंह पर गमछा बांधा हुआ था। लड़के ने गांव जाने की बात कहते हुए महिला को बैठा लिया और रास्ते में रसूलपुर मोड़ के नजदीक उतार दिया और बैग लूटकर फरार हो गया। बैग में 10 जोड़ी साड़ी और 15 सौ रुपये नकद थे। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आमजन तक पहुंचाएं सरकारी योजनाएं : खत्री


सोहना में कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं भाजपा जिला महिला मंडल प्रधान सुन्दरी खत्री।

**सोहना।** केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनओं के विषय में महिला कार्यकर्ता आमजन तक जानकारी पहुंचाएं। जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति-परिवार को मिल सके। यह बात भाजपा महिला मंडल जिला अध्यक्ष सुन्दरी खत्री ने कही।

गुरुवार को सोहना भाजपा मंडल की नवनियुक्त अध्यक्ष बिमला राघव ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया। जिला महिला मंडल मोर्चा अध्यक्ष सुन्दरी खत्री की अध्यक्षता में घोषणा की गई। सुंदरी खत्री ने सोहना मंडल में शामिल महिलाओं के कार्य की सराहना करते हुए प्रधान की भूमिका को अहम दायित्व दिया। खत्री ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी राजनीति में भी होनी चाहिए। आज महिलाओं को 50 फीसदी का अधिकार है। उन्होंने मौजूद महिलाओं को भाजपा की जनकल्याण की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। ताकि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच सके।

### किसे क्या मिला पद

**महिला** मंडल प्रधान बिमला राघव द्वारा गठित कार्यकारिणी में निर्मला देवी महामंत्री व रेखा राघव। उपाध्यक्ष सोनिया जैन, सरोज शर्मा, अलका छौकर व रेखा देवी। सचिव मीना सैनी, प्रभा देवी, इंदू बाला, निर्मल व शोभा देवी। कोषाध्यक्ष ज्योति अरोड़ा, मीडिया प्रभारी रजनी देवी, शह मीडिया प्रभारी अमरवती देवी। इट सेल प्रमुख प्रभा रानी। कार्यकारिणी सदस्य में रीटा अग्रवाल, राजरानी व अर्चना को शामिल किया है।

# एडवांस कॉलेज में स्थापना दिवस पर वैक्सीनेशन, लगाए पौधे

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**राष्ट्रीय** राजमार्ग स्थित एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीटूशन्स के प्रांगण में संस्थान स्थापना के 15 वर्ष परे होने पर वैक्सीन कैंप और संस्थान के प्रेरणास्रोत विनय गुप्ता की पुण्य स्मृति में पौधारोपण समारोह का आयोजन किया। संस्थान की समस्त कार्यकारिणी परिषद ने विनय गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के नवनियुक्त चेयरमैन संजीव चंद्रा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पलवल एवं मुख्य अतिथि दीपक मंगला, विशिष्ट अतिथि डॉ. ब्रह्मदीप मुख्य चिकित्सा अधिकारी पलवल, दिनेश अग्रवाल सचिव अग्रवाल पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ एवं संस्थान कार्यकारिणी परिषद के सदस्यों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। संस्थान के चेयरमैन संजीव चंद्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीकों और नये पाठ्यक्रमों को शामिल करके रोजगारपरक शिक्षा देने के लिए संस्थान हमेशा तत्पर रहेगा इसके लिए संस्थान में नये पाठ्यक्रम जैसे की बीबीए और बीसीए भी शामिल किये है। इसी के साथ अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब्स आदि भी बनवा रहे हैं। केवल पढ़ाई ही नहीं अपितु विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों, अतिरिक्त पठ्योत्तर गतिविधियों को लेकर भी संस्थान हमेशा प्रयासरत है।

संस्थान के कोषाध्यक्ष राजीव मंगला ने कहा कि एक शिक्षण संस्थान होने के नाते हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम समाज के हर पहल से सरोकार रखते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में इन दोनों विषयों के बारे में जागरूक करें।

संस्थान के सचिव एवं विनय गुप्ता के पुत्र तपेश गुप्ता ने अपने पूजनीय पिताजी के सपनों को पूरा करने का संकल्प किया और कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को सुधरने का जो सपनाश्री विनय गुप्ता ने देखा था वो उसे पूरा करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेगे। इस अवसर पर सभी प्रधानाचार्य संस्थान में कार्यरत कर्मचारी एवं विदयार्थी उपस्थित रहे।

# कॉग्निजैंट ने हरियाणा के सरकारी स्कूलों में एक करोड़ रुपये के टैबलेट और लैपटॉप दान किए

## डिजिटल अंतर को दूर करने एवं वंचित विद्यार्थियों के अध्ययन में मदद करने के लिए निर्माण ऑर्गेनाइजेशन के साथ साझेदारी की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**शुक्रवार** को कॉग्निजैंट ने हरियाणा में गुरुग्राम के जैकबपुरा के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित एक समारोह में सरकारी स्कूलों को 609 टैबलेट्स एवं 20 इंटरनेट इनेबल्ड लैपटॉप दान किए। गुरुग्राम के डिप्टी कमिश्नर, आईएएस, यश गर्ग भी मौजूद थे। एनसीआर में यह वितरण अभियान कॉग्निजैंट के देशव्यापी 'डिजिटल स्कूल्स' अभियान का हिस्सा है, जो निर्माण संगठन के साथ साझेदारी में क्रियान्वित किया जा रहा है।

हरियाणा में यह अभियान क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 एवं 10 के 609 से ज्यादा विद्यार्थियों और 25 से ज्यादा स्कूली टीचर्स को लाभान्वित करेगा। कॉग्निजैंट ने इन डिवाइसेस के लिए 1.08 करोड़ रुपये से ज्यादा योगदान दिया है। कॉग्निजैंट द्वारा लॉन्च किए गए 'डिजिटल स्कूल्स' अभियान का उद्देश्य डिजिटल अंतर को दूर करना एवं सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को शिक्षा की उपलब्धता प्रदान करना है। इस समारोह में बोलते हुए मुकुंद गर्ग, वाईस प्रेसिडेंट एवं सेंटर हेड, एनसीआर, कॉग्निजैंट ने कहा, हमारा संगठन सामाजिक प्रगति और परिवर्तन के लिए शिक्षा की शक्ति में यकीन करता है। इसलिए कॉग्निजैंट शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल समावेशन लाने के लिए काम करता रहेगा। डिजिटल स्कूल्स अभियान यह सुनिश्चित करने का हमारा एक प्रयास है कि वंचित समुदायों को शिक्षा देने वाले ग्रामीण स्कूल कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न संकटों व डिजिटल असमानताओं का सामना कर सकें तथा शिक्षा देना जारी रख सकें।

कॉग्निजैंट की ओर से, मैं राज्य, जिले एवं स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद देता हूं। मैं अपने क्रियान्वयन पार्टनर, निर्माण संगठन का उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। कंपनी के कर्मचारियों पर केंद्रित कार्यकर्ता कार्यक्रम, कॉग्निजैंट आउटरीच एवं निर्माण के कार्यकर्ता डिवाईसेस के प्रभावशाली इस्तेमाल द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम चलाएंगे और शिक्षा के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए उनके इस्तेमाल को बढ़ावा देंगे। कार्यकर्ता फैकल्टी के सदस्यों के लिए भी प्रशिक्षण चलाएंगे और उन्हें डिजिटल कौशल एवं तकनीकों द्वारा सशक्त बनाएंगे ताकि विद्यार्थियों की संलग्नता बढ़कर अध्ययन के बेहतर परिणाम मिलें। कॉग्निजैंट के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए मयूर पटनाला, सीईओ, निर्माण ऑर्गेनाईज़ेशन ने कहा, डिजिटल स्कूल प्रोग्राम के लिए कॉग्निजैंट के सहयोग व पार्टनरशिप ने वंचित विद्यार्थियों की शिक्षा पर महामारी के प्रभाव को कम करने में मदद की। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि बच्चों की शिक्षा रुके नहीं।

डिजिटल स्कूल्स अभियान के तहत, कॉग्निजैंट छह राज्यों के नौ शहरों में 6.7 करोड़ रुपये की लागत से इंटरनेट युक्त 3,730 टेबलेट्स एवं 188 लैपटॉप का दान करेगा। निर्माण ऑर्गेनाईजेशन एवं सीबीएम इंडिया ट्रस्ट (दोनों गैरलाभकारी) को क्रियान्वयन पार्टनर बनायाा। यह परियोजना अगले एक साल में चरणबद्ध रूप से तेलंगाना, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र में निर्माण द्वारा एवं कोलकाता में सीबीएम इंडिया ट्रस्ट द्वारा क्रियान्वित की जाएगी। डिवाइस का वितरण इस साल चार चरणों में किया जाएगा। पहले चरण का वितरण तेलंगाना एवं कर्नाटक में पूरा किय गया, जिसमें अप्रैल, 2021 में 500 टैबलेट एवं 40 लैपटॉप वितरित किए और दूसरा चरण एनसीआर एवं महाराष्ट्र में पूरा किया, जिसमें जुलाई, 2021 में वंचित विद्यार्थियों को 1980 टैबलेट एवं 80 लैपटॉप वितरित किए। अगले माह, तीसरे व चौथे चरण के वितरण अभियानों में क्रमश: पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और कर्नाटक शामिल होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों में बीआर सीकरी, उपाध्यक्ष, हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट, शील कुमारी, खंड शिक्षा अधिकारी, गुरुग्राम, अनुराधा पुला, प्रोग्राम सीओओ, निर्माण आर्गेनाइजेशन, सुनील कुमार शर्मा, प्रधानाध्यापक, सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जैकबपुरा, गुरुग्राम और गीता आर्य, प्रिंसिपल, सिविल लाइन्स स्कूल, गुरुग्राम।

### कार का शीशा तोड़कर चोरी करने वाला काबू

**पलवल।** एनएच-19 स्थित हरे कृष्णा ढाबे पर खड़ी कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप, मोबाइल फोन, आभूषण व नकदी चोरी करने वाले दूसरे आरोपी को शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कार से चोरी करने वाला आरोपी कमेटी चौक पलवल पर मौजूद है जो कि कहीं बाहर जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल प्रेम सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई और आरोपी को काबू कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान राजेश पुत्र दीवान निवासी गोरिल्ला मोहल्ला पलवल के रूप में हुई है। आरोपी ने बताया कि उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर गत 26 जून की रात दस बजे हरे कृष्णा ढाबे पर खड़ी का शीशा तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिस संबंध में पीड़ित सम्भू दयाल शर्मा निवासी कृष्णा नगर दिल्ली की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

# फसल बीमा योजना के तहत किसान 31 जुलाई तक करा सकते हैं खरीफ फसल का बीमा

## योजना की जिला स्तरीय मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम स्थित लघु सचिवालय में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक लेते उपायुक्त डॉ. यश गर्ग।

**प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना की जिला स्तरीय मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक जिला उपायुक्त कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में एजेंडावार बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त डॉ. यश गर्ग द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में फसलों का बीमा, इसमें कवर हुए किसानों की संख्या, बीमा कंपनी द्वारा प्राप्त प्रीमियम की राशि का ब्योरा, फसली ऋण प्राप्तकर्ता किसानों तथा अन्य गैर ऋणी किसानों आदि सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि वर्ष-2020 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला में खरीफ की फसल के लिए 8281 ऋणी तथा 287 गैर ऋणी किसानों ने पंजीकरण कराया था। इसी प्रकार वर्ष 2020-21 में रबी फसल के 10030 ऋणी तथा 319 गैर ऋणी किसान थे। चालू वित वर्ष में खरीफ की फसल के लिए रजिस्ट्रेशन का काम चल रहा है, जो 31 जुलाई तक चलेगा।

उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित इंश्योरेंस कंपनी के पदाधिकारियों से भी कहा कि वे पात्र किसानों को क्लेम देने में किसी प्रकार की आना-कानी ना करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित अग्रणी जिला प्रबंधक प्रहलाद राय गोदारा से कहा कि वे बैंकों में किसानों की क्लेम संबंधी लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में किसानों को योजना का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए भी विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने बताया कि यह योजना सभी किसानों के लिए ऐच्छिक है, इसलिए यदि फसली ऋण लेने वाले किसान इस योजना में शामिल नहीं होना चाहते तो वे 24 जुलाई 2021 तक उन बैंको को लिखित में दें, जहां पर उनका खाता है। यदि वे किसान इस स्कीम से बाहर होने के लिए तय सीमा में संबंधित बैंक में आवेदन नहीं करते तो बैंक किसान की फसलों का बीमा करने के लिए अधिकृत होंगे।

# कोरोना: दो पॉजिटिव आने से कुल एक्टिव 16

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले** में कोरोना के शुक्रवार को दो मामले सामने आए। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 99762 पर पहुंच गया। वहीं जिले में फिलहाल 16 एक्टिव मामले की बचे है। जिसमें से तीन मरीज अस्पताल में भर्ती है। जिसमें दो ऑक्सीजन पर और एक मरीज वेंटीलेटर पर भर्ती है।

वहीं जिले में राहत की बात यह रही कि चार मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 986151 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99762 |
| अब तक नेगेटिव | : 885810 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 579 |
| ऑक्सीजन पर है | : 2 |
| वैंटीलेटर पर है | : 1 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99030 |

# कायाकल्प की टीम ने लिया बीके की सुविधाओं का जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले** के बादशाह खान सिविल अस्पताल का पलवल से आई कायाकल्प की टीम ने दौरा किया। टीम ने अस्पताल में साफ सफाई की जांच की। अस्पताल में टीम के आने से पहले ही सभी जगह भरपूर सुविधाएं उपलब्ध करा दी गईं, जो आज से पहले कभी अस्पताल में देखने को ही नहीं मिली थी।

जानकारी के मुताबिक जिले के सबसे बड़े बीके सिविल अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं और स्वच्छता की जांच करने के लिए कायाकल्प की एक टीम ने शुक्रवार को दौरा किया। टीम ने सबसे पहले अस्पताल के तृतीय तल का दौरा किया और उसके बाद द्वितीय तल व प्रसव वार्ड का दौरा किया। इसके बाद टीम ने अस्पताल के आपातकालीन कक्ष और ओपीडी का दौरा किया। जहां टीम ने बारीकी से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जांच की। दौरे के दौरान अस्पताल का स्टाफ और अस्पताल के अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद थे। इस बारे में टीम में दौरे पर आए एसएमओ डॉ. लोकवीर ने बताया कि उनके साथ डीक्यूएम डॉ. अंजलि शर्मा और आईसीएन नरवीर को भेजा गया था। टीम ने इस दौरान अस्पताल में कर्मचारियों से बारीकी से कामकाज की जानकारी ली। वहीं इस दौरान अस्पताल में लगे वोल्टेज के बोर्ड की स्पेलिंग को गलत बताते हुए उसे बदलने के निर्देश जारी किए।

इस बारे में अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि अस्पताल में स्वच्छता और मौजूद सुविधाओं की जांच करने के लिए कायाकल्प की टीम ने दौरा किया था। कायाकल्प की टीम ने अस्पताल में मिल रही मरीजों की सुविधाओं और साफ-सफाई की भी जांच की। डॉ. सविता यादव ने बताया कि टीम अपनी रिपोर्ट के आधार पर एक दो दिन में जवाब देगी। उनका कहना है कि टीम ने अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं को बेहतर बताया।

# नए आदेश : हवाई अथवा रेल यात्रा को दिखाना होगा वैक्सीनेशन सर्टीफिकेट

### जिले में शुक्रवार को 5279 लोगों ने लगवाया टीका

**कविता।** फरीदाबाद



**कोरोना** के घटते मामलों और बढ़ते वैक्सीनेशन के बीच तमाम राज्य सरकारें छूट दे रही हैं। कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज ले ली हैं तो आपको एयरपोर्ट पर कोरोना की नगेटिव रिपोर्ट नहीं दिखानी होगी, लेकिन वैक्सीन की दोनों डोज लेने का सर्टीफिकेट दिखाना होगा।

जिले में वैक्सीन की डोज लगवाने के लिए रोजाना सैकड़ों की भीड़ लग रही है। मगर विभाग द्वारा वैक्सीन लगाई ही नहीं जा रही है। जिलेभर में जगह-जगह फ्री वैक्सीन के बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए हैं, लेकिन शहर में वैक्सीन का सकंट बना हुआ है। शुक्रवार को 5279 लोगों ने टीका लगवाया। वहीं शनिवार को जिले के किसी सेंटर पर टीका नहीं लगाया जाएगा।

### लग रही लम्बी लाइनें

**शहरवासी** वैक्सीनेशन को लम्बी लाइनों में सुबह पांच बजे पहुंच कर रात आठ बजे तक लगे रहते हैं, तब जाकर वैक्सीन उन्हें लगती है। पिछले दो दिनों से बीके अस्पताल में हजारों की भीड़ पहुंच रही है।

अब पैसेंजर्स के लिए नए आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्देश जारी किए हैं कि अगर आपने कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज ले ली है तो आपको एयरपोर्ट पर आरटीपीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट नहीं देना होगी। कुछ स्थानों पर उन्हें एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर टेस्टिंग कराने की कोई जरूरत नहीं हैं, लेकिन यात्रियों को इसका सर्टिफिकेट दिखाना होगा।

### समाप्त हो गई डोज

**शुक्रवार** को पूरे जिले में केवल निजी और बीके अस्पताल में ही डोज लगाई गई। जिसके कारण भीड़ में हजारों की संख्या में लोग लम्बी लाइन में लग गए, लेकिन दोपहर को 12 बजे के आसपास ही डोज समाप्त हो गई। जिसकी सूचना पब्लिक में तेजी से फेल गई और हंगामा शुरू हो गया। वहीं महिलाओं की दो लाइने लग गई। जिस पर वहां तैनात पुलिसकर्मी की तरफ से महिला पुलिसकर्मी को बुलाया गया, लेकिन भीड़ इसके बाद भी काबू में नहीं हो पाई।

### लगा टीका

**जिले** में शुक्रवार को कुल 5279 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया, लेकिन इसमें निजी अस्पतालों में 2558 लोगों ने टीका लगवाया। वहीं जिले में हेल्थ केयर वर्करों में 316 लोगों ने टीका लगवाया। वहीं 23 फ्रंट लाइन वर्करों को टीका लगा। वहीं 18 प्लस आयुवर्ग में 3345 लोगों ने टीका लगवाया। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में 1595 लोगों को टीका लगा।

# एक साल की फीस से ज्यादा जुर्माना वसूल रही एमडीयू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### पं. जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के 206 छात्रों से 8000-8000 रुपये वसूल रही है एमडीयू

**एनएसयूआई** हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में छात्रों ने अपने रुके हुए रिजल्ट को लेकर और अवैध जुर्माना माफ करवाने के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरु कॉलेज के प्राचार्य एमके गुप्ता को हरियाणा के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, एमडीयू के वाइस चांसलर और एग्जाम कंट्रोलर के नाम ज्ञापन सौंपा।

एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने बताया कि हाल ही में प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है जिसमें अकेले पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के 206 छात्रों के परीक्षा परिणाम में नॉट एलिजिबल आया हैं। जिसे हटवाने के लिए छात्रों को 3000 रुपये जुर्माना के रूप में देने हैं। इस जुर्माने को लगभग सभी छात्र दे भी चुके हैं, लेकिन छात्रों का परीक्षा परिणाम नहीं आया है। इस जुर्माने से अलग कंटिन्यू रजिस्ट्रेशन के नाम पर 5000 रुपये का जुर्माना और मांगा जा रहा है। जिसके बाद छात्रों का रुका हुआ परीक्षा परिणाम घोषित होगा। इस तरह से एक छात्र को अपना परीक्षा परिणाम घोषित कराने के लिए 8400 रुपये का जुर्माना देना होगा जिसमें से 400 कॉलेज की तरफ से दिए जाएंगे और 8000 रुपये प्रत्येक छात्र को देने हैं।

कृष्ण अत्री ने कहा कि जिस समय दाखिला होता है उसी समय छात्रों से सभी दस्तावेज ले लिए जाते हैं फिर उसके बाद दोबारा से छात्रों से कागजात मांगने का और कागजात के नाम पर अवैध जुर्माना वसूलने का कोई औचित्य नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब अकेले नेहरू कॉलेज में 206 छात्र हैं तो बाकी अन्य कॉलेजों में न जाने कितने छात्र परेशान होंगे। अत्री ने कहा कि सरकारी कॉलेजों में ज्यादातर गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवार के छात्र पढ़ते हैं। सरकारी कॉलेजों में इतनी फीस एक साल की नहीं होती जितना अब जुर्माने के रूप में वसूले जा रहे हैं।

# रेडक्रॉस और रोटरी के माध्यम से टीबी के मरीजों को प्रोटीन डाइट वितरित



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** रेडक्रॉस सोसायटी एवं रोटरी क्लब हेरिटेज के माध्यम से टीबी के मरीजों को प्रोटीन डाइट डिस्ट्रीब्यूशन का कार्यक्रम राजस्थान भवन सेक्टर 10 में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार, रोटरी असिस्टेंट गवर्नर सुनील गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

उन्होंने बताया कि संस्था के द्वारा 60 लोगों को टीवी प्रोटीन डाइट डिस्ट्रीब्यूशन वितरित किया है। हमारे द्वारा समाज में समरसता बनी रहे इसे देखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की आवश्यकता होती है तो हम निरंतर सहयोग करेंगे। रोटरी क्लब हेरिटेज के प्रधान शिव कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्था के माध्यम से समाज हित के कार्यों में निरंतर परिवर्तनशील रहती है। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर यह कार्य करने का हमें अवसर प्राप्त हुआ है। आगे भी समाज हित के लिए हम सदैव सहयोग के लिए अग्रसर रहेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक पुरुषोत्तम सैनी सहायक ने बताया कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान लोगों की नौकरियां, व्यापार पहले की तरह सुचारू रूप से नहीं चल पा रहे हैं। मंच का संचालन विमल खंडेलवाल ने किया। साथ ही उन्होंने टीबी के मरीज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का शपथ पाठ कराया। वहां पर उपस्थित सभी लोगों ने विश्वास दिलाया कि समय पर अपनी दवाई अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। सह सचिव बिजेन्दर सौरोत द्वारा आए हुए अतिथियों का सम्मान धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार, रोटरी असिस्टेंट गवर्नर सुनील गुप्ता, प्रधान शिव कुमार गुप्ता, रेडक्रॉस सहसचिव बिजेन्दर सोरौत, पुरुषोत्तम सैनी (सहायक) समाजसेवी विमल खंडेलवाल, उपप्रधान डीबी गर्ग, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मधु भाटिया, ओसी शर्मा, अशोक गुप्ता, संदीप गोयल, सतीश गुप्ता, रूप राम शर्मा, आशा रानी एवं अपने समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला अवैध फार्म हाउस भी तोड़े जाएं

**नम्रता चंजोत्रा।** फरीदाबाद

### नए आदेश जारी: नहीं रुकेगी खोरी में तोड़फोड़, तोड़े जाए अवैध निर्माण

**सुप्रीम** कोर्ट के आदेश पर खोरी वन क्षेत्र से अवैध निर्माण हटाए जाने के मामले में नगर निगम ने अपनी कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में जमा करा दी थी।

वहीं दूसरी तरफ मजदूर आवाज संघर्ष समिति खोरी गांव द्वारा भी उठाया गया मजदूरों के आवास के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में केस डाला गया था। दोनों मामलों की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने तोड़फोड़ की कार्रवाई रोकने से इंकार करते हुए अरावली वनक्षेत्र में बने फार्म हाउसों को भी तोड़ने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### ये दिए हैं निर्देश

**सुप्रीम** कोर्ट ने ये साफ किया कि किसी भी प्रकार के निर्माण को वनक्षेत्र की जमीन पर जगह नहीं दी जाएगी। गरीबों के आशियाने अगर ध्वस्त हो रहे हैं तो बड़े फार्म हाउस जो वनक्षेत्र की जमीन पर हैं, उन्हें भी गिराया जाए। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 31 जुलाई तक फरीदाबाद नगर निगम पुनर्वास पालिसी को जारी किया जाए। साथ ही याचिकाकर्ताओं के विचारों पर भी गौर करें।



### ये है पूरा मामला

**सात जुलाई** को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस खानविलकर ने खोरी गांव की बेदखली के आदेश जारी किए। उस आदेश के बाद नगर निगम ने लगभग 5000 से ज्यादा घरों को पिछले सप्ताह में धराशाई कर दिया। एक लाख की आबादी वाला क्षेत्र जहां पर 10000 से ज्यादा परिवार रहते हैं। नगर निगम के द्वारा उन्हें घर तो उपलब्ध कराये जाने की बात कही गई, लेकिन इस पुनर्वास की नीति में 2021 तक मजदूरों के पास उनके पहचान पत्र वोटर आईडी कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बिजली के बिल में से किसी एक दस्तावेज का होना आवश्यक बताया है। साथ ही 17000 रुपये की पहली किस्त मजदूर द्वारा जमा कराई जाना एवं प्रतिमाह 2500 रुपये की राशि नगर निगम फरीदाबाद को जमा कराना आवश्यक रूप से निहित किया गया है। यही नहीं परिवार को अपना आवेदन प्रस्तुत करने के लिए नगर निगम के पास जाना पड़ेगा। पॉलिसी में कई प्रकार की कमियां निहित है।

# पति ने पत्नी के चेहरे पर फेंका तेजाब, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष सफदरजंग अस्पताल में पीड़ित विवाहिता से मिलीं

**मामला** फरीदाबाद के थाना पल्ला एरिया का है जिसमें पुलिस ने एक आरोपी पति अब्दुल कादिर को दहेज प्रताड़ना एवं एसिड अटैक के आरोप में काबू किया है। आरोपी का नाम अब्दुल कादिर है जो फरीदाबाद की हरकेश कॉलोनी का रहने वाला है।

मामले की जानकारी मिलते ही दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में पीड़िता से मुलाकात की। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि लड़की का चेहरा 35 प्रतिशत झुलस गया है और वो अभी बातचीत करने की हालत में नहीं है।

पीड़ित महिला के भाई इम्तियाज ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह माड़ीपुर, मुजफ्फरपुर बिहार का रहने वाला है और पिछले कई सालों से दिल्ली में रह रहा है, बहन की शादी फरीदाबाद की हरकेश कॉलोनी के रहने वाले अब्दुल कादिर के साथ की थी। शादी के महज कुछ दिन बाद ही आरोपी पति उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा और अपने लिए महिला के मायके से सोने की चेन व हाथ के लिए सोने का ब्रेसलेट लाने की मांग करने लगा। पीड़िता के भाई ने बताया कि शादी के समय उन्होंने अपनी हैसियत के हिसाब से दान-दहेज दिया था परंतु उससे आरोपी का पेट नहीं भरा तो उसने उसकी बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला के परिजनों ने सामाजिक तौर पर आरोपी को समझाने की बहुत कोशिश की लेकिन आरोपी ने महिला को तंग करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

22 जुलाई को महिला के परिजनों के पास सूचना प्राप्त हुई की महिला के पति ने दहेज संबंधित इसी झगड़े के चलते उसके चेहरे पर गरम तेल, तेजाब फेंक दिया है जिससे वह झुलस गई है।

# दुर्व्यवहार के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**कर्मचारियों** के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और निगम के अधिकारियों द्वारा आये दिन प्रताड़ित करने को मामले को लेकर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन के बैनरतले सब डिवीजन छांयसा के प्रांगण में यूनिट ग्रेटर फरीदाबाद प्रधान सुनील कुमार की मौजूदगी में गरजते हुए निगम अधिकारियों के खिलाफ कर्मचारियों ने नारेबाजी की।

फरीदाबाद सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि आज फरीदाबाद का तमाम कर्मचारी बिना टी एंड पी यानी सुरक्षा से संबंधित उपकरणों के अभाव में काम करने को मजबूर है। जबकि आयेदिन मौसम के मिजाज को देखते हुए फील्ड का कर्मचारी अपने उपभोक्ताओं को बिजली के प्रति किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिये दिनरात प्रयास करते हुए बिना संसाधनों के इसे सुचारू रूप से चलाने का प्रयत्न करता है और विषम परिस्तिथियों में काम करने को विवश है। बिजली निगम फरीदाबाद सर्कल के अधीक्षण अभियंता आयेदिन कर्मचारियों के कामों को लटकाते हैं और जानबूझकर यूनियन से टकराव की परिस्तिथियां पैदा करते हैं।

प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने बताया कि एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने बल्लभगढ़ के छायंसा सब डिवीजन पर कर्मचारियों की ग्रीवेंसेज जानने हेतु एक बैठक की। इसके बावजूद आयोग की सचिव मीनाक्षी राज का यह बयान कि कर्मचारी और अधिकारियों पर राइट टू सर्विस एक्ट के तहत जुर्माना लगाना अपने आप में कर्मचारी व अधिकारियों के मनोबल को तोड़ने वाला है। हरियाणा प्रदेश का राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे नंबर पर आना अपने आप में गौरवशाली है।

# बर्ड फ्लू के खतरे से रहे सावधान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**कोरोना** की महामारी से जूझ रहे देश से एक नए संकट ने चिंता पैदा कर दी है। देश में बड़े फ्लू (इंफुएंजा वायरस का स्ट्रेन जो पक्षियों को चपेट में लेता है) की वजह से पहली मौत का रिपोर्ट किया गया है। मामले में दिल्ली के एम्स में भर्ती एक 11 साल से बच्चे की मौत की पुष्टि बर्ड के कारण की गई है। इसलिए आमजन को कोरोना के साथ बर्ड फ्लू के खतरे से सावधानी बरतने की जरूरत है। यह बात मेट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद के आंतरिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पवन खरबंदा ने कही।

डॉक्टर पवन खरबंदा ने बताया कि बर्ड फ्लू एवियन इंफ्लूएंजा वायरस (एच-5 एन-1) की वजह से होता है। यह एक वायरल इंफेक्शन है जो संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने वाले अन्य पक्षियों, जानवरों और इंसानों में फैलता है। बर्ड फ्लू कई तरह के होते हैं, लेकिन (एच-5 एन-1) पहला ऐसा एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस है जो इंसानों को संक्रमित करता है। बर्ड फ्लू प्रवासी जलीय पक्षियों खासतौर से जंगली बतख से प्राकृतिक रूप से फैलता है। यह पालतू मुर्गियों में आसानी से फैल जाता है। यह बीमारी संक्रमित पक्षी के मल, नाक के स्राव, मुंह के लार या आंखों से निकलने वाली पानी के संपर्क में आने से होती है। संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने वाले जानवर और इंसान इस वायरस से आसानी से संक्रमित हो जाते हैं। यह वायरस इतना खतरनाक होता है कि इससे मौत भी हो सकती है। इसके फैलने का सबसे ज्यादा खतरा मुर्गीपालन से जुड़े लोगों को होता है। इसके अलावा संक्रमित जगहों पर जाने वाले, संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने वाले, कच्चा या अधपका मुर्गा-अंडा खाने वाले या संक्रमित मरीजों की देखभाल करने वाले लोगों को भी बर्ड फ्लू हो सकता है।

### इलाज

**डॉ. पंकज** ने बताया कि बर्ड फ्लू का अलग-अलग तरीकों से इलाज किया जाता है, लेकिन ज्यादातर मामलों में एंटी वायरल दवाएं दी जाती हैं। लक्षण दिखने के 48 घंटों के भीतर इसकी दवाएं लेनी जरूरी होती हैं। इंफ्लूएंजा से बचने के लिए फ्लू की वैक्सीन लगवाने लगवा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारद्वाज ने दिए अध्यापिका के बेटे के इलाज को पैसे



**फरीदाबाद।** आज जब इंसान इंसान को देख कर घबरा रहा है और इस डर के माहौल में भी ऐसे इंसान हैं जो वास्तव में इंसानियत का धर्म निभा रहे हैं यह कहना है मिशन जागृति की साथी संतोष अरोड़ा का। उन्होंने बताया कि सुनीता चन्ना जोकि सेक्टर 50 डबुआ कॉलोनी में रहती है उनका 17 साल का बेटा जिसका नाम है भव्य चन्ना जोकि चार मई को मेट्रो हॉस्पिटल में टीबी की गंभीर बीमारी के कारण भर्ती हुआ। जिसमें उनकी दो बार ऑपरेशन हुआ। दो महीने तक वह वेंटिलेटर पर रहा फिर एक बार उसके दिमाग का भी ऑपरेशन हुआ। चन्ना एक विधवा है और एक प्राइवेट स्कूल में अध्यापिका है। जिनकी मासिक आय बहुत ही कम है और बेटे के इलाज के लिए उन्हें लगभग 38 लाखों रुपए की जरूरत है। संतोष अरोड़ा ने बताया कि सुनीता चन्ना के बेटे के बारे में प्रवीण भारद्वाज को जब पता चला तो उन्होंने तुरंत ही उनकी मदद करने की ठानी। प्रवीण भारद्वाज ने मिशन जागृति के माध्यम से उनकी इलाज के मदद के लिए 81000 का दान दिया। जोकि उनके लिए काफी मददगार साबित होगा। मिशन जागृति के कोषाध्यक्ष महेश आर्या के द्वारा उनको 81000 का चेक भेंट किया। इस अवसर पर दिनेश राघव, अशोक भटेजा, राजेश भूटिया उपस्थित रहे।

### सांसें मुहिम द्वारा जन्मदिन पर किया पौधारोपण



**फरीदाबाद।** युवा आगाज के संयोजक जसवंत पवार के द्वारा चलाई गई सांसें मुहिम के अंतर्गत शहर में मानसून की दस्तक से पहले लगातार पौधारोपण व पौधा वितरण कार्यक्रम तेजी से चल रहा है। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेसी नेता विजय प्रताप के जन्मदिन पर पौधारोपण किया गया पौधा रोपण करते समय विजय प्रताप ने कहा कि पेड़ है तो मनुष्य का जीवन सुरक्षित है और जब हमें शुद्ध वायु मिलेगी तो हम बीमारियों से भी बच सकते हैं इसलिए हम सबको मिलकर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु व सुंदर वातावरण दे सकें और जिस तरीके से सांसें मुहिम पर्यावरण के क्षेत्र में रात दिन काम कर रही है आने वाले समय सांसें मुहिम पर्यावरण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर सांसें महिम के संयोजक जसवंत पवार ने कहा कि सांसें मुहिम का एक ही लक्ष्य की हर व्यक्ति अपने जीवन में एक पौधा लगाएं और उसे वृक्ष बनाए वह यह पौधा अपने जन्मदिन पर, किसी खुशी के मौके पर, शादी की सालगिरह पर, किसी की याद में भी लगा सकते हैं जिससे कि वह पौधा एक यादगार निशानी के तौर पर हमेशा जिंदा रहेगा। इस मौके पर पौधा रोपण करते समय विजय प्रताप जी, प्रेम सैनी,जसवंत पवार, हिमांशु भट्ट, दीपक आजाद, गंभीर और रोहित मौजूद रहे।


### यूनिवर्सल अस्पताल ने लकवा ग्रस्त मरीज को दिया नया जीवन

**फरीदाबाद।** यूनिवर्सल अस्पताल ने लकवा ग्रस्त एक मरीज का सफल इलाज करते हुए उसे नया जीवनदान दिया है। नसें व हृदय रोग विशेषज्ञ डा. शैलेश जैन ने बताया कि मरीज पुरुषोत्तम जो गांव पल्ला का रहने वाला है। सुबह जब सो कर उठा तो महसूस किया कि उसका अचानक से बाईं तरफ का हाथ-पैर काम नहीं कर रहा है तथा मुंह भी टेढ़ा हो गया है। उसके परिजन उसे तुरंत यूनिवर्सल अस्पताल लेकर आये। यहां अस्पताल में फिजिशियान डॉ. संजीव ने उसका निरीक्षण किया। मरीज किसी तरह का व्यसन जैसे बीड़ी-सिगरेट, तम्बाकू व शराब का सेवन नहीं करता था, न ही उसे ब्लड प्रेशर व शुगर या किसी अन्य तरह कोई बीमारी नहीं थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि दिमाग के बाईं साइड के हिस्से में दिक्कत है जिसकी वजह से लफ्ट साइड में पूरा लकवा हो गया है। मरीज का तुरंत एमआरआई कराया गया, एमआरआई में यह पाया गया कि दिमाग के दो हिस्सों में से एक में खून का थक्का जमा हो रखा था, साथ ही जो रक्त वाहिनी दिमाग को खून की आपूर्ति करती है उस रक्त वाहिनी के अंदर 99 प्रतिशत ब्लाकेज था।

### सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है आपकी बेटी हमारी बेटी

**फरीदाबाद।** महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा देने के लिए सरकार द्वारा महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। जिनमें से लड़कियों के लिए शुरू की गई आपकी बेटी हमारी बेटी योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। उपायुक्त यशपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से लड़कियों के कल्याण के लिए आपकी बेटी हमारी बेटी योजना शुरू की गई है। शिशु लिंगानुपात को बढ़ाना और बालिकाओं को शिक्षा के उचित अवसर प्रदान करना ही योजना का मुख्य उद्देश्य है। योजना के तहत जो लड़कियां 22 जनवरी 2015 को या उसके बाद जन्मी है, उनका योजना के अंतर्गत 21000 रुपये का बीमा कराया जाता है। यह बीमा राशि बेटी के 18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद उन्हें दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति या बीपीएल परिवार चाहे वह परिवार किसी भी जाति से संबंध रखता हो, यह लाभ पहली बेटी के जन्म पर ही दिया जाता है। इसके अलावा यदि किसी परिवार में दूसरी या तीसरी बेटी का जन्म होता है तो भी ये लाभ दिया जाता है।

### विजय प्रताप को भेंट की बजरंग बली की प्रतिमा



**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप के जन्मदिवस पर युवा कांग्रेस के बड़खल विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सागर कौशिक के नेतृत्व में युवा कांग्रेसी कार्यकताओं ने विजय प्रताप के सैनिक कालोनी निवास पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाई व स्मृति चिह्न के रूप में बजरंगबली की सुन्दर प्रतिमा भेंट की। सागर कौशिक ने कहा कि चौ.विजय प्रताप आज युवाओं की पहली पसंद है। उन्होंने कहा कि विजय प्रताप की सादगी एवं उनका कुशल व्यवहार ही है जो युवा भारी संख्या में उनकी और आर्कषित हो रहे है। उन्होंने कहा कि विजय प्रताप के उचित मार्गदर्शन व सही दिशा निर्देश में पार्टी ने नई ऊचांइयों को छुआ है। सागर कौशिक ने कहा कि विजय प्रताप पार्टी का कोहिनूर हीरा जिनके व्यक्तित्व व राजनीतिक समझ का सत्तापक्ष भी कायल है। इस अवसर पर चौ.विजय प्रताप सिंह ने कहा कि आपका प्यार ही मेरी ताकत है। उन्होनें कहा कि आज के दिन को यादगार बनाने के लिए में सागर कौशिक और उनकी पूरी टीम का खासतौर पर धन्यवाद करता हुं।

### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया 67वां स्थापना दिवस

**फरीदाबाद।** भारतीय मजदूर संघ का 67वां स्थापना दिवस है, इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद ने स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आरसी कटोच, मंच संचालन नीरज त्यागी जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ एवं मुख्य संबोधन दीपक किशोर अग्रवाल विभाग संपर्क प्रमुख का रहा। अन्य वक्ताओं में प्रेम रावत, मटरू लाल, शैलेश चौधरी रहे। कार्यक्रम का आरंभ श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी, भारत माता, विश्व कर्मा की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके हुआ। पश्चात प्रेम रावत एवं शैलेश चौधरी ने संघ गीत प्रस्तुत किया। परिचय के बाद मुख्य अतिथि का संबोधन हुआ। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ समर्थित अनेकों संघों के प्रधान, महामंत्री अपने साथियों के साथ उपस्थित रहे जिनमें नगर निगम कर्मचारी संघ से मुरारी लाल, महेश यादव, महेश हुड्डा, कृष्णपाल, विजय सतीश शर्मा मोहर सिंह, भवन निर्माण से नीरज मावी, स्वायत्त शासी से मटरू लाल, नरेंद्र सिंह, अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ से राकेश कुमार, ग्रुप 4 से प्रदीप जटोला, ललित कुमार आदि मौजूद थे।

# विपक्षी एकता

## ममता का प्रयास

**ममता** बनर्जी विपक्षी नेताओं से मिलने की योजना बना रही हैं ताकि भाजपा के खिलाफ एकजुट मोर्चा तैयार किया जा सके। यदि संसद सत्र के समय कोई मुख्यमंत्री पांच दिन दिल्ली यात्रा करता तो लोगों की त्यौरियां चढ़ जातीं, लेकिन ये पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं। देश की राजधानी में उनकी यात्रा का उद्देश्य विपक्ष को तैयार करने का आह्वान है ताकि वह एकजुट होकर 2024 में भाजपा का मुकाबला कर सके। अप्रैल में एक रैली में ममता ने कहा था, 'मैं एक पैर से बंगाल जीतूंगी और दो पैरों से दिल्ली।' निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल की सत्ता में वापसी के बाद उनकी पहली दिल्ली यात्रा ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने अपने लिए देश में भाजपा-विरोधी शक्तियों को एकजुट करने का लक्ष्य रखा है, हालांकि यह काम आसान नहीं है। इस दिशा में उनका पिछला प्रयास विफल हुआ था। याद किया जा सकता है कि 19 जनवरी, 2019 के ममता बनर्जी ने कोलकाता में एक विशाल रैली आयोजित की थी जिसमें 25 राष्ट्रीय व क्षेत्रीय विपक्षी राजनीतिक दलों ने भाग लिया था और उन्होंने वहां संभावित 'महागठबंधन' की नीव डाली थी। लेकिन यह विचार ज्यादा लंबा नहीं चला और आम चुनाव में शानदार विजय के साथ नरेन्द्र मोदी की सत्ता में वापसी हुई। ममता बनर्जी की अपनी विजय ने उनमें अब एक नई प्रतिबद्धता पैदा की है। गुरुवार को उनके वर्चुअल संबोधन को अनेक विपक्षी नेताओं ने देखा



जिसमें ममता बनर्जी ने एक संयुक्त मोर्चे की कल्पना की है। उनका नारा है '2024 में खेला होबे' और अब वे कोलकाता के बजाय दिल्ली में अपने कदम बढ़ाएंगी। उनके पहले चंद्रबाबू नायडू और स्वर्गीय जयललिता ने राज्य की राजधानियों से निकल कर राष्ट्रीय मामलों में भूमिका निभाने का प्रयास किया था, पर उन्होंने कभी सामने आकर उस तरह नेतृत्व नहीं किया था जैसा ममता बनर्जी करना चाहती हैं।

लेकिन विपक्ष को अपने आंतरिक मतभेदों से बाहर निकलना हे जो निकट अतीत की तुलना में अधिक हैं। पेगासस मामले ने उनको आश्चर्यचकित कर दिया है कि कोई उनके सारे कामकाज पर नजर रख सकता है। कोविड-विरोधी टीकाकरण नीति की अधूरी प्रगति ने भी राज्यों के नेताओं को परेशान किया है। केन्द्र ने जोर दिया है कि वैश्विक महामारी के दौरान आक्सीजन की कमी से कोई मौत नहीं हुई थी। इसने राज्यों को अजीब स्थिति में डाल दिया है क्योंकि वे इसके विपरीत कोई प्रमाण नहीं दे पा रहे हैं। बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति ने सत्ता-विरोधी लहर को हवा दी है। ऐसे में ममता बनर्जी की सत्ता में वापसी अंधेरे में बिजली चमकने की तरह है। उनकी विजय ने विपक्षी नेताओं को उनके चारों ओर एकजुट किया है। 2019 के उलट इस बार उनके पास तीन साल का समय है और 2024 की तैयारी करने के लिए उनके सामने 2022 के उत्तर प्रदेश चुनाव तथा राष्ट्रपति चुनाव के रूप में दो चुनौतियां हैं। संयुक्त विपक्ष उत्तर प्रदेश में भाजपा को परेशान कर सकता है और राष्ट्रपति चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन न केवल प्रभुत्व के दृष्टिकोण से जरूरी होगा, बल्कि इससे सहयोगी विकल्प तलाशने से भी विरत होंगे। इससे अगले राष्ट्रपति के रूप में अपना उम्मीदवार चुनने के लिए काफी वोट भी मिलेंगे। लेकिन ममता बनर्जी संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रूप में एक वरिष्ठ नेता चुनना चाहती हैं जिसका राष्ट्रीय कद हो और वह उनको क्षेत्रीय पहचान से मुक्ति दिला कर सभी क्षेत्रों से समर्थन दिला सके जिसमें तटस्थ रहने वाले क्षेत्रीय क्षत्रप भी शामिल हैं।

# नेपाली प्रधानमंत्री के समक्ष चुनौतियां

नेपाल में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने के साथ ही ओली की गलतियां सुधारना तथा भारत के संबंधों में आई समस्यायें दूर करना देउबा के लिए जरूरी है।



**ऋषि गुप्ता**
(लेखक जेएनयू में शोधार्थी हैं)

नेपाली राजनीति में आये अनेक आश्चर्यजनक परिवर्तनों के बाद आखिरकार नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा को 13 जुलाई को लोकतांत्रिक नेपाल के तेरहवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। नेपाली सर्वोच्च न्यायालय ने इससे एक दिन पहले पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली द्वारा 21 मई को संसद भंग करने को असंवैधानिक घोषित करते हुए रद्द कर दिया था। न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 76-5 के अंतर्गत 24 घंटे में विपक्षी नेता देउबा को प्रधानमंत्री नियुक्त करने का आदेश दिया था। देउबा को 275 सदस्यों के सदन में 165 मत प्राप्त हुए हैं और वे स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने में सफल हुए हैं। माओवादियों और जनता समाजवादी पार्टी ने सरकार का समर्थन किया है। इसके साथ ही ओली की यूएमएल पार्टी के नेपाल-खनल गुट के 22 सदस्यों ने देउबा के पक्ष में वोट दिया। उनका समर्थन करने वालों में ओली के आठ समर्थक भी शामिल हैं। यह घमंडी ओली की आंखें खोलने वाला एक और प्रकरण है जो अपने पद पर बने रहने के लिए संविधान के दुरुपयोग तथा राष्ट्रपति से मिलीभगत का लाभ उठा रहे थे।



नेपाल में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करना जरूरी है। अपने डेढ़ साल के शासनकाल में शेर बहादुर देउबा को राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ ही अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा तथा कोविड-19 के कारण पैदा बेरोजगारी की स्थिति में सुधार लाना होगा। हालांकि, संविधान के अंतर्गत दो साल तक देउबा सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है, पर उनको अपनी आंतरिक व्यवस्था ठीक करनी होगी क्योंकि तीन बड़ी पार्टियां सरकार का समर्थन कर रही हैं। फिलहाल पांच सदस्यों वाली एक कैबिनेट का गठन किया गया है तथा अभी महत्वपूर्ण मंत्रालयों का वितरण किया जाना बाकी है जिनमें विदेश मंत्रालय भी शामिल है। देउबा को माओवादियों को शांत रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, खासकर प्रचंड का लक्ष्य सर्वोच्च पद पर पहुंचना है। उल्लेखनीय है कि माओवादियों ने 2017 के संसदीय चुनाव तथा स्थानीय निकाय चुनाव में यूएमएल के साथ इस तथ्य के बावजूद गठबंधन किया था कि वे नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार में थे। इसलिए आने वाले महीनों में प्रचंड के साथ सत्ता की साझेदारी बनाए रखना नेपाल सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण आयाम होगा।

नेपाल के लिए भारत के साथ संबंधों को पुनर्जीवित करना भी जरूरी है। 19 जुलाई को विश्वास मत प्राप्त करने के फौरन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनको बधाई संदेश ट्वीट करते हुए कहा था कि 'मैं आपके साथ सभी क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट साझेदारी को बढ़ाने तथा दोनों देशों की जनता के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने की उम्मीद कर रहा हूं।' इस ट्वीट के बाद दोनों नेताओं में टेलीफोन पर बातचीत भी हुई। भारत में बहुत से लोगों की नजर में यह नेपाल के साथ संबंध सुधारने की अच्छी शुरुआत हो सकती है क्योंकि ओली के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंध सबसे निचले स्तर तक पहुंच गए थे। पिछले साल ओली ने राजनीतिक लाभ उठाने के लिए भारत-विरोधी रणनीति अपनाई थी। उन्होंने एकपक्षीय रूप से कालापानी क्षेत्र में भारत के संप्रभु क्षेत्रों को नेपाल के आधिकारिक राजनीतिक मानचित्र में शामिल कर दिया था। हालांकि, ओली ने दावा किया था कि भारत के साथ मुद्दों का समाधान कर लिया गया है, पर सीमा विवाद दोनों देशों के बीच विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। देखना होगा कि देउबा इसका समाधान करना चाहते हैं या नहीं।

नेपाली कांग्रेस ने ओली द्वारा उस संविधान संशोधन का समर्थन किया था जिसमें भारतीय क्षेत्रों को नेपाल के राजनीतिक मानचित्र में शामिल किया गया था। इसलिए भारत को नेपाल के साथ राजनयिक पहल करने में सावधानी बरतनी होगी क्योंकि सीमा विवाद के मामले पर नेपाली कांग्रेस का दृष्टिकोण संभवत: ओली के दृष्टिकोण से अलग न हो। इसके साथ ही नेपाली राजनीति में भारत-विरोधी व अति-राष्ट्रवादी तत्व एक प्रेरक की भूमिका अदा करते हैं और ये जनादेश को प्रभावित करते हैं। आशंका है कि देउबा भी इसी रास्ते पर चल सकते हैं। हालांकि, ओली की विदाई के बाद भारत के प्रसन्न होने के अनेक कारण हैं। लेकिन नेपाल के प्रति भारत की नीति अधिक सक्रिय होनी चाहिए और इसमें केवल वहां की घटनाओं को दर्ज करने से आगे बढ़ने की जरूरत है। भारत-नेपाल के बीच वर्तमान व्यापार घाटा अक्सर भारतीय सद्भावना के खिलाफ काम करता है। इसके साथ ही नेपाल में भारत का निवेश चीन से प्रतियोगिता में कम नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देउबा के साथ टेलीफोन वार्ता में नेपाल को कोविड-19 टीके देने का वादा किया है। भारत में अप्रैल में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी की दूसरी लहर आने के बाद भारत ने नेपाल को भेजे जाने वाले टीकों पर रोक लगा दी थी। अत: इसे चुनौतीपूर्ण समय में नेपाल के साथ भारत की नीति में स्वागत योग्य परिवर्तन के रूप में देखा जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को गठबंधन की मजबूरियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, देउबा के सामने नेपाल के राजनीतिक व विदेशी मामलों में चीन की भारी दखलंदाजी से मुक्ति पाने का रास्ता है और वे भारत के संबंध बेहतर बना सकते हैं। जनता में ओली की छवि चीन के ऐसे मित्र की थी जो तिब्बत और भारत संबंधी मामलों में बीजिंग के हित साध रहे थे। लेकिन देउबा पर कम्युनिस्ट विचारधारा का कोई बोझ नहीं है। इसलिए वे भारत के साथ सहयोग के रास्ते पर चल कर नेपाल का विकास सुनिश्चित कर सकते हैं। लेकिन उनके गठबंधन साझीदार प्रचंड का झुकाव चीन की ओर है।

2017 में नेपाली कांग्रेस के साथ ऐसे ही गठबंधन के समय प्रचंड ने देउबा को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल पर हस्ताक्षर के लिए मना लिया था जिससे भारत बहुत गुस्सा था। 6 जुलाई को प्रचंड ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और विश्व राजनीतिक पार्टियों के सम्मेलन में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी तथा उसके नेता शी जिनपिंग के साथ एकजुटता प्रदर्शित की। यह आयोजन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सौवीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया था। प्रचंड ने चीन को क्लीन चिट देते हुए दावा किया था कि वह बहुत उदार देश है। उन्होंने कहा था कि चीन 'वैश्विक समृद्धि और शांति में योगदान कर रहा' है तथा वह 'नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, टकरावों के शांतिपूर्ण समाधान तथा वैश्विक समानता और न्याय में योगदान के साथ ही नेपाल समेत विकासशील देशों में अत्यधिक प्रशंसा प्राप्त कर रहा है।' ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री देउबा के सामने अपने कार्यकाल में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने की चुनौती का सामना करना होगा। उनके सामने प्रचंड का विश्वास बनाए रखने, नई दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में सुधार, भारत से कोविड वैक्सीनों की समुचित प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा नेपाल की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप करने वाले चीनी तत्वों से मुक्ति पाने की भी कठिन चुनौतियां हैं।

# देश में रणनीतिक अध्ययनों का महत्व



**राजेश खरात**
(लेखक मुंबई विविद्यालय में मानविकी के संकायाध्यक्ष हैं)

कोविड -19, आतंकवाद, सीमा विवाद, राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक अतिवाद, जलवायु परिवर्तन आदि की चुनौतियों का सामना कर रही एक अशांत विश्व व्यवस्था में, हो सेकता है दुनिया पिछले दशकों की तुलना में अधिक शांतिपूर्ण प्रतीत होती हो। फिर भी, वर्तमान में राष्ट्रों के बीच और उनके बीच तनाव कहीं अधिक है। दो विश्व युद्धों से लेकर शीत युद्ध, वैश्वीकरण से लेकर महान मंदी तक, विश्व व्यवस्था में भारी परिवर्तन हुए हैं। हालांकि, शीर्ष खिताब के लिए मुकाबला जस का तस बना हुआ है। यद्यपि चल रहे दशक ने अब तक विश्व स्तर पर युद्ध जैसी स्थिति से बचा है, अफ्रीका, पश्चिम एशिया और दुनिया के अन्य हिस्सों में संघर्षों ने वैश्विक समुदाय को एक या दूसरे तरीके से प्रभावित किया है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की घटनाओं से कोई भी अलग नहीं है, चाहे वह व्यक्ति हो या देश, वैश्विक राजनीतिक व्यवस्था को समझना समय की अत्यधिक आवश्यकता है। राजनीतिक वैज्ञानिकों ने समकालीन अंतरराष्ट्रीय राजनीति की अपनी समझ के अनुसार राजनीति, राज्य, सत्ता, व्यवस्था और शासन को सिद्धांत, अवधारणा, तर्क और परिभाषित किया है। इस बीच, इसने बाकी दुनिया के साथ लगभग हर देश के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। कूटनीति, विदेश नीति, रणनीति, भू-राजनीतिक विश्लेषकों और स्थिति की रणनीतिक समझ के माध्यम से इसकी बारीकी से जांच की जरूरत है। जबकि राजनयिक समुदाय के सदस्य, खुफिया एजेंसियां, राजनीतिक नेता/प्रवक्ता और पत्रकार स्थिति का आकलन करने में सबसे आगे रहते हैं, समर्पित संस्थान इन एजेंसियों या व्यक्तियों को मुद्दों से निपटने के लिए बेहतर तैयार करने में मदद करते हैं।



20वीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक, भारत ने खुद को दक्षिण एशिया क्षेत्र के केंद्र के रूप में पाया, जो भूमि से घिरे देशों (भूटान और नेपाल), छोटे द्वीप राष्ट्रों (मालदीव और श्रीलंका) और राजनीतिक रूप से अस्थिर म्यांमार और पाकिस्तान से घिरा हुआ था। अगले दरवाजे चीन का रूप। इस पृष्ठभूमि के बीच, भारत ने विश्व मामलों के लिए भारतीय परिषद, इंडियन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की स्थापना की, जिसके बाद कई अन्य स्वतंत्र थिंक टैंक अंतरराष्ट्रीय राजनीति की घटनाओं को समझने और राष्ट्रीय हित का पीछा करते हुए शामिल जोखिमों का आकलन करने में सरकार की मदद करने के लिए काम कर रहे थे। तब से, सरकार ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों और भारत-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ संबंधों के अध्ययन और शोध के लिए विद्वानों को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों में सार्वजनिक थिंक टैंक और अनुसंधान केंद्र स्थापित किए हैं। चीन के पुनरुत्थान के साथ, अपनी क्षेत्रीय शक्ति की स्थिति को मजबूत करने और एशिया में विशेष रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए भारत की चुनौती दोगुनी हो गई है। सहयोग करने के लिए सामान्य आधार की विफलता के कारण क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधनों के टूटने का जोखिम है। इस स्थिति में, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों की जोखिमों का आकलन करने और संभावित समाधानों के साथ आने में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है जो राष्ट्रीय उद्देश्य को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं। हाल ही में एक भाषण में, मुंबई विश्वविद्यालय में नए स्थापित स्कूल ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज का उद्घाटन करते हुए, भारतीय सेना प्रमुख, जनरल मनोज मुकुंद नरवने ने कहा कि एक गौरवशाली अतीत के स्वदेशी विचारों को आत्मसात करने में नए सिरे से रुचि है। यह, आज की गतिशील वैश्विक विश्व व्यवस्था में हमारे देश के बढ़ते कद के साथ, हमें भारत के वैश्विक रणनीतिक विचारों और विचारकों की एक प्राचीन विरासत से मूल्यवान सबक लेने की इच्छा रखता है।

जबकि भारत के राजनयिक और रक्षा समुदाय भारत के विकास, प्रगति, सुरक्षा और सुरक्षा के लिए एक अभेद्य रणनीतिक योजना तैयार करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं, भारत को भी अंतरराष्ट्रीय और रणनीतिक अध्ययनों में युवा दिमाग पैदा करने की जरूरत है। हालाँकि, इस विषय को पूरे भारत के विश्वविद्यालयों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। जैसा कि सेना प्रमुख ने कहा था कि भारत महान रणनीतिक विचारकों और विद्वानों की भूमि है, और चाणक्य, मनु, तिरुवल्लूर जैसे विचारकों और आधुनिक समय में के सुब्रमण्यम के साथ, भारत को इस ज्ञान को विकसित करने और वापस लेने की जरूरत है।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध और रणनीतिक अध्ययन संघ लोक सेवा आयोग, राज्य सेवा आयोग या कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और कैरियर उन्मुख परीक्षाओं के महत्वपूर्ण घटक हैं। उत्तर भारत में जेएनयू, पूर्व में जादवपुर विश्वविद्यालय और दक्षिण में पांडिचेरी विश्वविद्यालय, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन के स्कूलों की मेजबानी करता है, मुंबई भारतीय नौसेना के पश्चिमी नौसेना कमान का मुख्यालय है और मुंबई विश्वविद्यालय, पुणे मुख्यालय से संबद्ध नौसेना युद्ध कॉलेज है। भारतीय सेना की दक्षिणी कमान, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग, मुंबई विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबंध और सामरिक अध्ययन स्कूल की स्थापना, भारत में रणनीतिक अध्ययन का भविष्य सशस्त्र बलों, विचारकों, शोध विद्वानों, शिक्षाविदों और पत्रकारों को अध्ययन और चर्चा करने के लिए एक साथ लाता है। मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस, आईडीएसए, नई दिल्ली, यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट, सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) और सेंटर फॉर एयरपावर स्टडीज जैसे प्रमुख थिंक टैंक के केंद्र के रूप में भारत के साथ, विश्वविद्यालय स्तर पर एक सक्रिय बुनियादी ढांचा सामरिक समुदाय की भावी पीढ़ियों को पढ़ाने और प्रशिक्षण देने में भारत को अपने राष्ट्रीय हितों की तलाश करने और उन्हें सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। भारत में भी अच्छी पत्रकारिता है, और वैश्विक घटनाओं का बुनियादी ढांचा उनके प्रिंट और विजुअल रिपोर्टिंग का एक अभिन्न अंग है। इसलिए इस संबंध में विशेष रूप से मुंबई जैसे शहरों में पेशेवर प्रशिक्षण समय की मांग है। साथ ही, निकट भविष्य में भारत को और अधिक महत्वाकांक्षी राजनयिकों और रणनीतिक विचारकों की आवश्यकता होगी। इस रिक्तता को विश्वविद्यालय स्तर पर आने वाले ऐसे और केंद्रों से भरा जा सकता है।

## आप की बात

### मीडिया को डराने का प्रयास

**कोरोना** महामारी की दूसरी लहर में जो भी विसंगतियां तथा लापरवाहीयां हुईं, भास्कर ने साहस के साथ रिपोर्टिंग कर राष्ट्र को अवगत कराया। चाहे अहमदाबाद हो या दिल्ली, जयपुर हो या यूपी, सभी दूर की जो असलियत थी, जिसकी जांबाज रिपोर्टिंग की। प्रसिद्ध पत्रकार रवीश कुमार ने भी अपने प्राइमटाइम कार्यक्रम में दैनिक भास्कर तथा गुजरात के दिव्य भास्कर की रिपोर्टिंग का हवाला देकर, अखबार की द्वारा की गई साहसिक रिपोर्टिंग की तारीफ की थी। जिसका खामियाजा भास्कर समूह पर आयकर के छापे हैं, जो बदले की भावना तथा सच्चाई की आवाज को दबाने वाला कदम है। सांच को आंच नहीं, अब इस कहावत को बदलकर, हमारे लोकतंत्र में सांच बोलेगा / लिखेगा, उस पर छापे पड़ेंगे। क्योंकि जनता मरे तो मरे, लेकिन सरकार की छवि खराब ना हो! चाहे जो तकलीफ आए भास्कर समूह को अपना साहसिक पत्रकारिता का अभियान दूने उत्साह के साथ जारी रखना चाहिए। एक अखबार का कर्तव्य है कि जनता के हित में उसकी धार ऐसे छापों से कुंद ना हो। भले ही सरकार छापे मारकर डराए, अगर कोई गलत काम नहीं किया तो फिर क्या डरना !

– **विषधर खरा**, उज्जैन

### सिंधु सीमा से जंतर-मंतर

**26** जनवरी पर दिल्ली की बॉर्डर पर बैठे किसानों ने जो कुछ लाल किले पर जाकर किया था उसे सारा देश शर्मिंदा हुआ था इन किसानों ने लाल किले की प्राचीर पर जहां देश का तिरंगा शान से लहराता है वहां सिख धर्म का झंडा फहरा कर देश का एवं संविधान का अपमान किया था क्योंकि किसी धर्म विशेष का झंडा राष्ट्रीय झंडे के आगे फैहराना उसका अपमान करना है अत: ऐसा नहीं होना चाहिए इसके कारण पूरा ही देश किसान आंदोलन पर थू-थू करने लगा था वे तथाकथित किसान जिन्होंने वहां पुलिस पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिशें की थी एवं पुलिस जवानों को वहां मौजूद खाई में गिरा दिया था वही किसान अब एक बार फिर संगठित होकर देश की संसद पर प्रदर्शन करने के बहाने देश का माहौल फिर से खराब करने की योजना बना रहे हैं। अत: एक बात और कह दूं इस किसान आंदोलन में अधिकतर पंजाब एवं हरियाणा के किसान है जो तथाकथित खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हुए हैं जो एक अलग राष्ट्र की मांग काफी समय से कर रहा है यह किसान 23 से 9 अगस्त तक यहां आंदोलन प्रदर्शन करने की मांग सरकार से कर रहे हैं। पिछले समय इन नकली किसानों ने जो हंगामा लाल किले पर किया था वहीं अब जंतर मंतर पर करना चाहते हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### प्रकृति से सबक

**यह** हमेशा से कहा जाता है, भौतिक दुनिया में विकास और समृद्धि के लिए, प्रकृति का विनाश हमें कड़ी टक्कर देगा। यहां तक कि, भारतीय राष्ट्रपिता ने भी उचित ठहराया, प्रकृति हमारी जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त देती है, हमारे लालच को नहीं। चीन, कैलीफोर्निया ने जो बीज बोया है, वह अब तबाही और संकट की फसल काट रहा है। अधिक विकसित और शक्तिशाली बनने की दौड़ में हम अपने विनाश की पटकथा लिख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के गंभीर मुद्दे हमेशा सुर्खियों में रहे हैं, लेकिन उस पर किए गए वादे कभी काम में नहीं आए। चाहे वह कैलिफोर्निया की आग हो या चीन में बाढ़, असामयिक प्राकृतिक घटनाओं ने अपनी शक्ति दिखाई है। न्यूटन ने गति के तीसरे नियम को सही ढंग से रेखांकित किया गया है।हर क्रिया की समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। भारत भी जलवायु परिवर्तन की इन अभूतपूर्व समस्याओं से अछूता नहीं है। क्या इसे हम अपने कर्मों का परिणाम कहें या सिर्फ एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराए।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भाजपा** कोरोना से बड़ा वायरस लेकर चल रही है जिसका उद्देश्य लोकतंत्र के तीन स्तम्भों यथा, चुनाव, न्यायपालिका और मीडिया को खत्म करना है।

**ममता बनर्जी**–
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**किसी** भी राज्य ने आक्सीजन से होने वाली मरीजों की मौतों का आंकड़ा नहीं भेजा। केंद्र का जवाब राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा भेजे गए आंकड़ों पर आधारित है।

– **संबित पात्रा**
भाजपा प्रवक्ता



**आक्सीजन** आपूर्ति के अभाव को लेकर अस्पतालों, मरीजों व उनके परिवारों की ओर से शिकायतों की बाढ़ सी आ गई थी।

–**मनीष सिसोदिया**
उपमुख्यमंत्री दिल्ली

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 24 जुलाई, 2021



# वसूली गैंग के लिए खाली करवा रखीं हैं यूपी की जेलें

## बेसिक शिक्षा विभाग में 69,000 शिक्षक भर्ती संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदितयनाथ ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में जब भी कहीं भर्ती निकलती थी तो कुछ गैंग ऐसे थे जो वसूली के लिए निकल पड़ते थे। कुछ खानदान और कुछ परिवार ऐसे थे, जिनके लिए भर्तियों में वसूली, आजीविका का जरिया हो गया था लेकिन अब इन्हें मालूम हैं कि यह झोला लेकर निकलेंगे तो हमारी एजेंसियां सतर्क हैं और इनके लिए हमने जेलें भी खाली करवा रखी हैं।

सीएम योगी शुक्रवार को लोकभवन में बेसिक शिक्षा विभाग के चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देने के बाद समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि इन चार वर्षों में इन लोगों की अवैध कमाई बंद हो गई है तो अब यह लोग युवाओं को गुमराह करने में लग गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती की



शुचिता को कलंकित करने वालों के खिलाफ कठोरता पूर्वक कार्रवाई की गई और उसके परिणाम सामने हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम एक और परीक्षा कराने जा रहे हैंए जिसमें आवेदकों की संख्या 30 लाख है। देश की सबसे बड़ी परीक्षा होने जा रही है और विश्वास रखें कोई तिनका नहीं हिलेगा।

सीएम ने पूर्ववर्ती सरकारों को शिक्षा की उपेक्षा करने पर तंज भी कसा। सीएम ने कहा कि आज जब उत्तर प्रदेश के बेसिक विद्यालयों की परफॉर्मेंस ग्रेडिंग के राष्ट्रीय मानकों पर श्रेष्ठतम होती जा रही है तो कुछ लोगों को यह सुहा नहीं रहा। कहने को तो 2017 से पहले 1,35000 परिषदीय विद्यालय थे, लेकिन हालत दयनीय थी। स्कूल थे तो शिक्षक नहींए शिक्षक थे तो छात्र नहींए छात्र थे तो पढ़ाई का नाम नहीं। पूरा विभाग ट्रांसफर.पोस्टिंग की अनियमितता में ग्रस्त था लेकिन सरकार ने दशा सुधार का संकल्प लिया और तब जिन स्कूलों के भवनों पर पीपल और बरगद के पेड़ उगा करते थे आज वहां अक्षर के फूल खिल रहे हैं। बच्चों को दो यूनिफॉर्म मिल रहे हैंए बैगए स्वेटरए पाठ्य सामग्री सब मिल रहा है।गरीब का बच्चा भी अब जूता.मोजा पहन के स्कूल जा रहा है। योगी ने कहा कि बेहतर हुई इन स्थितियों से परेशान विपक्ष जानता है कि अगर गरीब का बच्चा पढ़.लिख लेगा तो इनकी जातिवादी.वंशवादी राजनीति बंद हो जाएगी। यह लोग इसी से दु:खी है।

सीएम ने शिक्षक के रूप में उनकी महती जिम्मेदारी का भान भी कराया। उन्होंने कहा कि हर शिक्षक अपने ग्राम के एक.एक घर की जानकारी रखें। किसका बच्चा स्कूल आ रहा हैए किसका नहींए यह जानेंए उनका मार्गदर्शन करें। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा का बजट 53 हजार करोड़ प्रतिवर्ष का है। इसका लाभ जनता को मिलना चाहिए, ताकि हमारे स्कूल किसी पब्लिक या कांवेन्ट स्कूल की बराबरी कर सकें।

बेसिक शिक्षा मंत्री डॉण् सतीश चंद्र द्विवेदी ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए बीते सवा चार सालों में विभाग में हुए 1,30000 शिक्षक भर्ती के शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न होने के लिए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमेशा से मेरिटए शुचिता और पारदर्शिता की नीति अपनाई हैए यह व्यवस्था एक मानक के रूप में उभर कर आई है। इससे पहलेए उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने बेसिकए माध्यमिक, प्राविधिक, व्यावसायिक और उच्च शिक्षण संस्थानों में हुई डेढ़ लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियों के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार ने विभागीय गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कियाए जबकि आभार ज्ञापन विभागीय सचिव अनामिका सिंह ने किया।

# 40 लाख से अधिक अंत्योदय कार्ड धारकों को भी मिलेगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश में 40 लाख से अधिक अंत्योदय कार्ड धारकों को सरकार प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख रुपये का नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराएगी। अंत्योदय कार्ड धारकों को यह लाभ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य की भांति उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि अंत्योदय कार्ड धारकों के नाम योजना से जुड़ने पर 40,79598 परिवारों के 1,30,55,710 लाभार्थियों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित मीडिया सेंटर में मीडिया से मुखातिब चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना



का शुभारम्भ 23 सितम्बर 2018 को किया गया था। आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ एसईसीसी.2011 की पात्रता सूची में चिन्हित 1.18 करोड़ परिवारों को मिल रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अन्तर्गत एसईसीसी.2011 की पात्रता सूची से वंचित लगभग 8.43 लाख परिवारों को भी आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिया जाना संभव हो सका। अब तक दोनों योजनाओं को मिलाकर प्रदेश के 6.32 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में सेकेण्डरी एवं टर्शियरी स्तर की बीमारियों के नि:शुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। अब अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों का भी डाटा जुड़ने से प्रदेश के 1.67 करोड़ परिवारों के लगभग 7.62 करोड़ लाभार्थियों को 5 लाख रूपये तक की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि गरीबों के लिये राज्य सरकार द्वारा लिये गये इस ऐतिहासिक निर्णय से प्रदेश के लगभग 40,79598 परिवारों के 1,30,55,710 लाभार्थियों को भी आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत अनुमन्य सभी प्रकार के लाभ मिल सकेंगे। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों की सूची को हर 6 माह पर अद्यतन किया जायेगा।

## गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को राज्यपाल व सीएम की बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी ने गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामना सन्देश में राज्यपाल ने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरु पूर्णिमा व गुरु.पूजन का पर्व विशेष महत्व है। ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु.शिष्य की परम्परा अति प्राचीन है। गुरु के आशीर्वाद से ही ज्ञान के साथ साथ सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति में ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु शिष्य की सुदीर्घ परम्परा है। बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना सम्भव नहीं है। गुरु के आशीर्वाद से सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। शास्त्रों के अनुसार गुरु पूर्णिमा पर महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। इसलिए गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। गुरु को ब्रह्मा, विष्णु, महेश के समान बताया गया है। गुरु शिष्य को रचता है, इसलिए वह ब्रह्मा है। गुरु, शिष्य की रक्षा करता है इसलिए वह विष्णु है। गुरु शिष्य के सभी दोषों का संहार करता है इसलिए वह साक्षात महेश्वर है।

## भाजपा विधि विभाग के प्रदेश संयोजक बने रवि सिंह सिसोदिया

**लखनऊ ( विसं )।** भाजपा के कानूनी एवं विधिक विषय विभाग का वकील रवि सिंह सिसौदिया को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने विभिन्न विभागों की सूची जारी की। वकील सिसौदिया को प्रदेश संयोजक नियुक्त किए जाने पर वकीलों ने हर्ष जताया और उन्हें बधाई दी। पिछले 20 साल से हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में वकालत कर रहे सिसौदिया भाजपा की अवध क्षेत्र के विधि प्रकोष्ठ के संयोजक के रूप में कार्यरत थे।

## बीएड प्रवेश परीक्षा 6 अगस्त को

**लखनऊ।** प्रदेश भर में बीएड की राज्य स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा 30 जुलाई के स्थान पर 6 अगस्त को होगी। परीक्षा के आयोजन को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार रात्रि को संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बार कोरोना प्रोटाकाल को देखते हुए सभी जनपदों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। इसके लिए पूरे प्रदेश में 14 नोडल सेंटर बनाये गए हैं। परीक्षा में 5,91,305 अ यर्थी शामिल होंगे। प्रवेश परीक्षा के परिणाम के 27 अगस्त तक जारी होने की संभावना है जबकि ऑनलाइन काउंसलिंग पहली सितंबर से शुरू होगी। वहीं शैक्षणिक सत्र 6 सितंबर से शुरू होना प्रस्तावित है। प्रदेश में जो नोडल केंद्र बनाए गए हैं उनमें बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी, झांसी, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ, छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटीए कानपुर, डॉ भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी आगरा, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलियाए महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालयए बरेली, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, बनारस, प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, लखनऊ विश्वविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय बनारस शामिल है।

# जेल वार्डरों की तैनाती की प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश

● पुलिस भर्ती बोर्ड ने नवचयनित 3638 जेल वार्डरों की सूची कारागार महकमे को सौंपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जेल वार्डर पुरुष के 3012 एवं जेल वार्डर महिला के 626 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन करके चयन सूची कारागार मुख्यालय को उपलब्ध करा दी गई है। सूची में अंकित नवचयनित जेल वार्डरों को नियुक्ति पत्र जारी करने तथा विभिन्न कारागारों पर उनकी तैनाती की प्रक्रिया को समयबद्ध तथा पारदर्शी तरीके से पूर्ण किए जाने के निर्देश डीजी जेल आनंद कुमार द्वारा दिए गए हैं।

निर्देशों के अनुपालन में कारागार महकमे ने नवचयनित अभ्यर्थियों की तैनाती एवं नियुक्ति प्रक्रिया निर्धारित कर दी है। जिसके अनुसार 6 अगस्त 2021 तक मुख्यालय स्तर पर गठित समिति नवचयनित अभ्यर्थियों को जेल आवंटित करने का कार्य मंडलवारए कारागारवार पूर्ण कर लेगी। 7 अगस्त से 14 अगस्त 2021 तक नवचयनित बंदी रक्षक अपनी आवंटित जेल की मंडल कारागारों के वरिष्ठ जेल अधीक्षक के समक्ष समस्त मूल अभिलेखों तथा प्रमाण पत्रों के साथ रिपोर्ट करेंगे। 16 अगस्त से 24 अगस्त 2021 तक मंडल जेलों के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रिपोर्ट कर चुके नवचयनित बंदी रक्षकों का मेडिकल परीक्षण कराकर मेडिकल रिपोर्ट, चरित्र प्रमाण पत्र ए सेल्फ एफिडेविट सहित अन्य अभिलेखों को चेक करके नियुक्ति पत्र जारी करेंगे। जेल वार्डर इस आशय का सेल्फएफ्डिेविट देंगे कि यदि उनके अभिलेखों, चिकित्सकीय प्रमाण पत्र, शैक्षिक अभिलेखों, जाति प्रमाण पत्र, पुलिस सत्यापन, चरित्र सत्यापन रिपोर्ट में किसी प्रकार की प्रतिकूलता पाई जाती है तो उनका चयन तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा सकेगी।

# विधानसभा चुनाव आने तक भाजपा कई रंग दिखाएगी: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने का अंतिम अवसर 2022 है। उत्तर प्रदेश में चुनाव की जनप्रतिक्रिया शुरू हो चुकी है। भाजपा ने राज्य की जनता का चार वर्ष से अधिक समय बर्बाद कर दिया है। भाजपा की चालों से सावधान रहना है। भाजपा राग.द्वेष से सरकार चला रही है। विधानसभा चुनाव आने तक भाजपा कई रंग दिखाएगी।

अखिलेश यादव शुक्रवार को समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश कार्यालय लखनऊ के डा. राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता निष्ठा से सक्रिय रहे। यूपी में 350 सीट का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रात.दिन काम करना पड़ेगा। केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार का चरित्र जनविरोधी है। किसान बिल के द्वारा भाजपा किसानों का भविष्य खराब



कर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाना चाहती है। काले कृषि कानून से खेत का मालिकाना अधिकार किसानों के हाथ से निकल जाएगा। भाजपा सुविधा के नाम पर असुविधा की व्यवस्था करती है। सरकार ने मण्डी व्यवस्था की उपेक्षा की है। अन्नदाता को उसकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं मिला। किसानों की आय दूर-दूर तक दोगुनी होने की कोई सम्भावना नहीं है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जनता को तात्कालिक लालच में फंसा कर लोकतंत्र की हत्या का इंतजाम कर रही है।

## सरकारी विभागों में खेल कोटा बहाल करने का फैसला

**लखनऊ।** लम्बे अर्से से बंद चल रही खिलाडी कोटे की भर्तियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर से बहाल किये जाने का बडा फैसला लिया है। जापान के टोक्यो में ओलंपिक खेलों से उद्घाटन से पहले सीएम के इस निर्णय को खिलाडियों को तोहफा माना जा रहा है। सीएम योगी ने शुक्रवार को लोक भवन में टीम-9 के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों को खेल कोटे के रिक्त पदों को बहाल किये जाने के निर्देश दिये। सीएम ने कहा कि सभी सरकारी विभागों में भर्ती में निलंबित स्पोर्ट्स कोटा को तत्काल ही बहाल करके इन्हे भरे जाने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को इस प्रक्रिया को शीघ्र ही शुरू करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश की सिविल पुलिस का विशालतम बल है। इसमें खेल कोटा के तहत प्रतिभावान खिलाड़ियों की सेवाएं लिया जाना उपयोगी होगा। पुलिस विभाग में खेल कोटा सृजित कर योग्य खिलाड़ियों की यथोचित पदों पर नियुक्ति प्रदान की जाए।

# अप्रवासी भारतीय यूपी में फैलाएंगे अपना कारोबार

● पांच जिलों में 32 एनआरआई ने 1045 करोड़ रुपए का निवेश करने में दिलचस्पी दिखाई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बहुराष्ट्रीय** कंपनियां के साथ-साथ विदेशों में रहने वाले भारतीयों की भी यूपी मे पूंजी निवेश में दिलचस्पी बढी है। पचास से अधिक अप्रवासी भारतीयों (एनआरआई) ने उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाने की पहल ही है। इनमें से 32 अप्रवासी भारतीयों ने नोएडा .ग्रेटर नोएडा, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर और प्रयागराज में करीब 1045 करोड़ रुपए का निवेश करने को लेकर सरकार के संपर्क में हैं। इन अप्रवासी भारतीयों ने कृषि, हेल्थ आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, सौर ऊर्जा सहित 15 सेक्टर में निवेश करने में रूचि दिखाई हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों के चलते ही यूपी देश.विदेश के निवेशकों के साथ ही अब अप्रवासी भारतीयों लिए चहेता राज्य बन गया है। बीते दो वर्षों में अप्रवासी भारतीयों ने प्रदेश में निवेश करने के बाबत उत्सुकता दिखाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बीते साल लांच किए गए वेबसाइट के बाद से इन मामले में तेजी आ गई है। मुख्यमंत्री द्वारा लांच की गई वेबसाइट के एनआरआई सेक्शन पर विदेशों में रह रहे 500 से अधिक अप्रवासी भारतीयों ने यूपी में निवेश करने को लेकर पड़ताल की। जिस पर शासन के स्तर पर निवेश करने के इच्छुक अप्रवासी भारतीयों के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए हर स्तर पर प्रयास शुरू हुए। इसी क्रम में 540 अप्रवासी भारतीयों को एनआरआई कार्ड जारी किए गए हैं।

अमेरिका, यूएई, ओमान, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, घाना, न्यूजीलैंड, रूस, इंग्लैंड आदि 18 देशों में रह रहे 32 अप्रवासी भारतीयों ने प्रदेश में निवेश करने के लिए अपने प्रस्ताव सरकार को भेजे हैं। अधिकारियों के अनुसार अमेरिका में रह रहे चारए यूएई में रह रहे आठ तथा ओमान, सिंगापुर और इंग्लैंड में रह रहे दो-दो भारतीयों में यूपी में निवेश करने संबंधी अपने प्रस्ताव शासन को भेजे। विदेशों में रह रहे जिन भारतीयों ने उत्तर प्रदेश में निवेश करने की पहल ही है, उनमें 13 ऐसे हैं जिनका विदेश में उद्यम है और अब उसका विस्तार वह यूपी में करना चाहते हैं। ऐसे ही विदेशों में बड़ी कंपनियों में जिम्मेदार पदों पर काम कर रहे 19 भारतीय अब अपना उद्यम स्थापित करने के लिए यूपी का रूख कर रहें हैं।

इन अप्रवासी भारतीयों के निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें भूमि उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहें हैं। जल्दी ही इन अप्रवासी भारतीयों के उद्यमों का निर्माण कार्य होगा। फिलहाल अप्रवासी भारतीयों के निवेश संबंधी प्रस्तावों को यूपी में स्थापित करने के लिए सूबे के अधिकारी उनके संपर्क में हैं ताकि उनकी दिक्कतों का समाधान किया जा सके। सूबे में निवेश के लिए आगे आये इन अप्रवासी भारतीयों के उद्यमों की स्थापना होने और उनमें उत्पादन शुरू होने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार कृषि के क्षेत्र में सातए हेल्थ सेक्टर में चार, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में चारए आईटी सेक्टर में तीन, ऊर्जा तथा सौर उर्जा के क्षेत्र में तीनए शिक्षा के क्षेत्र में दो, फूड प्रोसेसिंग में दो अप्रवासी भारतीयों ने अपने उद्यम स्थापित करने में रूचि दिखाई है। यूएई में रहने वाले अप्रवासी भारतीय हेल्थ केयर सेक्टर में 400 करोड़ रुपए का निवेश कर एक भव्य अस्पताल बनाना चाहते हैं। इसी प्रकार रूस में रह रहे अप्रवासी भारतीय डा. एस सिंह रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट में 300 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। कुवैत में रह रहे अप्रवासी भारतीय ने ऑटोमोटिव सेक्टर में 100 करोड़ रुपए का निवेश करने का प्रस्ताव सरकार को दिया है। घाना और न्यूजीलैंड में रह रहे अप्रवासी भारतीयों ने कृषि क्षेत्र में 150 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निवेश संबंधी मिले प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए विदेश में रह रहे भारतीयों से संपर्क कर उनकी दिक्कतों का निदान करने के निर्देश दिए हैं। राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री की यह सक्रिय ही राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दे रही है।

# धान खरीद की नई नीति बनाएगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किसानों** को उनकी उपज के दाने-दाने का भुगतान कराने के लिये योगी सरकार नयी धान खरीद नीति लाने जा रही है। इसके लिये सरकार के स्तर पर काम शुरू हो गया है। सीएम योगी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये हैं। सितम्बर माह से शुरु होने वाली धान खरीद के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाने पर भी सरकार का जोर है। मुख्यमंत्री सत्ता संभालने के बाद से लगातार किसानों को लाभ देने का काम किया है। इस साल सरकार ने गेहूं खरीद में अविश्वसनीय बदलाव लाते हुए ई-मंडियों की स्थापना की। किसानों को उनके खेत से 10 किमी के दायरे में गेहूं खरीद की सुविधा दी। किसानों ने जिन सुविधाओं की कभी कल्पना नहीं की थी उन व्यवस्थाओं को देकर लाभान्वित करने का बड़ा काम किया है। ई.पॉप मशीनों से गेहूं खरीद कर पारदर्शिता लाने वाली योगी सरकार ने प्रदेश के सर्वांगींण विकास को तेजी से आगे बढ़ाया है। कोरोना काल में खेती-खलिहानी को जारी रखते हुए बड़ी मात्रा में किसानों को लाभ देने का काम किया है। खरीद के 72 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया गया। जिसका नतीजा है कि आज तक के इतिहास में रबी विपणन वर्ष 2021-22 में उसने 1288461 किसानों से 56.25 लाख मेट्रिक टन गेहूं खरीद की गई है। किसानों को अधिक लाभ देने वाली योगी सरकार ने इसी तर्ज पर खरीफ की फ्सल में धान खरीद की तैयारी शुरु कर दी है। सीएम योगी ने किसानों के हित को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों से धान खरीद की नीति तैयार करने को कहा है।

# शोषित, वंचित समाज को नौकरियां नहीं देना चाहती भाजपा सरकार



● 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में ओबीसी की जातिवार सूची ना जारी किए जाने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले के विरुद्ध आंदोलनरत व पुलिसिया बर्बरता के शिकार घायल ओबीसी अभ्यर्थियों के साथ योगी सरकार द्वारा किया गया आरक्षण घोटाला उनके अधिकारों को हड़पने की साजिश है। पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा आरक्षण घोटाले की जांच के बाद आयी रिपोर्ट को दरकिनार कर सहायक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जाना यह बात प्रमाणित करता है कि सरकार की आरक्षण घोटाले का सच स्वीकार करने के बजायए शोषित वंचित समाज को नौकरिया नहीं देना चाहती। उन्होंने सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि सहायक शिक्षक भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जातियों के अधिकार हड़प लिए गए। अपने अधिकारो के लिये संघर्षरत पिछड़ी जातियों के बेरोजगर युवाओं पर पुलिसिया बर्बरता व लाठीचार्ज होते देखकर पिछड़ी जातियों के कथित भाजपा नेताओं की आत्मा भी नही जागी। अगर आरक्षण घोटाला नहीं हुआ तो अभ्यर्थियों की मांग के अनुरुप पिछड़ी जातियों के कुल कोटे के चयनित अभ्यर्थियों की जातिवार सूची सरकार क्यों नहीं जारी कर रही है।

## चालू सत्र में ही तीन कृषि कानूनों को रद्द करे केंद्रः मायावती



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सरकार पर किसान आंदोलन को लेकर एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। साथ ही मायावती ने केन्द्र सरकार से तीन कृषि कानूनों को चालू सत्र में ही रद्द करने की मांग की है। शुक्रवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि किसानों के प्रति सरकारों को अहंकारी ना होकर बल्कि संवेदनशील व हमदर्द होना चाहिए। किन्तु दु:ख यह है कि तीन कृषि कानूनों को रद्द करने को लेकर काफी लंबे समय से किसान यहां आंदोलित है अब ये जंतरमंतर पर किसान संसद लगाए हैं। केन्द्र चालू सत्र में ही इनको रद्द करें। बीएसपी की यह माँग है।

# चन्द्रशेखर आजाद की कुर्बानी से कुछ सीखें युवा: डॉ. दर्शन लाल

● जयंती पर वीर सपूत को किया गया नमन

**संवाददाता।** मेरठ

**देश** हमें सब कुछ देता है हम भी तो कुछ देना सीखें। अपने लिए तो सब करते हैं देश के लिए भी कुछ करें। आज का दिन बहुत ही गौरव का दिन है चंद्र शेखर आजाद ने स्वयं के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना शरीर न्योछावर कर दिया। सबको साथ लेकर चलना उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी यह बात आजादी के अमृत महोत्सव की सं या में आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी के दौरान मु य अतिथि चौव चरण सिंह विश्वविद्यालय की कार्य परिषद के सदस्य डॉ दर्शन लाल अरोड़ा ने कही।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर वाई विमला ने कहा कि क्रांतिकारियों की कुर्बानी से हमारा रोम-रोम ऋणी हैं जिनके कारण हम

## विवि के चित्रकला विभाग में प्रदर्शनी का आयोजन



आज स्वतंत्र भारत में सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश को आजाद करा कर शहीदों ने स्वर्ग बना दिया ए उनके बलिदान को शत.शत नमन है। कहा कि शहीदों के कार्य महान थे। हमारे संस्कारों में है क्रांतिकारियों की वीर गाथाएं हैं।

आज के युग में हम बेशक कह रहे हैं कि हम आगे बढ़ रहे हैंए लेकिन इन शहीदों की कुर्बानी को याद किए बिना हमारे विकास का कोई अर्थ नहीं है। यदि हम अपने गौरव को याद नहीं कर पा रहे हैं तो मानो हम सिर्फ अपने आप को दिखा रहे हैं। कहा कि हमारा अस्तित्व शहीदों का ऋणी रहेगा। चित्रकला प्रदर्शनी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा ने कहा कि शिक्षकों का बहुत बड़ा कार्य है विद्यार्थियों को संस्कारित करना और यह देखना कि उनके जीवन में क्या अच्छे कार्य हो सकते हैं। इसके लिए उन को प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करना यह हमारी प्रवृत्ति है लेकिन इससे बड़ी प्रवृत्ति सामाजिक सरोकार व देशहित की होनी चाहिए। इससे राष्ट्रीय व मानव जीवन अधिक धनात्मक रूप से प्रभावित होते हैं। प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा ने कहा कि बलिदान और त्याग के कारण ही आज चंद्र शेखर आजाद को हम स्मरण कर रहे हैं नमन कर रहे हैं। कहा कि भारतीय चिंतन में प्रारंभ से ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विचारों की भिन्नता को प्रमुखता प्रदान की गई है। कुलपति प्रोफेसर तनेजा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व के कारण ही अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश होना पड़ा। उस समय देश में दो दल थे एक नरम दल और एक गरम दल । नरम दल का सोचना था कि देश को आजाद कराने के लिए अहिंसा ही सबसे बड़ा हथियार है जबकि गरम दल का सोचना था कि जो हमारे देश पर शासन कर रहे हैं इन ताकतों को परास्त करने के लिए सर्वस्व बलिदान करना ही पड़ेगा । उन्होंने कहा कि यह देश उन तमाम बलिदानों के प्रति कृतज्ञ हैं जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना सबकुछ समर्पित कर दिया । प्रोफेसर तनेजा ने कहा कि शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए युवा सोचें कि देश के लिए क्या कर सकते हैं ।

कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर आराधना गुप्ता ने किया। इस दौरान कुलसचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह, कुलानुशासक प्रोफेसर वीरपाल सिंह, कार्यवाहक वित्त अधिकारी प्रोफेसर हरे कृष्णा, प्रोफेसर राकेश गुप्ता, प्रोफेसर नीलू जान गुप्ताए प्रोफेसर बिंदु शर्मा, प्रोफेसर अजय विजय कौर, प्रोफेसर विग्नेश त्यागी, कार्यक्रम की संयोजक डॉ अलका तिवारीए डॉ विवेक कुमार त्यागी डॉ पूर्णिमा वशिष्ठ, डॉ प्रदीप चौधरी, डॉ योगेश मोरल व प्रेस प्रवक्ता मितेंद्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# क्लैट 2021 प्रवेश परीक्षा में 569 अभ्यर्थी मिले गैरहाजिर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** के नामचीन विधि शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले को लेकर शुक्रवार को यूपी ईस्ट के पांच जिलों में स पन्न हुई कॉमन एडमिशन लॉ टेस्ट-2021 में कुल 569 अ यर्थी अनुपस्थित पाए गए। जबकि ऑफलाइन प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से स पन्न हो गई।

प्रवेश परीक्षा के आयोजन की जि मेदारी संभाल रहे डॉ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो एसके भटनागर के मुताबिक ईस्ट यूपी में लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और कानपुर में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमे लखनऊ में सात केंद्र बनाए गए थेए जबकि अन्य शहरों में एक-एक परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रवेश परीक्षा में कुल 7672 पंजीकृत अ यर्थियों को शामिल होना था। जिनमे 7103 अभ्यर्थियों ने पांच वर्षीय बीएएलएलबी और एक वर्षीय एलएलएम पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु क्लैट की परीक्षा दी। केवल 569 अ यर्थी अनुपस्थित रहे। अखिल भारतीय विधि प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ठंग से स पन्न हो गई। प्रवेश परीक्षा में ज़िला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग मिला। साथ ही स्थानीय प्रशासन ने आवागमन में भी अ यर्थियों को सहयोग दिया।

# मोदी को सत्ता से हटाने के लिए ममता ने छेड़ी मुहिम

## ● विपक्षी एकता का किया आह्वान

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की शानदार जीत से उत्साहित तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए विपक्षी एकता का आह्वान किया है। तृणमूल प्रमुख, जो अपने करियर के सबसे कठिन चुनावों में से एक को जीतने के बाद सबसे मजबूत विपक्षी चेहरे के रूप में उभरी हैं, जाहिर तौर पर राष्ट्रीय राजनीति में एक बड़ी भूमिका निभाने की कोशिश करती नजर आ रही हैं।

इस सप्ताह की शुरुआत में पार्टी की शहीद दिवस रैली में उन्होंने अपना वार्षिक संबोधन हिंदी, अंग्रेजी और बंगाली में दिया था। इस दौरान बनर्जी ने विपक्षी नेताओं से मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के वास्ते एकजुट होने और गठबंधन के गठन की दिशा में काम शुरू करने के लिए कहा था।

तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव कुणाल घोष ने कहा, कोई भी इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि ममता बनर्जी विपक्षी राजनीति के केंद्र के रूप में उभरी हैं। यदि आप उनके भाषण को देखते हैं, तो आपको पता चलेगा कि वह भाजपा विरोधी वोटों को एकत्र करना चाहती हैं और भाजपा के खिलाफ लोगों का गठबंधन बनाना चाहती हैं। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि बनर्जी ने 2014 और 2019 के अपने अनुभवों को देखते हुए विपक्षी एकता का आह्वान किया है, जब विपक्षी खेमे में नेतृत्व, एकता और समन्वय की कमी ने भाजपा को सत्ता में आने में मदद की थी। उन्होंने कहा, 2014



और 2019 के दौरान, एक संयुक्त मोर्चा बनाने के प्रयास कारगर नहीं हुए क्योंकि चुनाव से कुछ महीने पहले इसकी पहल की गई थी। इससे मतदाताओं में स्वीकृति की भावना पैदा नहीं हुई। इस बार, हम चाहते हैं सभी मतभेदों को दूर करें और प्रक्रिया को समय से पहले शुरू करें।

हालांकि तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व एक मजबूत भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने के लिए आशान्वित है लेकिन उनके खेमे के लिए सभी विपक्षी दलों को अपने राजनीतिक मतभेदों को दूर करने और साझा हित पर काम करने के लिए राजी करना एक कठिन काम होगा। हालांकि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी के पास चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर हैं, जो उनके लिए बहुत फायदेमंद हैं। किशोर ने हाल में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा से मुलाकात की थी। इस बीच राजनीतिक विश्लेषक विश्वनाथ चक्रवर्ती के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस विभिन्न दलों के नेताओं के साथ किशोर के तालमेल का फायदा उठाकर उन्हें मेज पर ला सकती है। उन्होंने कहा, 2019 में विपक्षी दलों की सबसे बड़ी कमी जो निकली, वह थी भाजपा के अभियान का मुकाबला करने के लिए एक साझा रणनीति का अभाव। तृणमूल कांग्रेस की ओर से प्रशांत किशोर जैसे चुनावी रणनीतिकारों के साथ, बनर्जी के लिए उन सभी को एक मंच पर लाना तुलनात्मक रूप से आसान होगा।

उन्होंने कहा, बंगाल चुनावों को लेकर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा मोदी बनाम ममता की लड़ाई के रूप में पेश करके देशव्यापी मीडिया प्रचार ने केवल तृणमूल कांग्रेस प्रमुख को खुद को ऐसे नेता के रूप में स्थापित करने में मदद की है जो 2014 से चले आ रहे भाजपा के विजई रथ को रोक सकती है। राजनीतिक विश्लेषक सुमन भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी सरकार की लोकप्रियता अब तक के सबसे निचले स्तर पर है और विपक्षी खेमे को इस समय का अधिकतम लाभ उठाने की आवश्यकता है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी लगता है कि अगर उनकी पार्टी ने उन्हें समर्थन नहीं दिया तो किसी भी गठबंधन की, भाजपा के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर विश्वसनीयता नहीं होगी। उन्होंने कहा, अगर कोई सोचता है कि वह कांग्रेस को विश्वास में लिए बिना भाजपा को हरा सकता है, तो वह व्यक्ति दिन में सपने देख रह रहा है।




नई दिल्ली में अरमैक्स-21 अभियान दल की फ्लैग इन सेरेमनी में मौजूद केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# 105 साल की उम्र में साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली भगीरथी अम्मा का निधन

**भाषा।** कोल्लम (केरल)

**केरल** में साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली सबसे बुजुर्ग महिला भगीरथी अम्मा का निधन हो गया। वह 107 वर्ष की थीं। पारिवारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक वृद्धावस्था में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण उनका निधन हुआ। उन्होंने बृहस्पतिवार देर रात अपने घर में ही अंतिम सांस ली। भगीरथी अम्मा ने दो साल पहले ही 105 वर्ष की उम्र में साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी सराहना भी की थी।

कोल्लम जिले के प्रक्कुलम की रहने वाली भगीरथी को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रतिष्ठित नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। भगीरथी अम्मा ने 2019 में राज्य द्वारा संचालित केरल राज्य साक्षरता मिशन (केएसएलएम) द्वारा आयोजित चौथी कक्षा की समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सबसे उम्रदराज छात्रा बनने का इतिहास रचा था। भगीरथी अम्मा राज्य साक्षरता मिशन द्वारा कोल्लम में आयोजित परीक्षा में शामिल हुई थीं और उन्होंने 275 में से 205 अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। गणित विषय में उन्हें पूरे अंक प्राप्त हुए थे।

गौरतलब है कि भगीरथी अम्मा को पारिवारिक परेशानियों के कारण नौ वर्ष की आयु में अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। पढ़ाई के प्रति उनके जुनून की मोदी ने भी प्रशंसा की थी। प्रधानमंत्री ने अपने रेडियो कार्यक्रम ँमन की बातै में भी भगीरथी अम्मा के बारे में जिक्र किया था। भगीरथी अम्मा के परिजनों के मुताबिक वह 10वीं कक्षा की परीक्षा भी उत्तीर्ण करना चाहती थीं।

## देश में 854 लोगों पर एक डॉक्टर :सरकार

**नई दिल्ली।** देश में प्रति 854 लोगों पर एक डॉक्टर है जिसमें माना जाता है कि 80 प्रतिशत उपलब्धता पंजीकृत एलोपैथिक डॉक्टरों की है। सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी।केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती पवार ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पंजीकृत नर्सिंग कर्मियों की करीब 70 प्रतिशत उपलब्धता पर विचार करते हुए नर्स-जनसंख्या अनुपात।:559 है।उन्होंने कहा, राज्य चिकित्सा परिषदों और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के साथ 12.68 लाख एलोपैथिक डॉक्टर पंजीकृत हैं। पवार ने कहा, देश में डॉक्टर-जनसंख्या का अनुपात 1:854 है। माना जाता है कि 80 प्रतिशत उपलब्धता पंजीकृत एलोपैथिक डॉक्टरों की और 5.56 लाख आयुष डॉक्टर हैं। मंत्री ने कहा कि भारतीय नर्सिंग परिषद के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार देश में करीब 32.63 लाख पंजीकृत नर्सिंग कर्मी, 22.72 लाख पंजीकृत नर्स और 9.91 लाख पंजीकृत नर्स सहायक हैं।

# शुभेंदु अधिकारी ने आपराधिक मामले सीबीआई को सौंपने के लिए अदालत में याचिका दायर की

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है और राज्य की पुलिस द्वारा अपने खिलाफ दर्ज किए गए सभी आपराधिक मामलों को सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया है। अधिकारी ने राज्य पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों को भी रद्द करने का आदेश देने का आग्रह किया है। भाजपा विधायक ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का अनुरोध करते हुए बृहस्पतिवार को रिट याचिका दायर की।

उन्होंने आरोप लगाया है कि विपक्षी दल का नेता होने के कारण उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध का सामना करना पड़ रहा है और उनके खिलाफ झूठे दावे करके मामले दर्ज किए गए। उन्होंने उच्च न्यायालय से उनके खिलाफ प्राथमिकियों को रद्द करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया।

राज्य की पुलिस और आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) अधिकारी से जुड़े कई मामलों की जांच कर रहा है। पेगासस जासूसी सॉफ्टवेयर के साथ कथित जासूसी गतिविधियों को लेकर देशभर में मचे हंगामे के बीच भाजपा नेता ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि उन्हें पूर्व मेदिनीपुर जिले के पुलिस अधीक्षक अमरनाथ के. की फोन से जुड़ी जानकारियां मिली थीं जिसके चलते पुलिस ने मंगलवार को उनके खिलाफ स्वतः संज्ञान मामला दायर किया।

अधिकारी ने सोमवार को जिले के तमलुक इलाके में पार्टी की एक बैठक के दौरान स्थानीय पुलिस प्रमुख को सार्वजनिक रूप से सलाह दी थी कि वह ऐसा कुछ भी न करें जिससे उनका कश्मीर में तबादला करना पड़ जाए। नंदीग्राम से विधायक अधिकारी ने इस साल की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को मामूली अंतर से हराया।

जिला पुलिस पूर्व मेदिनीपुर में राहत सामग्री की कथित चोरी के मामले की भी जांच कर रही है। राज्य सीआईडी एक पुलिस कांस्टेबल की अप्राकृतिक मौत की जांच कर रही है जो तीन साल पहले अधिकारी के सुरक्षा दल का हिस्सा था जब वह पूर्ववर्ती टीएमसी सरकार में मंत्री थे। कांस्टेबल की विधवा की शिकायत पर हाल में हत्या का मामला दर्ज किया गया और मामले की जांच सीआईडी को सौंपी गई।

## क्विक न्यूज

### असम के 42 बच्चों को सिक्किम में बचाया गया, दो गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि प्रदेश के कुल 42 बच्चों को सिक्किम मे मुक्त कराकर शुक्रवार को वापस राज्य मे लाया गया। सरमा ने यहां संवाददाताओ को बताया कि इन बच्चो के माता पिता भारत-भूटान सीमा पर चिरांग जिले के चार गांवो के रहने वाले है और दो व्यक्तियो ने उन्हें बहलाकर आश्वासन दिया था कि इन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का ध्यान रखा जाएगा लेकिन उनसे घरेलू सहायको का काम लिया जा रहा था। अधिकारियो ने कहा कि दो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है और पूछताछ के दौरान उनमे से एक ने दावा किया कि बीते दो साल मे वह राज्य से बाहर 80 बच्चो को ले जा चुके है और उनमे से कुछ को दुबई भेज दिया गया। बोडोलैंड प्रांतीय परिषद के प्रमुख प्रमोद बोडो और विशेष डीजीपी एल आर बिश्नोई के निर्देशन मे चिरांग पुलिस ने बच्चो की वापसी के लिए यह अभियान शुरू किया था जबकि सिक्किम पुलिस ने इसमे आवश्यक मदद व सहायता उपलब्ध कराई।

### अजित पवार ने बाढ़ के हालात पर की राजनाथ से चर्चा

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने राज्य में बाढ़ से बिगड़ते हालात पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ शुक्रवार को चर्चा की। पवार के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान मे कहा गया कि रक्षा मंत्री ने राहत एवं बचाव अभियानो मे रक्षा बलो की मदद का आश्वासन दिया है। सेना और नौसेना की टीमें राज्य मे पहले ही तैनात कर दी गई है।बयान मे कहा गया कि महाराष्ट्र के राहत एवं पुनर्वास सचिव असीम गुप्ता को रक्षा मंत्रालय के साथ समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला संरक्षण मंत्रियो तथा निर्वाचित स्थानीय प्रतिनिधियो से बाढ़ प्रभावित जिलो मे जाने को कहा गया है। बयान के अनुसार, रायगढ़ की संरक्षण मंत्री अदिति तटकरे, रत्नागिरी के संरक्षण मंत्री अनिल परब आदि से अपने क्षेत्रो मे मौजूद रहने और राहत तथा बचाव अभियानो की निगरानी करने को कहा गया है।

### भाजपा की राजनीति में किसानों के लिए जगह नहीं : डोटासरा

**जयपुर (भाषा) ।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने किसानो के मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा की राजनीति मे किसानो के लिए जगह नही है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय मे एक कार्यक्रम मे डोटासरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव किसान विरोधी राजनीति करने के लिए जानी जाती है। उन्होने कहा कि भाजपा जिस प्रकार की राजनीति करती है उसमें किसानो के लिए कोई स्थान नही है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर मे किसानो के लिए जितनी अपमानजनक बाते कही गई और उन पर अनर्गल आरोप लगाए गए वे निंदनीय है। कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा के नेता किसान पुत्रों को खालिस्तानी कहते है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की नई मंत्री मीनाक्षी लेखी किसानो को मवाली कहकर संबोधित करती है। यह भारतीय जनता पार्टी की किसान विरोधी विचारधारा का परिचायक है।

### राज्य में टीके की कोई खुराक बर्बाद नहीं हुई : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि राजस्थान मे टीके की कोई खुराक बर्बाद नही हुई और यह उन लोगो के लिए करारा जवाब है जिन्होने टीके की बर्बादी के झूठे आरोप लगाकर हमारे स्वास्थ्यकर्मियो का मनोबल गिराया था। गहलोत ने ट्वीट किया, आज लोकसभा मे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि राजस्थान मे टीके की कोई खुराक बर्बाद नही हुई बल्कि 13 जुलाई तक 2.46 लाख टीके की अतिरिक्त खुराक लगाई गई। यह उन लोगो के लिए करारा जवाब है जिन्होने टीके बर्बादी के झूठे आरोप लगाकर हमारे स्वास्थ्यकर्मियो का मनोबल गिराया था। उन्होने कहा कि टीके की शीशी मे कई बार 10 की जगह 11 खुराक आती है। सावधानीपूर्वक टीकाकरण से इस अतिरिक्त खुराक का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके कारण टीके की बर्बादी नेगेटिव यानी शून्य से कम है। जानकारी के अभाव मे विपक्षी नेताओ ने नेगेटिव खराबी का मजाक उड़ाया था।

### झूठे मामले दर्ज कर रही है द्रमुकः अन्नाद्रमुक

**चेन्नई।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने मुख्य विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओ के खिलाफ झूठे मामले दर्ज कर तुच्छ राजनीतिक कदम उठाया है। पूर्व मंत्री एमआर विजयभास्कर से संबंधित परिसरो मे सतर्कता अधिकारियो द्वारा छापेमारी करने के एक दिन बाद, पार्टी ने द्रमुक सरकार पर अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं पर झूठे मामले थोपने संबंधी तुच्छ राजनीतिक कदम उठाने का आरोप लगाया। पार्टी के शीर्ष दो नेताओ ओ पनीरसेल्वम और के पलानीस्वामी ने एक बयान मे कहा कि अगर द्रमुक शासन इस तरह की रणनीति के माध्यम से अन्नाद्रमुक को खत्म करने का सपना देखता है, तो यह केवल एक दिन के सपने के रूप में समाप्त हो जाएगा। उन्होने कहा कि अन्नाद्रमुक एक ऐसा आंदोलन है जो इस तरह के दमन के बावजूद और ताकतवर होता गया।



बेंगलुरू में मुख्यमंत्री येदियुरप्पा ने मंत्रियों व अधिकारियों के साथ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के कार्यों का निरीक्षण किया

# एदियुरप्पा के बाद अनुसूचित जाति के किसी नेता को सीएम बनाए भाजपाः सिद्धरमैया

**भाषा।** मंगलुरु

**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने बी एस एदियुप्पा के इस्तीफे की अटकलों के बीच कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा को शुक्रवार को अनुसूचित जाति समुदाय के किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाने की चुनौती दी। सिद्धरमैया ने कहा, नलिन कुमार कतील (भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष) ने मुझे चुनौती देते हुए कहा था कि सिद्धरमैया किसी दलित को मुख्यमंत्री (पद का चेहरा) घोषित करें। हमारी पार्टी से अनुसूचित जाति के चार नेता अतीत में मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इनमें महाराष्ट्र में शिंदे (सुशील कुमार शिंदे), जगन्नाथ पहाड़िया-राजस्थान और दामोदरम संजीवैय्या-आंध्र प्रदेश शामिल हैं।

सिद्धरमैया ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कतील के पास अनुसूचित जाति के किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने का मौका है। उन्होंने कहा, खैर, एदियुरप्पा को (मुख्यमंत्री पद से) हटा दिया जाएगा, अब उनके (भाजपा) के लिए एक अवसर है, वे ऐसा कर सकते हैं। वैसे भी एदियुरप्पा के जाने के बाद सीट (मुख्यमंत्री सीट) खाली हो जाएगी। अगर उन्हें अनुसूचित जाति से प्रेम है और वे ऐसा कर सकते हैं तो उन्हें करने दें। वे (भाजपा) सामाजिक न्याय का सम्मान नहीं करते, लेकिन दूसरों से सवाल करते हैं।

एदियुरप्पा ने नेतृत्व में बदलाव को लेकर बढ़ती अटकलों के बीच बृहस्पतिवार को इस बात का संकेत दिया था कि वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। उन्होंने कहा था कि वह भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के आदेश का पालन करेंगे। एदियुरप्पा (78) ने कहा था कि पार्टी आलाकमान कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर उनके भविष्य के बारे में 25 जुलाई को उन्हें निर्देश देगा। एदियुरप्पा सरकार के दो साल 26 जुलाई को पूरे हो जाएंगे।

## संसदीय सवालों के जवाबों को ममता खुद परखेंगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फैसला किया है कि वह संसदीय सवालों के जवाब भेजे जाने से पहले अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले इन उत्तरों को खुद देखेंगी और फिर इन्हें स्वीकृति प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने यह निर्णय इन खबरों के बीच किया है कि उनकी सरकार के विभाग संसदीय सवालों के जवाब समय पर नहीं भेजते। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्य सचिव एच के द्विवेदी ने एक संदेश में सचिवों को निर्देश दिया है कि वे संबंधित जवाब उन्हें भेजें जिन्हें अंतिम स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। सरकार के संज्ञान में आया है कि संसदीय सवालों के जवाब हमेशा समय पर नहीं भेजे जाते। इसलिए, अतिरिक्त मुख्य सचिवों, संयुक्त सचिवों, सचिवों से अपने जवाब मुख्य सचिव को भेजने को कहा गया है। वह (मुख्य सचिव) इसके बाद इन जवाबों को स्वीकृति के लिए सक्षम प्राधिकार, जो मुख्यमंत्री हैं, को भेजेंगे।

# महाराष्ट्र में ऑक्सीजन की कमी से कोविड के किसी मरीज की मौत नहीं हुईः टोपे

**भाषा।** पुणे

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान राज्य में चिकित्सकीय ऑक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके कारण किसी मरीज की मौत नहीं हुई थी। टोपे ने नेशनल कोल्ड चेन अनुसंधान केन्द्र के एक छात्रावास के उद्घाटन के अवसर पर संवाददाताओं से यह बात कही।

उन्होंने कहा, राज्य में चिकित्सकीय ऑक्सीजन की कमी के कारण कोविड-19 के किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। ऐसी मौतें देश के अन्य राज्यों में हो सकती हैं। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने मंगलवार को संसद में कहा था कि कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान किसी भी राज्य अथवा केन्द्र शासित प्रदेश में ऑक्सीजन की कमी के कारण किसी मरीज की मौत नहीं हुई थी। इसको लेकर विपक्ष और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सरकार की कड़ी आलोचना की थी। टोपे ने कहा कि राज्य में प्रति दिन कोविड-19 रोधी टीके की करीब 3.5 लाख खुराकें लगाई जा रही हैं, जबकि उसकी क्षमता एक दिन में टीके की 10 लाख खुराक लगाने की है।

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, मैं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात कर महाराष्ट्र के लिए टीके की और अधिक खुराकों की मांग करूंगा। इसके लिए मैंने भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को साथ आने के लिए कहा है। राज्य में स्कूलों को दोबारा खोले जाने पर टोपे ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के निर्देशों का पालन करेगी जोकि यह निर्धारित करता है कि शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के टीकाकरण के बाद ही शैक्षणिक संस्थानों को फिर से खोला जा सकता है।

# पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह के खिलाफ रंगदारी मांगने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई** के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह के खिलाफ एक बिल्डर के रिश्तेदार से कथित तौर पर रंगदारी वसूलने और फिरौती के लिए अपहरण करने के आरोप में एक और मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ठाणे में शुक्रवार को दर्ज की गई प्राथमिकी (एफआईआर) में डीसीपी रैंक के एक अधिकारी और तीन अन्य का भी नाम है। शिकायतकर्ता शरद अग्रवाल ने शुक्रवार तड़के ठाणे के कोपरी पुलिस थाने में संपर्क किया और परम बीर सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जो पहले ठाणे पुलिस प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। अन्य आरोपियों की पहचान मुंबई पुलिस के डीसीपी रैंक के अधिकारी पराग मानेरे, संजय पुनामिया, सुनील जैन और मनोज घोटकर के रूप में हुई है। अग्रवाल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर उससे दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी और उसकी जमीन का जबरन अधिग्रहण कर लिया।

मुंबई पुलिस ने बताया कि श्याम सुंदर अग्रवाल ने शिकायत दी थी कि परमबीर सिंह, पांच अन्य पुलिस अधिकारियों और दो अन्य लोगों ने उनके खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने के लिए 15 करोड़ रुपए मांगे थे। शिकायत मिलने के बाद बुधवार को आरोपियों के खिलाफ रंगदारी, धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। शरद अग्रवाल श्यामसुंदर अग्रवाल के भतीजे हैं।

पुलिस ने कहा कि शिकायत के आधार पर, आईपीसी की धारा 384, 385, 388, 389, 420, 364ए, 34 और 120बी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में जांच जारी है। उन्होंने कहा कि मामले के दो आरोपी पुनामिया और जैन को मुंबई पुलिस पहले ही दक्षिण मुंबई के मरीन ड्राइव में दर्ज मामले में गिरफ्तार कर चुकी है।

मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के पास एक वाहन मिलने पर बर्खास्त किए गए पुलिस अधिकारी सचिन वाजे की गिरफ्तारी के बाद इस साल मार्च में पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से हटा दिया गया था। उस वाहन में विस्फोटक सामग्री रखी मिली थी। बाद में सिंह ने राज्य के तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।



थाणे इलाके में भारी बारिश के कारण उलहास नदी में आई बाढ़ से रायथा गांव का एक पुल बह गया।

# दूरसंचार कंपनियों की याचिकाएं खारिज

● एजीआर संबंधित बकाया की गणना में गड़बड़ी को लेकर सप्रीम कोर्ट में दायर की गयी थी याचिका



**भाषा**। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल समेत दूरसंचार क्षेत्र की बड़ी कंपनियों की तरफ से उनके द्वारा चुकाए जाने वाले समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) संबंधी बकाया की गणना में गलतियों को आरोप लगाते हुए दायर की गई याचिकाओं को शुक्रवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, सभी अर्जियां खारिज की जाती हैं। दूरसंचार कंपनियों ने शीर्ष अदालत में दलील दी कि गणना में अंकगणितीय त्रुटियों को ठीक किया जाए और प्रविष्टियों में दोहराव के मामले भी हैं। शीर्ष अदालत ने 19 जुलाई को कहा था कि वह दूरसंचार क्षेत्र की बड़ी कंपनियों द्वारा दायर आवेदनों पर आदेश पारित करेगी। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल सितंबर में सरकार को अपना बकाया राशि का भुगतान करने के लिए एजीआर से संबंधित 93,520 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए संघर्ष कर रहे दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को 10 साल का समय दिया था। आवेदनों पर 19 जुलाई को सुनवाई के दौरान, पीठ ने मामले में शीर्ष अदालत द्वारा पारित पूर्व के आदेश का संदर्भ दिया था और कहा था कि एजीआर संबंधित बकाए का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। दूरसंचार की एक कंपनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने तर्क दिया था कि वे इसके लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) को दोष नहीं दे रहे थे क्योंकि अंकगणितीय प्रविष्टियां हैं और वे विभाग के समक्ष प्रविष्टियां रखना चाहते हैं ताकि वे इस पर फिर से विचार कर सकें। पिछले साल सितंबर के आदेश में, शीर्ष अदालत ने कहा था कि दूरसंचार संचालकों को 31 मार्च 2021 तक दूरसंचार विभाग द्वारा मांगे गए कुल बकाए का 10 प्रतिशत भुगतान करना होगा और बाकी राशि एक अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2031 तक सालाना किस्तों में चुकाई जा सकती है। एजीआर बकाया के संबंध में दूरसंचार विभाग की मांग को अंतिम मानते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि दूरसंचार कंपनियों कोई विवाद पैदा नहीं करेंगी और कोई पुनर्मूल्यांकन नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने अक्टूबर 2019 में एजीआर के मुद्दे पर अपना फैसला सुनाया था। दूरसंचार विभाग ने पिछले साल मार्च में शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर कर 20 साल की अवधि में दूरसंचार कंपनियों द्वारा बकाया भुगतान की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

## धारा 24 ए के तहत अपराधों के शमन के लिए सेबी की सहमति जरूरी नहीं

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने माना कि सेबी की धारा 24ए के तहत अपराधों के शमन के लिए बाजार नियामक की सहमति अनिवार्य नहीं है, हालांकि प्रतिभूति बाजार की स्थिरता के साथ-साथ निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक विशेषज्ञ निकाय होने के नाते इसकी राय लेनी जरूरी है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एमआर शाह की पीठ ने कहा कि हालांकि सेबी के पास विचाराधीन अपराधों की सुनवाई के बारे में वीटो करने का कोई अधिकार नहीं है, लेकिन यह एक नियामक और अभियोजन एजेंसी है और प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण और अदालतों को इसके विचार लेने चाहिए, क्योंकि यह एक विशेषज्ञ निकाय है। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रतिभूति बाजार की स्थिरता और निवेशकों की सुरक्षा के हित में सेबी के विचार जानना जरूरी है। पीठ ने कहा, धारा 24ए, के तहत किसी अर्जी पर कोई भी निर्णय लेने से पहले अपीलीय या ऐसी अदालतों को सेबी के विचार जान लेना जरूरी है।

## 792 निजी खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं को मंजूरी दी

**भाषा**। नई दिल्ली

**निजी** क्षेत्र द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने की 818 में से 792 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसके लिए अब तक 5,792 करोड़ रुपए का सहायता अनुदान स्वीकृत किया गया है।

सरकार ने शुक्रवार को संसद को यह जानकारी दी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सरकार कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने और अपव्यय को कम करने के लिए देश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए, निजी क्षेत्र के निवेश को लगातार प्रोत्साहन और सहायता दे रही है।

मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने हाल ही में इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को और बढ़ाने के लिए तीन प्रमुख पहल की हैं।

# अपीलीय न्यायाधिकरण ने समाधान योजना पर रोक लगाने से किया इनकार

**भाषा**। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने शुक्रवार को दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लि. (डीएचएफएल) की समाधान योजना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

समाधान योजना के तहत पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस सफल बोलीदाता और अधिग्रहणकर्ता कंपनी है। 63 मून्स फाइनेंशियल टेक्नोलॉजीज की अपील पर सुनवाई करते हुए अपीलीय न्यायाधिकरण ने यह आदेश दिया।

चेयरपर्सन एआईएस चीमा और सदस्य आलोक श्रीवास्तव की दो सदस्यीय पीठ ने इस संदर्भ में 63 मून्स फाइनेंशियल टेक्नोलॉजीज की अपील खारिज कर दी। अपील में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ द्वारा मंजूर समाधान योजना पर रोक लगाने का अंतरिम आदेश देने का आग्रह किया गया था।

इससे पहले एनसीएलटी ने सात जून को पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लि. की कर्ज में डूबी डीएचएफएल को लेकर समाधान योजना को मंजूरी दे दी थी। कंपनी में डिबेंचरधारक 63 मून्स ने याचिका दायर कर अपीलीय न्यायाधिकरण में फैसले को चुनौती दी थी।

अपील में आग्रह किया गया था कि उसने अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष दो याचिकाएं दायर की हैं और जबतक इस पर निर्णय नहीं हो जाता, एनसीएलटी के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाए।

# शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स मजबूत

● रुपया छह पैसे मजबूत

**भाषा**। मुंबई

**शेयर** बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बैंक, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और दवा कंपनियों के शेयरों में मजबूती के साथ बीएसई सेंसेक्स 138 अंक बढ़त में रहा। हालांकि कोविड-19 के डेल्टा संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता के साथ सप्ताह के दौरान इसमें गिरावट रही।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार से बाहर निकलते हुए 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 138.59 अंक यानी 0.26 प्रतिशत मजबूत होकर 52,975.80 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 32 अंक यानी 0.20 प्रतिशत मजबूत होकर 15,856.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 3.18 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में आईसीआईसीआई बैंक रहा। शनिवार को जारी होने वाले परिणाम से पहले से आईसीआईसीआई बैंक में तेजी रही। इसके अलावा, आईटीसी, एसबीआई, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और टेक महिंद्रा के शेयर भी प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। इनमें 2.56 प्रतिशत तक की तेजी आई। दूसरी तरफ, एलएंड टी, एचयूएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स और एचडीएफसी बैंक समेत अन्य शेयरों में 1.80 प्रतिशत तक की गिरावट रही। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 164.26 अंक यानी 0.30 प्रतिशत नीचे आया जबकि निफ्टी 67.5 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटा।

एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा, बाजार में आज हाल के इतिहास में सबसे बहुप्रतीक्षित आईपीओ में से एक जोमैटो की मजबूत सूचीबद्धता देखी गई। हालांकि उत्साह व्यापक नहीं था...। साप्ताहिक रुख भी मामूली रूप से नकारात्मक रहा क्योंकि ज्यादातर सूचकांकों में सप्ताह के दौरान गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार स्थानीय निवेशकों के उच्च घरेलू प्रवाह से घरेलू बाजार में तेजी बनी रही। उन्होंने कहा कि कंपनियों के बेहतर परिणाम से भी देश और विदेश में रुख सकारात्मक है। वहीं फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक में मौद्रिक नीति नरम बनाए रखने पर चर्चा होनी है।

आकर्षक आईपीओ, बैंक और रियल्टी कंपनियों के शेयरों ने घरेलू खरीदारों को आकर्षित किया।

यूरोपीयन सेंट्रल बैंक के नरम रुख की बात दोहराए जाने के बाद वहां प्रमुख बाजारों में मध्याह्न कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे मजबूत होकर 74.40 पर बंद हुआ।

## सुधारों के चलते बेहतर हुई भारत की व्यापार सुविधा रैंकिंग

**नई दिल्ली**। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीआईसी) के तहत विशेष रूप से सीमा शुल्क विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा किए गए सुधारों के कारण भारत की व्यापार सुविधा रैंकिंग बेहतर हुई है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डिजिटल एवं टिकाऊव्यापार सुविधा पर संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक सर्वेक्षण में भारत की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बयान के मुताबिक भारत ने ताजा सर्वेक्षण में 90.32 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि इससे पहले 2019 में उसे 78.49 प्रतिशत अंक मिले थे। दुनिया भर की 143 अर्थव्यवस्थाओं के मूल्यांकन के बाद 2021 के सर्वेक्षण में भारत की स्थिति पारदर्शिता, संस्थागत व्यवस्था एवं सहयोग, कागज रहित व्यापार सहित कई लिहाज से बेहतर हुई। सर्वेक्षण में कहा गया कि दक्षिण एवं दक्षिण पश्चिम एशिया क्षेत्र और एशिया प्रशांत क्षेत्र की तुलना में भारत का प्रदर्शन बेहतर रहा।

# व्यापार सुगमीकरण में भारत की स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारत** ने यूएनईएससीएपी के डिजिटल और सतत व्यापार सुगमीकरण पर वैश्विक सर्वेक्षण में 90.32 प्रतिशत अंक हासिल कर उल्लेखनीय सुधार हासिल किया है। सर्वेक्षण 2021 में 143 अर्थव्यवस्थाओं के मूल्यांकन के बाद पाया गया कि भारत ने सभी महत्वपूर्ण संकेतकों, पारदर्शिता, औपचारिकताााएं, संस्थागत व्यवस्था और सहयोग, कागज रहित व्यापार और सीमा पार कागज रहित व्यापार में उल्लेखनीय सुधार किया है। भारत ने डिजिटल और सतत व्यापार सुगमीकरण पर वैश्विक सर्वे में 90.32 प्रतिशत अंक हासिल किया। यह 2019 में 78.49 प्रतिशत के मुकाबले महत्वपूर्ण सुधार है। पारदर्शिता संकेतक के तहत देश ने 2021 में 100 प्रतिशत अंक हासिल किया जो 2019 में 93.33 प्रतिशत था। कागज रहित व्यापार के मामले में अंक 96.3 प्रतिशत रहा जो 2019 में 81.48 प्रतिशत था। संस्थागत व्यवस्था और सहयोग के मामले में भारत का अंक सुधरकर 88.89 प्रतिशत रहा जो 2019 में 66.67 प्रतिशत था। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डिजिटल और सतत व्यापार सुविधा पर संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक सर्वेक्षण में भारत ने अंक हासिल करने में महत्वपूर्ण सुधार किया है। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) विभिन्न सुधारों को आगे बढ़ाने में अगुआ रहा है। उसने महत्वपूर्ण सुधार तुरंत कस्टम के माध्यम से बिना आमने सामने आए (फेसलेस), कागज रहित (पेपरलेस)और संपर्क रहित (कांटेक्टलेस) सीमा शुल्क व्यवस्था को आगे बढ़ाया। मंत्रालय ने कहा कि इससे यूएनईएससीएपी की डिजिटल और सतत व्यापार सुविधा की रैंकिंग में सुधार को लेकर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। एशिया प्रशांत के लिए आर्थिक और सामाजिक आयोग संयुक्त राष्ट्र के क्षेत्रीय केंद्र के रूप में कार्य करता है और समावेशी तथा सतत विकास प्राप्त करने के लिए देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है। वित्त मंत्रालय के अनुसार कोविड-19 महामारी के दौरान सीमा शुल्क विभाग ने ऑक्सीजन संबंधित उपकरण, दवाइयां, टीका आदि जैसे कोरोना संक्रमण के इलाज में जरूरी सामानों के तत्काल आयात को लेकर हर संभव प्रयास किए।

## केनेथ जस्टर यूएसआईबीसी के वैश्विक बोर्ड में शामिल

**वाशिंगटन**। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत केनेथ जस्टर को अमेरिका भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के वैश्विक बोर्ड में सलाहकार नियुक्त किया गया है। यूएसआईबीसी की अध्यक्ष निशा देसाई बिस्वाल ने कहा कि हम अपने वैश्विक बोर्ड के सलाहकार के रूप में राजदूत जस्टर का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। वह अमेरिका-भारत साझेदारी के सच्चे समर्थक हैं, जिन्होंने द्विपक्षीय संबंधों पर एक निर्विवाद छाप छोड़ी है। यूएसआईबीसी ने कमल अहलूवालिया को एटफोल्ड एआई का अध्यक्ष, गुरु बांदेकर को ग्लोबल स्ट्रैटेजिक सोर्सिंग स्टेनली ब्लैक एंड डेकर का मुख्य खरीद अधिकारी और रघु रघुराम को वीएमवेयर का सीईओ बनाने की घोषणा भी की। जस्टर 2017 से 2021 तक भारत में अमेरिकी दूत थे। पिछले कुछ वर्षों के दौरान अमेरिका-भारत संबंध तेजी से मजबूत हुए हैं।

# जून में पी-नोट्स के जरिए निवेश बढ़कर 92,261 करोड़ रुपए हुआ

● 37 माह के उच्चस्तर पर

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय** पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिए निवेश जून के अंत तक बढ़कर 92,261 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह इसका 37 माह का उच्चतम स्तर है। इससे भारतीय पूंजी बाजार के प्रति विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ने का संकेत मिलता है। भारतीय बाजार विनियामक सेबी के साथ पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो (एफपीआई) निवेशक अपने उन विदेशी ग्राहकों को पी-नोट जारी करते है जो भारत में अपना पंजीकरण कराए बिना यहां की प्रतिभूतियों में निवेश करना चाहते हैं। हालांकि, इसके लिए उन्हें पहचान के मामले में पूरी जांच-परख की प्रक्रिया को पूरा करना होता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार भारतीय बाजारों इक्विटी, ऋण और हाइब्रिड सिक्योरिटीज में पी-नोट्स के जरिए निवेश जून के अंत तक बढ़कर 92,261 करोड़ रुपए हो गया। यह मई के अंत में 89,743 करो रुपए , अप्रैल अंत में 88,447 करोड़ रुपए और मार्च अंत में 89,100 करोड़ रुपए था। जून अंत में पी-नोट्स के जरिए हुए कुल 92,261 करोड़ रुपए के निवेश में से 83,792 करोड़ रुपए शेयरों में निवेश किए गए।

## निर्यात 45.13 प्रतिशत बढ़ा: वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली**। देश का निर्यात इस महीने एक से 21 जुलाई के बीच 45.13 प्रतिशत बढ़कर 22.48 अरब डॉलर रहा। रत्न एवं आभूषण, पेट्रोलियम और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से निर्यात बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के अस्थाई आंकड़े के अनुसार आयात भी इस दौरान 64.82 प्रतिशत बढ़कर 31.77 अरब डॉलर रहा। इससे व्यापार घाटा 9.29 अरब डॉलर रहा। आंकड़े के अनुसार रत्न और आभूषण, पेट्रोलियम और इंजीनियरिंग निर्यात एक से 21 जुलाई के दौरान क्रमशः 42.45 करोड़ डॉलर, 92.333 करोड़ डॉलर और 55.14 करोड़ डॉलर रहे। पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उत्पादों का आयात करीब 77.5 प्रतिशत बढ़कर 1.16 अरब डॉलर रहा।

# नाबार्ड ने एमपी के 71 लाख से अधिक किसानों को दिए ऋण

**भाषा**। भोपाल

**राष्ट्रीय** कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पिछले कुछ सालों में मध्यप्रदेश के 71 लाख से अधिक किसानों को 55,759 करोड़ रुपए का फसल ऋण वितरित किया है। इसके साथ ही पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य संबद्ध क्षेत्रों के लिए भी प्रदेश में 24,526 करोड़ रुपए का ऋण लोगों दिए गए हैं। नाबार्ड के ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि मध्यप्रदेश के छह दिवसीय दौरे पर आए नाबार्ड के अध्यक्ष डॉ जीआर चिंताला ने बृहस्पतिवार को यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और उन्हें बैंक की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। नाबार्ड के अध्यक्ष ने बताया कि बैंक ने मध्यप्रदेश में पिछल कुछ सालों में 71 लाख से अधिक किसानों को फसल ऋण के लिए 55,759 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया है। इसके अलावा बैंक ने पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, गोदाम, भंडारण, खाद्य प्रसंस्करण ओर अन्य संबद्ध कार्यो के लिए 24,526 करोड़ रुपए की दार्घकालिक पुनर्वित सहायता प्रदान की है। डॉ चिंताला ने कहा कि किसी भी राज्य के सर्वांगीण विकास में सड़क और बिजली महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नाबार्ड ने प्रदेश में 17,349 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों, 46,352 मीटर पुल तथा 158.84 मेगावाट के बिजली संयंत्र आदि के निर्माण में अपना वित्त पोषण और सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड ने सिंचाई के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्य सरकार का सहयोग किया है। इसके परिणामस्वरूप 34,09,151 हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता का सृजन हुआ है, जिससे लगभग 15141 गांवों को लाभ हुआ है।

# इंडियन एनर्जी एक्सचेंज का शुद्ध लाभ 47 प्रतिशत बढ़ा

**भाषा**। नई दिल्ली

**बिजली** बाजार इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही अपैल-जून में 47 प्रतिशत बढ़कर 62.10 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। आईएक्स ने एक बयान में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में उसे 42.09 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की कुल आय जून 2021 को समाप्त पहली तिमाही में 102.88 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 81.09 करोड़ रुपए थी। आईईएकस के अनुसार आलोच्य तिमाही के दौरान कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए कई राज्यों में लगाई गई पाबंदियों के बावजूद बिजली खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

**मानसून में देरी के असर का आकलन करना जल्दबाजी : तोमर**

**नई दिल्ली**। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को कहा कि खरीफ फसलों पर मानसून में देरी के प्रभाव का आकलन करना जल्दबाजी होगी क्योंकि बुवाई अभी जारी है। तोमर ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 21 जुलाई तक की अवधि के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश सामान्य बारिश से पांच प्रतिशत कम है।

# पेज 1 का शेष

## हंगामे की भेंट चढ़ा...

राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने उच्च सदन में लगातार हो रहे हंगामे और व्यवधान पर क्षोभ प्रकट करते हुए, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव के हाथों से एक विपक्षी सदस्य द्वारा बयान की प्रति छीन उसके टुकड़े हवा में लहराने की घटना को 'संसदीय लोकतंत्र पर हमला' करार दिया। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी की विभीषिका के बीच यह सत्र आयोजित हुआ है और जनता से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जानी है। उन्होंने सदस्यों के सामने कई सवाल भी उठाए ओर उनसे इर पर चिंतन करने को कहा।

सभापति ने बृहस्पतिवार को सदन में हुए हंगामे और इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सदस्य शांतनु सेन सहित अन्य विपक्षी नेताओं के आचरण का जिक्र किया और इसे अशोभनीय बताया। सभापति ने कहा कि कल जो कुछ हुआ, निश्चित रूप से उससे सदन की गरिमा प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की गरिमा ही प्रभावित होती है। नायडू ने कहा कि उन्होंने पहले भी इस बात पर जोर दिया है कि संसद राजनीतिक संस्थाओं से बहुत बड़ी है क्योंकि उसके पास संवैधानिक अधिकार हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन ऐसा लगता है कि संसद की गरिमा और संविधान के प्रति नाम मात्र का सम्मान है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।'' राज्यसभा के सभापति ने कहा कि जब देश आजादी के 75वें साल में प्रवेश कर रहा है तो ऐसे समय में सदन की कार्यवाही में व्यवधान अच्छा संदेश नहीं देता। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि वह सदन की गरिमा धूमिल न होने दें। उन्होंने सदस्यों को याद दिलाया कि वे संसदीय लोकतंत्र के संरक्षक हैं और उन्हें अपने-अपने राज्यों के और वहां की जनता के मुद्दे उठाने चाहिए। उन्होंने कहा, ''सदन में व्यवधान न्याय का कोई तरीका नहीं है।''उच्च सदन में आज विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेगासस जासूसी विवाद का मुद्दा उठाना चाहा और कहा कि उन्होंने नेताओं, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों, पत्रकारों और अन्य लोगों की जासूसी संबंधी आरोपों के बारे में एक नोटिस दिया है। पीठासीन अध्यक्ष भुवनेश्वर कालिता ने कहा कि इस बारे में सरकार की तरफ से पहले ही बयान दिया जा चुका है। इसी बीच, राज्यसभा में उपनेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि इस मुद्दे को उठाया जा चुका है ओर इस पर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री का बयान आ चुका है। उन्होंने कहा, ''इस दौरान किस तरह का व्यवहार विपक्ष के कुछ लोगों ने उनके साथ किया था, यह देश ने देखा है। नकवी बोल ही रहे थे कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस सहित कुछ अन्य विपक्षी दलों ने हंगामा प्रारंभ कर दिया। इसके तुरंत बाद ही कालिता ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा में सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और प्रश्नकाल शुरू कराया। इसके बाद कुछ विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष के आसन के निकट पहुंच गए। कुछ सदस्यों के हाथों में तख्तियां थी जिन पर पेगासस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच की मांग के बारे में लिखा हुआ था। सदन में हंगामे के बीच ही स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने अपने मंत्रालयों से संबंधित पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। बिरला ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और कोविड दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा, ''कोविड संक्रमण और टीकाकरण की स्थिति पर बात हो रही है। आप लोगों ने मास्क नहीं लगा रखे हैं। कोरोना संक्रमण खत्म नहीं हुआ है। आप जन प्रतिनिधि हैं। अगर आप खुद संक्रमण फैलाएंगे तो फिर क्या संदेश जाएगा।'' लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, ''कोविड दिशानिर्देशों का पालन करिए। आप मास्क निकालकर नारेबाजी कर रहे हैं और तख्तियां दिखा रहे हैं, यह उचित नहीं है। आप लोग अपनी सीट पर जाइए, आपको चर्चा करने का मौका दूंगा।'' हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने करीब 11.15 बजे सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## राहुल ने फोन टैपिंग...

हमारे प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने भारत के संस्थाओं और लोकतंत्र के खिलाफ इसका उपयोग किया। मेरा फोन टैप किया। यह मेरी निजता का मामला नहीं है। मैं विपक्ष का एक नेता हूं और मैं जनता की आवाज उठाता हूं। यह जनता की आवाज पर आक्रमण है।'' उन्होंने दावा किया, ''राफेल मामले की जांच रोकने के लिए पेगासस का उपयोग किया गया। नरेंद्र मोदी जी ने इस हथियार का उपयोग हमारे देश के खिलाफ किया। इसके लिए सिर्फ एक शब्द है 'राजद्रोह'।'' राहुल गांधी ने कहा, ''गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए और नरेंद्र मोदी की भूमिका उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच होनी चाहिए क्योंकि इसके उपयोग का आदेश प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ही दे सकते हैं।'' उन्होंने दावा किया कि उनके फोन को टैप किया गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सवाल किया, ''अगर भारत सरकार ने पेगासस का उपयोग नहीं किया तो किसी दूसरी सरकार ने किया होगा क्योंकि पेगासस को सिर्फ सरकार को बेचा जा सकता है। प्रधानमंत्री क्यों नहीं कहते कि इसकी जांच कराई जाएगी? इसका भी जवाब दें कि उन्होंने इसे खरीदा है या नहीं?'' राहुल गांधी ने दावा किया, ''मेरा फोन टैप किया गया है। मेरे सुरक्षा में लगे लोगों ने बताया कि मेरा फोन टैप किया गया। ऐसा तीन-चार बार किया गया। मेरे दोस्तों को फोन किया जाता है और बताया जाता है कि राहुल गांधी का फोन टैप किया जा रहा है।''

## राहुल गांधी अपना...

राहुल गांधी ने इससे पहले कहा था कि उनके सभी फोन टैप किए गए हैं। राठौर ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी का बयान ''गैर-जिम्मेदाराना'' है और कहा कि लोकतंत्र में अगर कोई कुछ कहना चाहता है, तो उसे कहने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अपना फोन जांच एजेंसी को सौंप देना चाहिए और भारतीय दंड संहिता के तहत जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम अब इंतजार करेंगे कि राहुल गांधी अपना फोन जांच को आगे बढ़ाने के लिए कब जमा करेंगे।'' लोकसभा में राहुल गांधी की अनुपस्थिति पर तंज कसते हुए राठौर ने कहा, ''हम सभी संसद में उनके रिकार्ड से अवगत हैं।'' राहुल गांधी केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## पेगासस की नई लिस्ट...

पांचवें पत्रकार ने अपना नाम नहीं छापने का अनुरोध किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कश्मीर से ताल्लुक रखने वाले और इस समय दिल्ली निवासी राजनीतिक टिप्पणीकार शब्बीर हुसैन भी इस सूची में हैं। हुर्रियत कांफ्रेंस के उदारवादी धड़े ने अपने अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक और अन्य नेताओं के फोन की जासूसी की निंदा की और इसे मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन करार दिया।

## नवजोत सिद्धू ने पंजाब...

अमृतसर (पूर्व) से विधायक सिद्धू ने कहा, पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता और राज्य इकाई प्रमुख के बीच कोई अंतर नहीं है। पंजाब का हर कांग्रेस कार्यकर्ता आज से पार्टी की प्रदेश इकाई का प्रमुख बन गया है। पंजाब कांग्रेस के नए कार्यकारी अध्यक्षों संगत सिंह गिलजियां, सुखविंदर सिंह डैनी, पवन गोयल और कुलजीत सिंह नागरा ने भी यहां पार्टी के मुख्यालय में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मौजूदगी में कार्यभार संभाला। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब मामलों के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रभारी हरीश रावत, पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्टल, वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा और लाल सिंह सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## महाराष्ट्र में बारिश से...

अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि कोंकण के पर्वतीय क्षेत्रों से निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह कोल्हापुर जिले में एक बस के एक नदी में बहने से ठीक पहले उस पर सवार 11 लोगों को बचा लिया गया। राज्य में लोगों को बारिश से कोई राहत मिलती नहीं नजर आ रही है क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने छह जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जो पहले से बारिश से सराबोर हैं। आईएमडी ने अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है और एहतियाती उपायों की सिफारिश की है। अगले 24 घंटों के लिए तटीय कोंकण इलाके में रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के साथ ही पश्चिमी महाराष्ट्र के पुणे, सतारा और कोल्हापुर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। बृहस्पतिवार शाम रायगढ़ जिले में महाड तहसील के तलाई गांव में भूस्खलन हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, भूस्खलन के स्थान से 36 शव बरामद किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बारिश से जुड़ी घटनाओं में लोगों की मौत होने पर दुख जताया है। इस बीच, महाराष्ट्र सरकार ने भूस्खलन में मरने वाले लोगों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की शुक्रवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने रायगढ़ में भूस्खलन से अपनी जान गंवाने वाले प्रत्एक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

## उद्यमी ने की रिश्तेदार...

लेकिन संदीप उन्हें रुपये वापस नहीं कर रहा था। हत्या के पीछे यही कारण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार 38 वर्षीय सुरेंद्र गुप्ता परिवार के साथ रोहिणी सेक्टर तीन में रहते थे। प्रहलादपुर इलाके में उनकी केमिकल की फैक्ट्री है। सुरेंद्र की रोहिणी सेक्टर तीन निवासी 34 वर्षीय अमित गोयल से सालों पुरानी दोस्ती है। वह उनकी फैक्ट्री के कामकाज को भी संभालते थे। बताया जाता है कि रोहिणी निवासी सुरेंद्र जैन ने दो साल पहले वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में बर्तन की फैक्ट्री खोली थी। संदीप ने भी यहां बर्तन की एक फैक्ट्री खरीदी थी। हालांकि यह अभी चालू नहीं हुई थी। रिश्तेदार होने के कारण सुरेंद्र ने चीन से मशीन मंगाकर संदीप की मदद की थी, लेकिन रुपये नहीं लौटाने के कारण दोनों के रिश्ते खराब होने लगे थे।

## जम्मू में आईईडी सामग्री...

उन्होंने बताया कि ड्रोन में लगभग तैयार अवस्था में पांच किलोग्राम आईईडी सामग्री थी जिसमें विस्फोट से पहले सिर्फ तारों को जोड़ना बाकी था। शुरुआती जांच के मुताबिक ड्रोन छह पहियों वाला हेक्जा-एम-कॉप्टर था और उसमें जीपीएस तथा उड़ान को नियंत्रित करने वाला उपकरण भी लगा था। उन्होंने बताया, संभावित आईईडी विस्फोट को रोक दिया गया।

# रैंकिंग राउंड में भारतीय तीरंदाजों का मिश्रित प्रदर्शन

**● पुरुष टीम और मिश्रित युगल रैंकिंग में नौवें स्थान पर रही**

**भाषा** । टोक्यो

**दुनिया** की नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी शुक्रवार को यहां युमेनोशिमा पार्क में ओलंपिक रैंकिंग राउंड में अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाई लेकिन पुरुष तीरंदाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिससे भारत को मिश्रित युगल जोड़ी में फेरबदल करने के लिए बाध्य होना पड़ा। कोरियाई तीरंदाज ने दबदबा बनाया जो 2019 के बाद से ओलंपिक की तैयारियों के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर रहे थे जिसमें महिलाओं के वर्ग में शीर्ष तीन स्थान के अलावा युवा एन सान ने 25 साल का ओलंपिक रिकार्ड भी तोड़ा। अतनु दास, प्रवीण जाधव और तरुणदीप राय की भारतीय पुरूष टीम हालांकि अच्छा स्कोर नहीं बना सकी और टीम रैंकिंग में बस किसी तरह से शीर्ष 10 में पहुंचने में सफल रही। दीपिका 663 अंक से नौंवे स्थान पर रहीं जो उनके सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग स्कोर 686 से काफी कम है। दीपिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती अंतिम आठ में आ सकती है, जहां उनका सामना ओलंपिक में पदार्पण कर रही सान से होने की संभावना है। दो साल पहले इसी स्थान पर सान से हारी दीपिका का इरादा बदला चुकता करने का होगा। तीरंदाजी में देश को पहला ओलंपिक पदक दिलाने की कोशिश में जुटे भारतीयों को आगे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। जिसमें पुरुष और मिश्रित युगल जोड़ी के क्वार्टरफाइनल में कोरिया से भिड़ने की संभावना है।

भारत ने पुरुष और मिश्रित टीम रैंकिंग में एक समान नौंवा स्थान हासिल किया। वहीं दीपिका मिश्रित युगल स्पर्धा में अपने पति और अनुभवी तीरंदाज अतनु दास की बजाय प्रवीण जाधव के साथ उतरेंगी। शुक्रवार को क्वालीफिकेशन दौर के प्रदर्शन के आधार पर यह फैसला लिया गया। पदार्पण कर रहे प्रवीण जाधव अनुभवी तीरंदाज दास (35वें स्थान) और राय (37वें स्थान) से आगे रहे। जाधव और दास का स्कोर समान 329 था, पर महाराष्ट्र का तीरंदाज अंतिम छह सेट में उनसे आगे निकल गया और उसने 720 में से 656 अंक जुटाए। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता राय अपना तीसरा ओलंपिक खेल रहे हैं, वह 64 तीरंदाजों में 37वें स्थान पर रहे।



## रियो की कसक दूर करने उतरेंगे भारतीय निशानेबाज



**टोक्यो**। रियो ओलंपिक में नाकामी के बाद से लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे भारतीय निशानेबाज टोक्यो में पदकों के साथ उस मलाल को मिटाने की कोशिश करेंगे और इस बार भारतीय दल से एक या दो नहीं बल्कि चार पदकों की उम्मीद है। यूं तो भारत के 15 निशानेबाजों में से सभी पदक जीतने में सक्षम हैं लेकिन कुछ को सबसे प्रबल पदक उम्मीद माना जा रहा है। इनमें से एक सौरभ चौधरी हैं जिनका सामना ओलंपिक और विश्व चैम्पियनों से होना है। पहले दिन पुरुषों की दस मीटर एयर पिस्टल में चौधरी और अभिषेक वर्मा भारत की चुनौती पेश करेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कल अपूर्वी चंदेला और इलावेनिल वालारिवन की तकदीर का भी फैसला होगा। भारत के पास यह पदकों का खाता खोलने का भी मौका रहेगा। दुनिया की नंबर एक इलावेनिल देश के सर्वश्रेष्ठ राइफल निशानेबाजों में से है और ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग पिछले सात साल से उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। चौधरी ने अपने छह साल के कैरियर में इतनी कामयाबी पाई है कि वह टोक्यो में पदक की उम्मीदों में से है। दूसरे दिन भारत की मनु भाकर और यशस्विनी सिंह देसवाल दस मीटर एयर पिस्टल में उतरेंगी। पुरूषों की दस मीटर एयर राइफल में दिव्यांश सिंह पंवार और दीपक कुमार चुनौती पेश करेंगे। निशानेबाजी स्पर्धा के आखिरी दौर में राही सरनोबत, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, अंजुम मुद्गिल, तेजस्विनी सावंत, संजीव राजपूत और दो स्कीट निशानेबाज मैराज अहमद खान और अंगद वीर सिंह बाजवा उतरेंगे।

## हाकीः भारत की पहली भिड़ंत न्यूजीलैंड से

**टोक्यो**। गौरवशाली अतीत की धरोहर और पिछले कुछ अर्से के शानदार प्रदर्शन से मिले आत्मविश्वास के दम पर चार दशक बाद ओलंपिक में पदक जीतने का सपना पूरा करने की कवायद में जुटी भारतीय हॉकी टीम के सामने शनिवार को ग्रुप ए में न्यूजीलैंड के रूप में पहली चुनौती होगी। रियो से टोक्यो तक विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंची भारतीय टीम ने परिपक्वता का एक लंबा सफर तय किया है।

ओलंपिक की सबसे कामयाब टीम भारत ने आठ बार स्वर्ण पदक जीता लेकिन आखिरी पदक 1980 में मॉस्को में मिला था। पिछले चार साल में हालांकि भारत ने एशिया कप (2017), एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी (2018) और एफआईएच सीरिज फाइनल (2019) अपने नाम किए। भुवनेश्वर में 2018 विश्व कप में मनप्रीत सिंह की टीम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची। रियो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रही भारतीय टीम में इस बार 10 ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका यह पहला ओलंपिक है। इनमें अधिकांश जूनियर हॉकी विश्व कप 2016 में सफलता का स्वाद चख चुके हैं और उसे सीनियर स्तर पर दोहराने को बेताब हैं। भारत के पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरों में शुमार पी आर श्रीजेश, अनुभवी डिफेंडर बीरेंद्र लाकड़ा, हरमनप्रीत सिंह और रूपिंदर पाल सिंह है। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह पर दारोमदार होगा तो मिडफील्ड में कप्तान मनप्रीत सिंह का अनुभव काम आएगा जो अपना तीसरा ओलंपिक खेल रहे हैं और भारतीय दल के ध्वजवाहक भी हैं। दूसरी ओर न्यूजीलैंड ने 1976 मांट्रियल ओलंपिक में खिताब जीता था। उसके पास स्टीफन जेनेस और हुजो इंगलिस जैसे बेहतरीन स्ट्राइकर हैं जबकि केन रसेल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ हैं।

दो साल पहले कोरिया को ओलंपिक क्वालीफायर में हराकर न्यूजीलैंड ने टोक्यो का टिकट कटाया। ग्रुप ए में भारत को गत चैम्पियन अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड और स्पेन से पार पाना होगा। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी और दोनों ग्रुप से शीर्ष चार टीमें अगले चरण में पहुंचेंगी। ग्रुप बी में बेल्जियम, कनाडा, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका हैं।

### जीतने के लिए उतरेगी महिला हाकी टीम

**नई दिल्ली**। पुरुष हॉकी टीम की तरह भारतीय महिला हॉकी के पास ओलंपिक में कोई गौरवशाली इतिहास नहीं है और 36 बरस बाद रियो ओलंपिक में उतरने के बाद एक भी मैच नहीं जीत पाने की टीस वह टोक्यो में यादगार प्रदर्शन के जरिए दूर करना चाहेगी हालांकि पहले ही कदम पर उसे दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड से खेलना है। लगातार दूसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछले कुछ अर्से में अपने प्रदर्शन से उम्मीद जगाई है। रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज रानी रामपाल की टीम का पहला लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में प्रवेश होगा। मॉस्को ओलंपिक 1980 के 36 साल बाद रियो ओलंपिक खेलने वाली भारतीय टीम पांच में से चार मैच हार गई थी और उसने 19 गोल गंवाए। एकमात्र ड्रा जापान के खिलाफ खेला और पूरे टूर्नामेंट में टीम तीन ही गोल कर सकी।

### मुक्केबाजी में अभियान की शुरूआत करेंगे विकास

**टोक्यो**। अनुभवी विकास कृष्ण (69 किग्रा) शनिवार को यहां स्थानीय प्रबल दावेदार सेवोनरेट्स क्विंकी मेनसाह ओकाजावा के खिलाफ भारत के मुक्केबाजी ओलंपिक अभियान की शुरूआत करेंगे। विकास रयोगोकू कोकुगिकान एरीना में होने वाली मुक्केबाजी स्पर्धाओं के शुरूआती दिन रिंग में उतरने वाले एकमात्र भारतीय मुक्केबाज होंगे, इसी वजह से उन्होंने उद्घाटन समारोह में नहीं जाने का फैसला किया।

भारतीय मुक्केबाजों को पदक दौर तक पहुंचने के लिए कई चुनौतीपूर्ण बाधाओं को पार करना होगा। 29 वर्षीय विकास अपने तीसरे और शायद अंतिम ओलंपिक में पदक जीतने के लिए बेताब होंगे। विकास के प्रतिद्वंद्वी ओकाजावा ने 2019 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था और इसी साल विश्व चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में भी पहुंचे थे।

**PUBLIC NOTICE**

Whom it may concern that my client Smt. Nitu Wd/o Late Sh Rajender R/o 50, Kharkhari Roundh, New Delhi has entered into an agreement with Sh Mahender S/o Sh Jagat Singh R/o Village Shikarpur, New Delhi for purchasing his 1/16th share in the agricultural land total measuring 83 bighas and 11 biswas comprised in Rectangle No. 33, khasra nos. 21 (4-16), 22 (4-09), Rectangle no. 34, khasra nos. 25/2 (2-04); Rectangle no. 41, khasra nos. 20/1/2 (0-01); Rectangle no. 53, khasra no. 18/2 (2-01), 19 (5-07), 21/2 (2-07), 22 (4-16), 23 (4-16), 24 (4-16), 27 (0-03); Rectangle no. 55, khasra no. 1 (4-16), 2 (4-16), 3 (0-19); Rectangle no. 56, khasra no. 5 (4-16); Rectangle no. 74, khasra no. 8 (4-05), 13 (4-12), 18 (4-12), 23 (4-12) and Rectangle no. 76, khasra no. 3 (4-16), 7 (4-07), 8 (4-16), 13/1 (0-08) situated in the revenue estate of Village Shikarpur, Tehsil Kapashera, New Delhi and also paid the earnest money to him. The general public is hereby informed/ advised to not enter into any kind of transaction for the above said land with Sh Mahender S/o Sh Jagat Singh R/o Village Shikarpur, New Delhi or anyone claiming through him. If any person enters into transaction for the above said land with Sh Mahender, then the same shall be at his/ her own risk and cost.

B.S. Maan (Advocate)
411 Block-III, Delhi High Court
New Delhi-110001

## सिंधु से भारत को स्वर्ण दिलाने की उम्मीद



**टोक्यो**। ओलंपिक पदार्पण में पांच साल पहले रजत पदक जीतने वाली मौजूदा विश्व चैम्पियन पीवी सिंधु शनिवार को यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन स्पर्धा में भारत की स्वर्ण पदक हासिल करने की मुहिम की अगुवाई करेंगी। रियो में सिंधु ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन फाइनल में वह कड़े मुकाबले में हार गईं। यह भारतीय इस बार स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए बेताब होगी। वह अपना अभियान ग्रुप जे में शुरू कर रही हैं जिसमें हांग कांग की चेयुंग एनगान यि (34वीं रैंकिंग) और इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा (58वीं रैंकिंग) शामिल हैं। सिंधु रविवार को अपना शुरूआती मैच खेलेंगी जबकि हमवतन खिलाड़ी बी साई प्रणीत और चिराग शेट्टी और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी की पुरूष जोड़ी शनिवार को अपना अभियान शुरू करेंगे। सिंधु से रियो ओलंपिक से पहले उलटफेर करने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन उन्हें पदक का दावेदार नहीं माना जा रहा था। सिंधु के प्रीक्वार्टरफाइनल में मिया ब्लिचफेल्ट से और क्वार्टर में दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से भिड़ने की उम्मीद है। पुरुष एकल में प्रणीत ओलंपिक में स्वप्निल पदार्पण करना चाहेंगे जो अपना अभियान इस्राइल के मिशा जिल्बरमैन के खिलाफ शुरू करेंगे। ग्रुप डी में शीर्ष पर रहने के लिए 13वें वरीय भारतीय को नीदरलैंड के मार्क कालजोऊ को हराना होगा और फिर वह ग्रुप सी के विजेता से भिड़ेंगे। पुरुष युगल में चिराग और सात्विक को मुश्किल ड्रा मिला है जिन्हें शनिवार को चीनी ताइपे के लीग यांग और वांग चि लिन की तीसरी रैंकिंग की जोड़ी से भिड़ना है। उन्हें ग्रुप चरण में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी और इंग्लैंड की 18वीं रैंकिंग की जोड़ी से भिड़ना है।

**PUBLIC NOTICE**

On instructions from my client, this is to acknowledge that Vipin Kumar Ghai aged 61 S/o L.D. Ghai and Indu Ghai W/o Vipin Kumar Ghai aged 56 both R/o H.No. G-126, Gali No. 2, Hari Nagar, ND-58, with sound health and in mentally fit condition without any fear, coercion or undue influence is willing debarring/disowning her son Nikhil Ghai aged 29 S/o Vipin Kumar Ghai and Indu Ghai, from all our movable and immovable properties because Nikhil Ghai is not taking care of us as well as he is harassing and behaving in cruel manner with their parents. Also, the parents will not be responsible for any of the future actions or misconducts done by him.

**Nisheeth Khurana (Advocate)**
**Off.:- 62, Ground Floor, Pocket 4,**
**Sector 11, Dwarka, New Delhi -75**
**Ph. 9911112997, 011-47002518**

kotak **KOTAK MAHINDRA BANK LTD.**
**PUBLIC NOTICE**

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Office and other related business, desire to take on Lease for the period of 9 (Nine) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
| --- | --- |
| ALL THAT the piece and parcel of property being premises/shop admeasuring about total 4000 sq. ft. Carpet area (approx..) on the Ground floor and basement of building situated at Premises no.- H-1/16, Sector-63, Next to Electronic City, Noida-201301. | M/S Aditya Lands Pvt. Ltd. Having Registered office at: 67, New Municipal Double Story Market Lodhi Colony New Delhi -110003 |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21,
Infiniti Park, off Western Express Highway,
General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400097

## ओसाका का मैच एक दिन के लिए टला

**ओलंपिक डायरी**

**टोक्यो**। ओलंपिक टेनिस टूर्नामेंट में नाओमी ओसाका के शुरुआती मैच को शनिवार से रविवार तक के लिए टाल दिया गया है। आयोजकों ने हालांकि इसका कारण नहीं बताया है लेकिन उन्होंने केवल इतना कहा कि यह कदम टूर्नामेंट रेफरी की ओर उठाया गया है। ओसाका को मूल रूप से शनिवार सुबह सेंटर कोर्ट पर खेलों की पहली प्रतियोगिता में चीन की 52वीं रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग साइसाई के खिलाफ अपने अभियान को शुरू करना था।

ओसाका जापान की शीर्ष खिलाड़ियों में एक है और इस फैसले के पीछे एक कारण शुक्रवार की शाम को उद्घाटन समारोह में उनका भाग लेना हो सकता है। फ्रेंच ओपन के पहले दौर के बाद टेनिस से विश्राम लेने वाली ओसाका लगभग दो महीने बाद प्रतिस्पर्धा में वापसी कर रही है।



### उक्रेन के विरोध के बाद बदला नक्शा

**टोक्यो**। ओलंपिक की वेबसाइट पर दिया गया एक नक्शा उक्रेन के विरोध के बाद बदलना पड़ा चूंकि इसमें क्रीमिया प्रायद्वीप से सटी एक सीमा को शामिल किया गया था। यह नक्शा ओलंपिक वेबसाइट पर चीयर जोन का हिस्सा था जिसमें दुनिया भर के प्रशंसक तोक्यो ओलंपिक में अपनी अपनी टीमों का समर्थन कर रहे हैं। गुरूवार को नक्शे पर क्रीमिया के शीर्ष पर काली रेखा थी जो राष्ट्रीय सीमा की तरह ही थी।

शुक्रवार को इस पर कोई रेखा नहीं थी। क्रीमिया को 2014 में रूस ने अपने कब्जे में ले लिया लेकिन उक्रेन इसे अभी भी अपना क्षेत्र मानता है। जापान स्थित उक्रेन दूतावास ने बताया कि उन्होंने आईओसी के समक्ष विरोध दर्ज कराया और अब नक्शे में बदलाव करदि या गया है।

### रूस की तीरंदाज टोक्यो की गर्मी में बेहोश हुई

**टोक्यो**। रूसी तीरंदाज स्वेतलाना गोम्बोएवा शुक्रवार को टोक्यो ओलंपिक में प्रतियोगिता के दौरान भीषण गर्मी में बेहोश हो गई। रूसी ओलंपिक समिति द्वारा जारी बयान में कोच स्टानिस्लाव पोपोव ने कहा कि क्वालीफाइंग दौर पूरा करने के तुरंत बाद गोम्बोएवा अचेत होकर गिर गई। इसके बाद चिकित्सा कर्मचारियों ने उनकी मदद की।

रूस के कोच ने कहा, मेरे सामने पहली बार ऐसा कुछ हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे पहले व्लादिवोस्तोक में जहां हम अभ्यास कर रहे थे वहां भी ऐसी ही गर्मी थी लेकिन यहां नमी बहुत ज्यादा है। टीम की उनकी साथी केन्सिया पेरोवा ने कहा कि वह एक अन्य खिलाड़ी के साथ अपने नतीजे पर चर्चा कर रही थीं जब उन्हें पता चला कि गोम्बोएवा अचेत होकर गिर गई थी। पेरोवा ने कहा कि यह शायद हीटस्ट्रोक (लू लगने जैसी स्थिति) के कारण हुआ।

गोम्बोएवा शुक्रवार को 64 महिला तीरंदाजों के क्वालीफिकेशन में 45वें स्थान पर रही।

### पुर्तगाली सर्फर कोविड-19 जांच में पाजिटिव

**टोक्यो**। पुर्तगाली सर्फर फ्रेडरिको मोराइस ने घोषणा की कि वह कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आए हैं और वह जापान में ओलंपिक पदार्पण नहीं कर पाएंगे। मोराइस टोक्यो ओलंपिक में यूरोप के सर्वश्रेष्ठ सर्फर माने जा रहे थे। उन्होंने शुक्रवार शाम को सोशल मीडिया पर यह बयान जारी किया।

उन्होंने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा कि यह मेरा सबसे दुख देने वाला वीडियो होगा। 2019 में मैंने 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिन्हें कोविड-19 के कारण स्थगित कर दिया गया। और अब इस वायरस की वजह से मैं प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाऊंगा और अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाऊंगा।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Lokesh S/o Nanak Chand, R/o Mandi Shyam Nagar Kherli, Hafizpur Nangla, Chiti Gurukul Distt-Gautam Budh Nagar UP. I have changed my name Lokesh to Lokendra for all purposes in future.

PD(9036)C

I, Harish Chandra Upadhayay S/o Sh. Subhash Chand R/o 85-A, Street No-11, Indra Park, Chander Nagar, Delhi-110051, have changed my name from harish Chandra Upadhayay to Harish Upadhyay. Also, my father's Correct name is Subhash Upadhyay for all future purposes.

PD(9037)C

## नया अध्याय लिखना चाहेंगी मीराबाई चानू



**टोक्यो**। पूर्व विश्व चैम्पियन मीराबाई चानू से यहां टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने की उम्मीद लगी है और यह भारतीय भी रियो ओलंपिक के निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर देश के भारोत्तोलन इतिहास में नया अध्याय लिखना चाहेगी। चानू भारत के लिए 49 किग्रा वर्ग में पदक की निश्चित दावेदार मानी जा रही हैं क्योंकि आठ महिलाओं भारोत्तोलकों में उनका 205 किग्रा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन केवल चीन की होऊ जिहुई के 213 किग्रा के बाद दूसरे नंबर है। हालांकि उनके पदक को लेकर हाइप बिलकुल ऐसी है जैसी पांच साल पहले रियो में थी जिसमें चानू छह प्रयासों में केवल एक ही बार वजन उठा सकी थीं जिससे उन्हें महिलाओं की 48 किग्रा स्पर्धा में ओवरऑल स्कोर नहीं मिल सका था। मणिपुर की यह भारोत्तोलक इस बार निश्चित रूप से नया अध्याय लिखना चाहेंगी जिसमें पदक शामिल हो। कर्णम मल्लेश्वरी एकमात्र भारतीय भारोत्तोलक हैं जिनके नाम ओलंपिक पदक है। उन्होंने 2000 सिडनी ओलंपिक में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था, जब भारोत्तोलन एरीना पहली बार महिलाओं के लिए खोला गया था। उम्मीद है कि चानू क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा के अपने विश्व रिकार्ड को बेहतर करने की कोशिश करेंगी।

### अविश्वसनीय प्रदर्शन को दोहरा सकते हैं टेबल टेनिस खिलाड़ी

**टोक्यो**। भारतीय टेबल टेनिस दल ने एशियाई खेलों में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया था जिसे खिलाड़ी मिनी ओलंपिक भी मानते हैं और अब तीन साल बाद क्या वे टोक्यो ओलंपिक में भी कोई कमाल कर सकते हैं, यह देखना होगा। पिछले हफ्ते जब टेबल टेनिस खिलाड़ी टोक्यो पहुंचे तो थोड़ी सी उम्मीद मिश्रित युगल वर्ग में थी लेकिन शुरूआती मुकाबले में चीनी ताइपे की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ मुकाबले ने शरत कमल और मनिका बत्रा के लिए चुनौती और कठिन कर दी है।

## श्रीलंका ने भारत को तीन विकेट से हराया

**भाषा**। कोलंबो

**कोलंबो**। भारत के अनुभवहीन बल्लेबाजों के खिलाफ बारिश के बाद स्पिनरों के दिखाए गए कमाल तथा अविष्का फर्नांडो और भानुका राजपक्षा की शतकीय साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां तीन विकेट से जीत दर्ज की। भारत इस तरह से क्लीन स्वीप नहीं कर पाया और उसने श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। पहले दो मैच जीतने के बाद भारतीय टीम पांच नए चेहरों और छह बदलाव साथ मैदान पर उतरा। भारत ने बारिश के व्यवधान तक 23 ओवर में 147 रन बनाए थे लेकिन दोबारा खेल शुरू होने पर जब मैच 47 ओवर का कर दिया गया तो भारत ने 68 रन के अंदर बाकी सात विकेट गंवा दिए। भारतीय टीम 43.1 ओवर में 225 रन पर आउट हो गई। श्रीलंका को इस तरह से डकवर्थ लुईस पद्धति से 47 ओवर में 227 रन का लक्ष्य मिला। फर्नांडो (98 गेंदों पर 76 रन) और राजपक्षा (56 गेंदों पर 65 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 109 रन जोड़े। भारतीयों ने पांच कैच छोड़े जिसका फायदा श्रीलंका को मिलना स्वाभाविक था। श्रीलंका ने 39 ओवर में सात विकेट पर 227 रन बनाए। भारत की तरफ से पृथ्वी सॉव (49 गेंदों पर 49 रन), अपना पहला मैच खेल रहे संजू सैमसन (46 गेंदों पर 46 रन) और सूर्यकुमार यादव (37 गेंदों पर 40 रन) ने प्रभावशाली शुरुआत की लेकिन तीनों बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Manmeet Kaur W/o Mr. Rajpal Singh R/o Flat No.59, First Floor, SFS Flat, Munirka Enclave, New Delhi-110067, am the owner and in physical possession of Freehold Flat No.59, First Floor, SFS Cat.II, Munirka Enclave, New Delhi -110067. The Original Allotment Letter, Possession Letter, NOC for Electricity and Water connection and Site Possession Slip and other related documents of said flat has been lost. An F.I.R. to this effect has been lodged. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address/Phone 9810875813 within 15 days from the date of publication of this notice

**PUBLIC NOTICE**

This is for the information of public at large that my client namely **Sh. Mahabir Prasad** S/o Late Sh. Mohar Singh and **Smt. Asha Rani** Wife of **Sh. Mahabir Prasad** both **R/o H.No. 92, Gali No.4, Ramesh Tyagi Colony, Harijan Basti, Jharoda Majra, Burari, New Delhi-110084** has severed all their relationship with their son namely **Sh. Vishal Dahiya**, his wife **Smt. Ankita** and Master **Anant Dahiya** and has debarred and disowned them from all their moveable and immoveable properties. They have no legal rights of any kind whatsoever in my clients' moveable and immoveable properties. Anybody dealing with them shall do so at his or her own risk and responsibility.

**Nikhilesh Kumar** (Advocate)
Ch. No. 89, A.K. Sen Block, Supreme Court Compound,
New Delhi-110001, Mob: 9891655677

**Public Notice**

To be known to all that I, **Mahesh Talwar** S/o Dhram Pal Talwar R/o **E-86, East of Kailash, ND-65** joint owner of DDA Plot No-D situated at Community Centre, Zamrudpur, ND has applied for conversion of the aforesaid plot from leasehold to freehold vide application No. **LD09381CL/CON/12062021** dt.08/07/2021 in DDA. That the original documents ie Allotment Letter & Agreement to sell & purchase of the above property have been lost, an FIR Vide **LR No:492373/2021** against this effect has been lodged in Crime Branch Police station Delhi. Any person claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may contact with above named person at above add/Ph.9999914238 with 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director(CL)or Director(CL), A Block, 2nd floor, DDA Vikas Sadan, INA, New Delhi-23.

**जस्टराइड एंटरप्राइजेज लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1967पीएलसी004704
पंजी. कार्यालय : फ्लैट नंबर 133, सी4ई, पाकेट नंबर 11, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058
ई–मेल : **justridelimited@gmail.com** वेबसाइट : **www.justrideenterprises.in**
फोन : 8800300490

**वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना**
**बही बंदी तथा रिमोट ई–वोटिंग की जानकारी**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि जस्टराइड एंटरप्राइजेज लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 54वीं वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम') एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों के निष्पादन हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के लागू प्रावधानों और तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 (सूचीयन विनियमावली) के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 (दिनांकित 08 अप्रैल, 2020), 17/2020 (दिनांकित 13 अप्रैल, 2020), 20/2020 (दिनांकित 05 मई, 2020), तथा 22/2020 (दिनांकित 15 जून, 2020) ('एमसीए सर्कुलर') और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 ('सेबी सर्कुलर') के अनुपालन में सोमवार, 16 अगस्त, 2021 को पूर्वा. 10.00 बजे किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कॉन्फ्रेन्स ('वीसी') के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

कम्पनी की एजीएम की सूचना तथा 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी सदस्यों को शनिवार, 24 जुलाई, 2021 को भेजी जाएंगी, जिनकी ई–मेल आईडी कम्पनी/आरटीए/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास पंजीबद्ध है। कृपया नोट करें कि सदस्यों को 54वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता एमसीए सर्कुलर/सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर द्वारा समाप्त कर दी गई है। सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.justrideenterprises.in तथा स्टॉक एक्सचेंजेज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट्स www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगी, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

सदस्यों द्वारा वोट डालने की सुविधा ("ई–वोटिंग") सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी तथा उसकी विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराई जाएगी। रिमोट ई–वोटिंग अवधि शुक्रवार, 13 अगस्त, 2021 (पूर्वा. 09.00 बजे) आरंभ होगी तथा रविवार, 15 अगस्त, 2021 (अप. 05.00 बजे) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, कम्पनी के सदस्य, जो विच्छेदन तिथि सोमवार, 09 अगस्त, 2021 को भौतिक अथवा डीमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरों के धारक हैं, वे अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अथवा एजीएम के समय पर ई–वोटिंग द्वारा डाल सकते हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भाग ले रहे सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के लिए की जाएगी।

सदस्यगण, जो भौतिक/इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरों के धारक हैं और अपना ई–मेल पता कम्पनी/अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास पंजीबद्ध नहीं करवाया है, उनसे अपना ई–मेल पता शीघ्रातिशीघ्र पंजीकृत करवान का अनुरोध किया जाता है ताकि वे वार्षिक रिपोर्ट 2019–20 तथा एजीएम की सूचना प्राप्त कर सकें। सदस्यों से पंजीकरण हेतु अपना ई–मेल पता और बैंक विवरण एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेन्ट लिमिटेड, कम्पनी के आरटीए, को उपलब्ध कराने का अनुरोध है। पंजीकरण की प्रक्रिया नीचे वर्णित की गई है :

| | |
| --- | --- |
| भौतिक धारण के मामले में | अनुरोध पत्र की विधिवत हस्ताक्षरित प्रति कम्पनी के आरटीए नामतः एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेन्ट लिमिटेड को भेजें अथवा justridelimited@gmail.com पर ई–मेल करें तथा ई–मेल पता और बैंक विवरण पंजीकृत करवाने के लिए निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज उपलब्ध कराएं : |
| | क) फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम एवं मोबाइल नंबर |
| | ख) पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की प्रति |
| | ग) बैंक खाते का विवरण : ● बैंक का नाम और शाखा ● बैंक खाता प्रकार ● बैंक खाता नंबर ● एमआईसीआर कोड नंबर और आईएफएससी कोड ● निरस्त चैक की प्रति, जिस पर शेयरधारक का नाम हो |
| डीमैट धारण के मामले में | कृपया अपने डीपी से सम्पर्क करें तथा अपने डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार, अपने डीमैट खाते में ई–मेल पता और बैंक विवरण पंजीकृत करवाएं |

डीमैट रूप में शेयरों के धारक सदस्य अपना ई–मेल पता अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास अद्यतन करवा सकते हैं। एजीएम की सूचना में शेयरधारकों द्वारा रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अथवा एजीएम के समय पर ई–वोटिंग द्वारा डालने की विधि संबंधी अनुदेश दिए जाएंगे।


सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, लागू कानून के अनुसार, उनके पंजीकृत ई–मेल पते पर, यथासमय, भेजी जाएगी।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते जस्टराइड एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता./–
सूर्य कुमार
(निदेशक)

तिथि : 24 जुलाई, 2021
स्थान : नई दिल्ली

# पेगासस के दुरुपयोग व लाइसेंस प्रक्रिया के आरोपों की समीक्षा करेगा इजराइल

- चौतरफा उठ रहे विवाद के बीच इजराइल ने उठाया कदम
- कंपनी प्रमुख ने कहा गोपनीयता मुद्दों के चलते अनुबंधों का ब्योरा नहीं होगा सार्वजनिक




**भाषा।** यरूशलम

**पेगासस** जासूसी मामले में चौतरफा आलोचना के बीच इजराइल ने एनएसओ समूह के निगरानी सॉफ्टवेयर के दुरुपयोग के आरोपों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित करने के साथ साथ लाइसेंस देने के पूरे मामले की संभावित समीक्षा का संकेत दिया है। भारत समेत अन्य देशों में पत्रकारों, मानवाधिकार समर्थकों, नेताओं और अन्य की जासूसी करने के लिए पेगासस सॉफ्टवेयर के कथित उपयोग ने निजता से संबंधित मुद्दों को लेकर चिंता खड़ी कर दी है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया संघ के मुताबिक, इजराइली कंपनी द्वारा विभिन्न सरकारों को बेचे गए फोन स्पाईवेयर (जासूसी सॉफ्टवेयर) के जरिए नेताओं, अधिकार कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को निशाना बनाया गया। नेसेट (इजराइली संसद) के विदेश मामलों एवं रक्षा समिति के प्रमुख रैम बेन बराक ने बृहस्पतिवार को आर्मी रेडियो को बताया, रक्षा प्रतिष्ठान ने कई निकायों की मदद से बनी एक समीक्षा समिति नियुक्त की है।

पूर्व में इजराइल की मोसाद जासूसी एजेंसी के उपप्रमुख रह चुके बेन बराक ने कहा, वे जब अपनी समीक्षा पूरी कर लेंगे, हम परिणाम देखने की मांग करेंगे और इस बारे में विचार मंथन करेंगे कि क्या हमें सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इजराइल की प्राथमिकता लाइसेंस दिए जाने की इस पूरी प्रक्रिया की समीक्षा करना है। एनएसओ के पूर्व कार्यकारी शेलेव हुलियो ने इस कदम का स्वागत किया और आर्मी रेडियो से कहा कि वह बहुत खुश होंगे अगर जांच होती है तो... ताकि हम खुद पर लगे इल्जामों को हटा सकें। हुलियो ने दावा किया कि पूरे इज़राइली साइबर उद्योग पर धब्बा लगाने का प्रयास किया जा रहा है। बेन बराक ने कहा कि पेगासस ने कई आतंकवादी प्रकोष्ठों का भंडाफोड़ करने में मदद की है लेकिन अगर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है या इसे गैर-जिम्मेदार निकायों को बेचा जा रहा है तो यह कुछ ऐसा है जिसकी जांच जरूरी है। एनएसओ प्रमुख ने आर्मी रेडियो से कहा कि गोपनीयता के मुद्दों के चलते उनकी कंपनी अपने अनुबंधों के ब्योरों का खुलासा नहीं कर सकती लेकिन वह अधिक जानकारी मांगने वाली किसी भी सरकार को पूर्ण पारदर्शिता प्रदान करेंगे।

## भारत के इस्तेमाल पर पाकिस्तान ने जताई चिंता, संरा से जांच की मांग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मीडिया में आई उन खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है जिनमें कहा गया है कि भारत ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान सहित विदेशियों की इजराइल के स्पाईवेयर पेगासस के जरिए कथित तौर पर जासूसी की है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से मामले की जांच कराने का अनुरोध भी किया है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार खान इजराइल की कंपनी एनएसओ द्वारा निर्मित स्पाईवेयर पेगासस के जरिए निशाने पर थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर भारत के कथित जासूसी मामले में मीडिया के सवालों पर जवाब दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने अंतरराष्ट्रीय मीडिया की उन खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है जिनमें भारत सरकार द्वारा अपने नागरिकों, विदेशी नागरिकों तथा प्रधानमंत्री इमरान खान की इजराइल के स्पाईवेयर के जरिए जासूसी अभियान चलाने का भंडाफोड़ किया गया है। बयान में कहा गया, हम इस खुलासे पर करीब से नजर रख रहे हैं और वैश्विक मंच का ध्यान भारत के इस कृत्य की ओर आकर्षित करेंगे। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र की संबंधित इकाइयों से मामले की गहन जांच करने की भी मांग की और तथ्यों को सामने लाने और दोषियों के खिलाफ कार्वाई की मांग की। वहीं भारत ने सोमवार को पेगासस जासूसी से जुड़े सभी आरोपों को खारिज किया था और कहा था कि भारतीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

## 45 प्रवासियों को ले जा रही नौका एजियन सागर में डूबी

**इस्तांबुल।** 45 प्रवासियों को लेकर जा रही नौका दक्षिण- पूर्वी एजियन सागर में डूब गई और सहायता के लिए बचावकर्मियों को लगाया गया है। यह जानकारी शुक्रवार को तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने ट्वीट किया कि नाव कारपाथोस ग्रीक प्रायद्वीप के दक्षिण में करीब 60 मील (लगभग 100 किलोमीटर) दूर डूबी। इसने कहा कि बचाव प्रयास में दो जहाज एवं एक नौका लगी हुई है। यूरोप में नया जीवन शुरू करने की उम्मीद में प्रवासियों ने तुर्की से यूनान में एजियन सागर के रास्ते प्रवेश करने का प्रयास किया। यह यात्रा काफी खतरनाक थी। तुर्की और यूरोपीय संघ के बीच 2016 में हुए प्रवासी समझौते के कारण प्रवासियों के आवागमन पर रोक लगाने में सहयोग मिला लेकिन अब भी कई लोग इस खतरनाक समुद्री मार्ग से ग्रीक प्रायद्वीप पहुंचने का प्रयास करते हैं।

## शांति समझौते पर पहुंचने के लिए राष्ट्रपति गनी को सत्ता छोड़नी होगी: तालिबान

**भाषा।** इस्लामाबाद

**तालिबान** ने कहा कि वह सत्ता पर एकाधिकार नहीं चाहता ,लेकिन अफगानिस्तान में तब तक शांति नहीं हो सकती जब तक राष्ट्रपति अशरफ गनी सत्ता से नहीं हट जाते और देश में बातबीच के जरिए नई सरकार नहीं बन जाती।

तालिबान के प्रवक्ता सुहेल शाहीन ने एसोसिएटेड प्रेस के साथ साक्षात्कार में यह बात कही। शाहीन वार्ता दल के सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा कि तालिबान उस वक्त हथियार डाल देगा जब गनी की सरकार चली जाएगी और ऐसी सरकार सत्ता संभालेगी जो संघर्ष में शामिल सभी पक्षों को मंजूर हो। शाहीन ने कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम सत्ता पर एकाधिकार में विश्वास नहीं रखते क्योंकि कोई भी सरकार, जिसने अतीत में अफगानिस्तान में सत्ता पर एकाधिकार रखने मंशा की, वह सफल सरकार साबित नहीं हुई। उन्होंने इस आकलन में प्रत्यक्ष तौर पर तालिबान के खुद के पांच वर्ष के कार्यकाल को भी शामिल किया। साथ ही कहा, इसलिए हम वही फॉर्मूला दोहराना नहीं चाहते। तालिबान प्रवक्ता ने इस दौरान गनी को युद्ध को उकसाने वाला करार दिया और आरोप लगाया कि बकरीद के पर्व पर मंगलवार को उन्होंने जो भाषण दिया था उसमें उन्होंने तालिबान के खिलाफ कार्वाई का वादा किया था। पिछले सप्ताह सरकार में नबंर दो की हैसियत रखने वाले अब्दुल्ला अब्दुल्ला ने दोहा में तालिबान नेताओं के साथ उच्च स्तरीय वार्ता की। इस वार्ता में बातचीत जारी रखने और नागरिकों की सुरक्षा तथा देश के ढांचे को सुरक्षित रखने पर जोर दिया गया था। शाहीन ने इस वार्ता को अच्छी शुरूआत बताया, साथ ही कहा कि सरकार का लगातार संघर्ष विराम की मांग करना, वह भी गनी के सत्ता में रहते हुए, तालिबान से आत्मसमर्पण की मांग करने के बराबर है। उन्होंने कहा, वे सामंजस्य नहीं चाहते, वे आत्मसमर्पण चाहते हैं। उन्होंने कहा , संघर्ष विराम से पहले नई सरकार पर सहमति बने जो हमें और अन्य अफगानियों को स्वीकार्य हो और फिर कोई युद्ध नहीं होगा। शाहीन ने कहा कि इस नई सरकार के तहत महिलाओं को काम करने, स्कूल जाने और राजनीति में भाग लेने की अनुमति होगी, लेकिन उन्हें हिजाब या सिर पर स्कार्फ लगाना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को घरों से निकलने के लिए अपने साथ किसी पुरुष रिश्तेदार की आवश्यकता नहीं होगी, और तालिबान कमांडरों के आदेश हैं कि नए कब्जे वाले जिलों में विश्वविद्यालय, स्कूल और बाजार पहले की तरह संचालित हों।

## सिंगापुर ने नेशनल डे परेड को टाला

**सिंगापुर।** सिंगापुर ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण नौ अगस्त से 21 अगस्त तक होने वाली नेशनल डे परेड को टाल दिया है और देश अपने 56वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सिर्फ एक रस्मी परेड का आयोजन करेगा। सिंगापुर के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक नेशनल डे रैली को भी एक सप्ताह टाल कर 29 अगस्त के लिए निर्धारित किया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री देश को संबोधित करते हैं। कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के कारण सिंगापुर दूसरी लहर के दौरान की स्थिति में लौट आया है। इसे देखते हुए पाबंदियां बढ़ा दी गई हैं। ए पाबंदियां 18 अगस्त तक प्रभावी रहेंगी। स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच) ने कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में सरकार दो सप्ताहों में उठाए गए कदमों की समीक्षा करेगी। सिंगापुर में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 170 नए मामले आए।



मध्य चीन में आई बाढ़ के बाद बचाव कार्य में जुटे राहत दल के लोग

## पाक में कोरोना के मामले 10 लाख के पार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के ı,425 नए मामले सामने आने के देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10 लाख के पार चली गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने बताया कि देश में अब संक्रमण के मामले बढ़कर 10,00,034 हो गए हैं। वहीं, एक दिन में 11 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 22,939 हो गई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान में संक्रमण के कुल मामले अब 10,00,034 और मृतक संख्या 22,939 है। धिकारियों ने पिछले 24 घंटे में 25,215 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की और नमूनों के संक्रमित आने की दर 5.56 प्रतिशत है। एक दिन पहले नमूनों के संक्रमित आने की दर 6.31 प्रतिशत थी ।पाकिस्तान इस समय वैश्विक महामारी की चौथी लहर का सामना कर रहा है, जिसका कहर इस माह की शुरुआत में शुरू हुआ था।

## अमेरिका ने की मोदी सरकार की तारीफ

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका ने** भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी की चुनौतियों के बीच स्वच्छ ऊर्जा को लगातार बढ़ावा देने की मुहिम पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की है। जलवायु परिवर्तन पर विशेष राजदूत जॉन केरी के वरिष्ठ सलाहकार जोनाथन परशिंग ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस की समति के समक्ष कहा कि अमेरिका और भारत जलवायु परिवर्तन पर एक प्रतिबद्ध सहयोगी हैं। परशिंग ने सांसदों से कहा, हम कोविड-19 संकट से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा निरंतर ध्यान देने का स्वागत करते हैं। परशिंग ने कहा कि अप्रैल में दोनों सरकारों ने भारत-अमेरिका जलवायु और स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा 2030 साझेदारी पर हस्ताक्षर किए। साझेदारी के तहत दोनों पक्षों ने स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और जलवायु कार्वाई के लिए 2030 के एजेंडे की पहचान की। जलवायु परिवर्तन एवं सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय सैन्य परिषद की महासचिव शेरी गुडमैन ने सांसदों को बताया कि परमाणु सम्पन्न पड़ोसियों भारत, पाकिस्तान और चीन के बीच तनावपूर्ण संबंधों में जलवायु भी अहम कारक रहे हैं।

इससे पहले काउंसिल ऑन स्ट्रैटेजिक रिस्क और वुडवेल क्लाइमेट रिसर्च सेंटर द्वारा इस साल की शुरुआत में प्रकाशित एक संयुक्त अध्ययन में भारत और चीन के बीच विवादित सीमा के पास जलवायु परिवर्तन से संबंधित एक प्रवृत्ति का अनुमान लगाया गया था, जहां लगभग ı,00,000 भारतीय और चीनी सैनिक 15,000 फुट की उंचाई पर तैनात हैं। गुडमैन ने कहा, इस बीच जिस जगह से ब्रह्मपुत्र नदी भारत में प्रवेश करती है, वहां चीन दुनिया की सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है। थ्री गोरजेस डैम के आकार से तीन गुना बड़ी यह नई बांध परियोजना भी भूकंपीय रूप से संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है। उन्होंने कहा, इसने भारत के निचले इलाकों के लिए चिंता पैदा कर दी है। इस बात की भी चिंता है कि कहीं नए चीनी बांध का इस्तेमाल भारत में बाढ़ग्रस्त हिस्सों से या उनके लिए पानी को रोकने के लिए तो नहीं किया जा सकता है। वास्तव में यह बताना मुश्किल होगा कि चीनी परियोजना भविष्य में बाढ़ का कारण होगी या नहीं, या फिर यह जलवायु परिवर्तन से संबंधित कारक होगा। अपने पड़ोसियों को प्रभावित करने वाली बांध परियोजनाओं पर चीन की पारदर्शिता की कमी केवल भारत के अविश्वास को बढ़ाती है। गुडमैन ने कहा, चीन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भी बांधों की एक श्रृंखला का निर्माण कर रहा है, जिस पर भारत आपत्ति जताता है। अनुमानित हिमनदों के पिघलने के तरीके के कारण, बांध निर्माण के बाद सदी के अंत तक जलवायु परिवर्तन के लिए कारक बने रहेंगे।

## बाढ़ के कारण रेलवे को 1.5 अरब डॉलर का नुकसान

**बर्लिन ।** जर्मनी के राष्ट्रीय रेलवे संचालक ने शुक्रवार को कहा कि उसके अनुमान मुताबिक, पिछले सप्ताह आई भीषण बाढ़ से उसके नेटवर्क को 1.3 अरब यूरो (1.5 अरब अमेरिकी डॉलर) का नुकसान हुआ है। पश्चिमी जर्मनी और पूर्वी बेल्जियम में आई भीषण बाढ़ से हुए नुकसान का अधिकारी अभी भी आकलन कर रहे हैं। जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल ने इस सप्ताह कहा कि बाढ़ के कारण संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है, जिसको ठीक करने में काफी समय लगेगा। गौरतलब है कि बाढ़ के कारण जर्मनी में कम से कम 177 लोगों की मौत हुई है जबकि बेल्जियम में इसके कारण 31 लोगों की जान गई। जर्मनी के रेलवे संचालक डॉयचे बान ने कहा कि बाढ़ के कारण 50 से अधिक पुल, 180 लेवल क्रॉसिंग, लगभग 40 सिग्नल बॉक्स आदि का नुकसान हुआ है।

## संरा परिषद ने बोस्निया के उच्च प्रतिनिधि को हटाने के रूस के प्रस्ताव को खारिज किया

- सिर्फ रूस और चीन ने ही किया प्रस्ताव के पक्ष में मतदान

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रूस और चीन की तरफ से पेश एक प्रस्ताव को खारिज कर दिया है जो बोस्निया में विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने वाले 1995 के शांति समझौते के कार्यान्वयन की देखरेख करने वाले अंतर्राष्ट्रीय उच्च प्रतिनिधि की शक्तियों को तुरंत छीन लेता और एक वर्ष के भीतर इस पद को पूरी तरह से समाप्त कर देता।

मसौदा प्रस्ताव को स्वीकार किए जाने के लिए बृहस्पतिवार को उसके पक्ष में न्यूनतम नौ मत नहीं पड़े। प्रस्ताव के पक्ष में महज दो मत पड़े जो रूस और चीन के थे और परिषद के 13 अन्य सदस्यों ने मतदान नहीं किया। खारिज किए गए प्रस्ताव में कहा गया था कि 1997 में डेटन शांति समझौते को लागू करने के लिए एक सम्मेलन में उच्च प्रतिनिधि को दी गई शक्तियों की अब जरूरत नहीं है क्योंकि बोस्निया पक्षों ने प्रगति हासिल कर ली है। इसमें जर्मनी के उच्च प्रतिनिधि क्रिश्चियन शिमट की नियुक्ति 31 जुलाई, 2022 तक ही किए जाने के साथ उच्च प्रतिनिधि कार्यालय को बंद किए जाने का भी समर्थन किया।

मतदान से पहले, संयुक्त राष्ट्र में रूस के उपराजदूत दिमित्री पोलिएंस्की ने उच्च प्रतिनिधि पर उत्तर औपनिवेशिक शक्तियों के साथ जार (सर्वोच्च शासक) की तरह बनने का आरोप लगाया और कहा कि सुरक्षा परिषद की मंजूरी के बिना शिमट का चुनाव वैध नहीं है। अमेरिका की मध्यस्थता से हुआ डेटन समझौता ने बोस्निया में दो अलग-अलग इकाइयां स्थापित की थी - एक जिसे बोस्निया के सर्ब चलाते हैं और दूसरा जिसपर देश के बोस्नियाकों,जो ज्यादातर मुस्लिम हैं और इसके क्रोट्स (नस्ली समूह) का वर्चस्व होगा।

उच्च प्रतिनिधि की शक्तियों की बोस्निया के सर्ब आलोचना करते हैं जिनके रूस के साथ नजदीकी संबंध हैं। उनका आरोप है कि उच्च प्रतिनिधि की उन शक्तियों के खिलाफ अपील नहीं की जा सकती जो तत्काल प्रभाव वाली होती हैं। उच्च प्रतिनिधि के कार्यालय ने अपनी स्थापना के बाद से न्यायाधीशों, सिविल सेवकों और संसद सदस्यों सहित दर्जनों अधिकारियों को बर्खास्त किया है।



भारतीय नौसेना का जहाज तबर पांच दिवसीय सद्भावना यात्रा पर रूस के शहर सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचा

## म्यांमार की जेल में सेना के खिलाफ प्रदर्शन

**बैंकॉक।** म्यांमार की सबसे कुख्यात जेल में बंद कैदियों ने सत्तारूढ़ सेना के खिलाफ शुक्रवार को प्रदर्शन किया। सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो में कैदी लोकप्रिय देशभक्तिपूर्ण गाने गा कर और राजनीतिक नारेबाजी कर सत्तारूढ़ सैन्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यंगून की इनसीन जेल में बंद कैदी एक वीडियो में निर्वासित नेता आंग सान सू की और अपदस्थ राष्ट्रपति विन मियंत के समर्थन में नारेबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ कैदियों के एक वकील ने पहचान गुप्त रखे जाने की शर्त पर बताया कि प्रदर्शन कर रहे कैदी राजनीतिक आरोपों के मामले में गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को रिहा करने के अलावा बीमार कैदियों को बेहतर इलाज मुहैया कराने और जेल के नियमों को लचीला बनाने की मांग कर रहे थे। गौरतलब है कि म्यांमार इन दिनों कोविड-19 महामारी की भयावह लहर का सामना कर रहा है और देश में प्रति दिन संक्रमण के रिकॉर्ड नए मामले सामने आ रहे हैं।

## लंगर उखड़ने से कराची के सीव्यू तट पर फंसा मालवाहक जहाज

**भाषा।** कराची

**कराची** के सीव्यू समुद्र-तट के पास एक मालवाहक पोत खराब मौसम के चलते लंगर उखड़ जाने के कारण तट के करीब आ गया। कोविड-19 वैश्विक महामारी और मॉनसून के मौसम के कारण अधिकारियों द्वारा इलाके को बंद किए जाने के बावजूद उत्सुक लोगों की भीड़ इस पोत को देखने के लिए उमड़ रही है।

पोत एमवी हेंग टोंग बुधवार को किनारे पर आ गया। हांगकांग की एक कंपनी के स्वामित्व वाला यह पोत 98 मीटर लंबा और 20 मीटर चौड़ा है और इसकी क्षमता 3,600 डैडवेट टनेज (डीडब्ल्यूटी) है। इसका निर्माण 2010 में हुआ था। बृहस्पतिवार सुबह तक इस पोत को हटाया नहीं जा सका है। कराची पोर्ट ट्रस्ट (केपीटी) के एक अधिकारी ने बताया कि मालवाहक पोत शंघाई से तुर्की के इस्तांबुल जा रहा था और कराची बंदरगाह में पूरी तरह प्रवेश करने से पहले ही इसका लंगर उखड़ गया और यह किनारे जा लगा। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के चलते लंगर उखड़ जाने के कारण यह पाकिस्तानी जलक्षेत्र में आ गया। साथ ही कहा यह संभवत: पर चालक दल के सदस्य बदले जाने की प्रतीक्षा कर रहा है। अधिकारी ने बताया कि केपीटी ने पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी (पीएसएमए) को जानकारी दी लेकिन वह भी ज्यादा मदद नहीं कर पाई। उन्होंने कहा, पोत को निकालना पोत के मालिकों की जिम्मेदारी है हालांकि केपीटी और पीएसएमए पाकिस्तान के जलक्षेत्र में किसी भी तरह की परिचालन एवं सामरिक मदद के लिए उपलब्ध रहेगा। सामान्य तौर पर, सभी पोत देश के जलक्षेत्र में प्रवेश करने पर पाकिस्तान का झंडा फहराते हैं। लेकिन एमवी हेंग टोंग पनामा का ध्वज लहरा रहा था क्योंकि आपातकालीन स्थिति में उसने इस बदलाव के बारे में सोचा नहीं होगा। टीवी पर पोत की खबर देखने के बाद कराची के कई निवासी तट पर पहुंच गए।

## ब्रिटेन में रिलीज नहीं होगी द ग्रीन नाइट

**लंदन ।** हॉलीवुड अभिनेता देव पटेल की आगामी फिल्म द ग्रीन नाइट फिलहाल ब्रिटेन में रिलीज नहीं होगी। फिल्म की निर्माता कंपनी ए24 ने ब्रिटेन में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर यह फैसला लिया है। समाचार वेबसाइट इंडीवायर ने यह जानकारी दी। फिल्म के रिलीज होने की अगली तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। अमेरिका में यह फिल्म तय समय के मुताबिक 30 जुलाई को ही रिलीज होगी।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने 19 जुलाई को देश में फ्रीडम डे की घोषणा करते हुए इंग्लैंड को पूरी तरह से खोलने के साथ सिनेमाघरों को भी दोबारा खोलने की अनुमति दी थी। लेकिन देश में प्रति दिन कोविड-19 के नए मामलों में इजाफा हो रहा है और जॉनसन स्वयं पृथकवास में हैं। ब्रिटेन में 22 जुलाई को कोविड-19 के 39 हजार नए मामले सामने आए। द ग्रीन नाइट का निर्देशन डेविड लॉरी ने किया है। फिल्म में देव पटेल सर गवैन की भूमिका में दिखाई देंगे।



कर्मचारी बर्नआउट अर्थात काम के बोझ से अत्यधिक थकान और सेहत बिगड़ना कर्मचारियों की भावनात्मक और शारीरिक ऊर्जा को अस्वस्थ तरीके से समाप्त करने का परिणाम है। व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन दोनों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रस्तुत है सीमा रेखा की रिपोर्ट :

# काम का बोझ

## अत्यधिक थकान बिगड़ती सेहत

शरण्या (बदला हुआ नाम), अपने मिश्रित दृष्टिकोण, प्रक्रिया और लोगों के लिए जानी जाती हैं। वह 2000 से 12000 एफटीई तक के कई प्रमुख खातों को अकेले ही संभाल रही हैं। वह पहले से ही समस्याओं का पूर्वानुमान लगाती है और पहले से ही एक समाधान ढांचा तैयार करती है। काम पर अत्यधिक संगठित और लचीला, उसे महत्व दिया गया है, मान्यता प्राप्त है, अत्यधिक भुगतान किया गया है, उद्देश्य से प्यार करता है लेकिन बर्नआउट की एक बड़ी शुरुआत का सामना करना पड़ा। लगातार 19 महीने तक। वह टूट कर बिखर गई। हम जिस दुनिया में रहते हैं, उसे देखते हुए, अधिकांश कर्मचारियों के लिए कई बर्नआउट का सामना करना सामान्य है। महामारी के प्रकोप ने केवल सभी के लिए मामले को बदतर बना दिया है। कर्मचारी तनाव, चिंता और भावनात्मक ट्रिगर के अलावा व्यक्तिगत सीमाओं के उल्लंघन, लंबे काम के घंटे, थकाऊ सप्ताहांत के लिए कॉर्पोरेट दबाव से पीड़ित हैं।

बर्नआउट कई तरह की परिस्थितियों के कारण होता है, जिसमें लोग अपने निजी जीवन के साथ-साथ कॉर्पोरेट भूमिकाओं को संतुलित करते हुए अपनी नौकरी रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वे दिन-ब-दिन और अधिक चिंतित होते जा रहे हैं क्योंकि वे कई जिम्मेदारियों को निभाते हैं और खेल में शीर्ष पर बने रहने का प्रयास करते हैं। वातावरण विषाक्त हो रहा है और महामारी प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रही है, कर्मचारियों को विशेष रूप से उनकी भावनात्मक और ऊर्जा से संबंधित भलाई से संबंधित मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है। यह आम तौर पर धीरे-धीरे कैसे खेलता है, कर्मचारियों को गार्ड से पकड़ता है और एक गहन प्रभाव पैदा करता है जिसे केवल सही प्रकार के दृष्टिकोण से ही नियंत्रित किया जा सकता है।

### आंकड़े गवाह हैं

दरअसल, 2021 में करीब 52 फीसदी कर्मचारी बर्नआउट के शिकार हो जाएंगे। वास्तव में पूर्व-महामारी सर्वेक्षण में उसी तरह प्रतिक्रिया करने वाले 43 प्रतिशत से ग्राफ काफी बढ़ गया है। महामारी से पहले, मिलेनियल्स अपने संतृप्ति बिंदु पर पहुंच गए थे और अपनी भावनात्मक भलाई को खत्म कर रहे थे, उनमें से 53 प्रतिशत से अधिक बर्नआउट का अनुभव कर रहे थे, इसके बाद जनरल-जेड, जिन्होंने 2020 में 47 प्रतिशत से 2021 में 58 प्रतिशत की राशि में वृद्धि की। बूमर 1940 और 1960 के बीच पैदा हुए लोगों के रूप में पहचानी जाने वाली पीढ़ी में बर्नआउट में 7 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है। बेबी-बूमर पीढ़ी के बीच बर्नआउट काफी बढ़ गया है, जो 2020 में 24 प्रतिशत से इस वर्ष 31 प्रतिशत हो गया है। जनरेशन एक्स के बीच बर्नआउट दर 40 प्रतिशत से बढ़कर 54 प्रतिशत हो गई है, जो 14 प्रतिशत की वृद्धि है।

अधिकांश लोगों के अनुसार, कोविड -19 ने बीमार होने की दर बढ़ा दी है और जीवन को और अधिक कठिन बना दिया है। यह राय लेबल के लिए काम करने वालों में से 80 प्रतिशत से अधिक लोगों द्वारा साझा की जाती है।

यह हमारे लिए, एक समुदाय के रूप में, मदद के आह्वान का जवाब देने और बर्नआउट दरों को कम करने के उपाय करने और भविष्य की आपदाओं को टालने के लिए पेशेवर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय है।

### कर्मचारी बर्नआउट को प्रभावित करने वाले कारक और जुड़े जोखिम

तत्काल परिवेश पर नियंत्रण की कमी, कम मानसिक संसाधन, खराब कार्यस्थल संबंध, कार्य-जीवन असंतुलन, अक्षम प्रबंधन प्रतिनिधि, अनुचित कार्य उद्देश्य, व्यक्तिगत प्रेरणा, और कई अन्य कारक बर्नआउट और इससे जुड़े खतरों को प्रभावित करते हैं।

परामर्श सेवाओं के बारे में जागरूकता की कमी के कारण, ये सभी कारक बर्नआउट और कंपनी के बेहतरीन कर्मियों के नुकसान में योगदान करते हैं। कर्मचारी शक्तिहीन और अव्यवस्थित महसूस करते हैं, जिससे असंतोष होता है। यह उनके कार्यस्थल के साथ उनकी भलाई और भावनात्मक जुड़ाव को खतरे में डालता है, साथ ही साथ उनकी नौकरियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने वाले उत्साह को भी खतरे में डालता है।

उद्योग जगत के नेताओं को उस पैटर्न को समझने और एक स्वस्थ कार्यस्थल बनाने के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए पारंपरिक संरचना में बदलाव करना चाहिए। नई व्यवस्था की रणनीति बनाकर ही जहरीले कार्य-संविधान के हृदय को तोड़कर प्रतिस्थापित किया जा सकता है। एक स्वस्थ वर्तमान और समृद्ध भविष्य का मार्ग एक नई कार्य संस्कृति का निर्माण करना है जो मूल रूप से कल्याण पर केंद्रित है और जिसका उद्देश्य बर्नआउट को रोकना है।

### बर्नआउट से बचाव

व्यवसायों के लिए सामूहिक विकास की दिशा में कदम उठाना और अपने कर्मियों के पक्ष में एक मजबूत मोर्चा बनाना महत्वपूर्ण है। दो प्राथमिक संकेतक हैं जिनका उपयोग आधुनिक और स्वस्थ कार्यस्थल संस्कृति की नींव के रूप में किया जा सकता है। नई विधि अधिक पेशेवरों को पोषण से संलग्न करेगी और अपने विशेष संगठनों में रहने और महत्वाकांक्षी रूप से विकसित करने के उनके संकल्प को मजबूत करेगी, जो कर्मचारियों के लिए सफलता और अभिभावक शुल्क के लिए सामग्री के रूप में सेवा करेगी। निम्नलिखित दो उपयोगी उपाय हैं :

### एल संगठन में कल्याण कार्यक्रमों की प्रभावकारिता और दक्षता सुनिश्चित करना

एल टीमों के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित करना ताकि उनकी आंतरिक ड्राइव को समझ सकें और उसे बढ़ा सकें।

सीएक्सओ सुइट वह जगह है जहां संस्कृति का सी शुरू होता है। यह पानी की तरह ऊपर से नीचे की ओर बहती है। व्यावसायिक अधिकारियों के रूप में, हम लंबे समय से मानते हैं कि बड़े संगठनों के लिए कनेक्शन स्थापित करना मुश्किल हो सकता है। दूसरी ओर, 10 से 50 लोगों वाले संगठनों में कुछ कनेक्टिविटी समस्याएं हैं। पदानुक्रम को मानसिक श्रेष्ठता से मुक्त करने और रैंक की परवाह किए बिना सभी कर्मचारियों के साथ सम्मिश्रण की ओर उन्मुख होने का यह पिछला समय है।

ग्राहक की पहुंच शुरू करने या बाहरी उद्देश्यों का पीछा करने से पहले, सभी संगठनों को अपने कर्मचारियों के साथ अपनी भावना से मेल खाना चाहिए और एक ही पृष्ठ पर होना चाहिए, चाहे उनका आकार या स्थिति कुछ भी हो। यदि कार्यस्थल के दिल में सामंजस्य हो, साथ ही स्वस्थ वातावरण भी हो तो कर्मचारी अधिक कुशलता से प्रदर्शन करेंगे।

### अद्वितीय समस्याएं अद्वितीय समाधान की मांग करती हैं

एक समूह के रूप में कॉल करना हिमशैल की नोक को संबोधित करने का पहला कदम है। हालांकि, यह महत्वपूर्ण है कि हम यह पहचानें कि हर कोई अपनी विशेषताओं के साथ एक अद्वितीय व्यक्तित्व है जो उनके जलने में योगदान देता है। इसके लिए भी एक-एक तरह के जवाब की जरूरत है।

समित (बदला हुआ नाम), एक नया व्यक्ति, उसी सकारात्मक माहौल में अपने प्रबंधक पर उसे पहले से सूचित नहीं करने के लिए अपना गुस्सा निकालता है और वह काम की अचानक आमद को संभाल नहीं सकता है। उनका प्रबंधक उनके साथ 10 मिनट तक बैठा रहा, और उनकी मुख्य समस्या की पहचान करने में उनकी मदद की। समित ने खुद को बहिष्कृत महसूस किया क्योंकि वह सिस्टम में नया है और अन्य नए कर्मचारी एक हफ्ते पहले शामिल हुए थे, इसलिए वे अच्छी तरह से बंधे और समित को छोड़ दिया गया। समित को शामिल करने की जरूरत थी।

कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) को अधिक व्यक्तिगत दृष्टिकोण अपनाने और प्रत्येक कर्मचारी के साथ सहानुभूति रखने और उनके मुद्दों (ईएपी) को संबोधित करने के लिए प्रतिक्रियाओं को अनुकूलित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अधिकांश व्यवसाय और कर्मचारी उन लाभों को कम आंकते हैं जो विभिन्न कर्मचारी सहायता कार्यक्रम समाज को प्रदान कर सकते हैं। परिणामस्वरूप, ईएपी सेवाओं का उपयोग .01 प्रतिशत से बढ़कर 2 प्रतिशत हो गया है, फिर भी इसका अभी भी कम उपयोग किया जा रहा है।

आज के कार्यस्थल में मानसिक और भावनात्मक थकान अपरिहार्य है; एक नए अध्ययन के अनुसार, बर्नआउट की महत्वपूर्ण डिग्री वाले व्यक्तियों को अपनी कार्य परिस्थितियों को मौलिक रूप से बेहतर बनाने में सहायता की आवश्यकता होती है। इस तथ्य के बावजूद कि व्यवसायों ने कंपनी की सफलता और सुरक्षा के लिए व्यापक कल्याण कार्यक्रम लागू किए हैं, लचीलापन में बदलाव अप्रभावी रहा है। व्यवसायों के लिए वेलनेस सॉल्यूशंस के किमोनो को खोलने का समय आ गया है, और डिजिटल रूप से ईंधन वाली पहल इस समय चार्ज का नेतृत्व कर रही हैं। कर्मचारियों की खुशी उत्पादकता को बढ़ाती है, इस प्रकार ऐसे समाधानों में निवेश करना कंपनी की दीर्घकालिक सफलता और प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के लिए महत्वपूर्ण है।

एक व्यवस्थित कल्याण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित करने की प्रक्रिया उन अंतरालों को पहचानने के साथ शुरू होती है जिनके लिए सिल्वर लाइनिंग की आवश्यकता होती है। एक वेलनेस कंसल्टेंट की सिफारिश की जाती है, जो एक संपूर्ण आवश्यकता विश्लेषण करता है, जिसे आसान मूल्यांकन द्वारा पूरा किया जा सकता है जो मानव पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले वेलनेस समाधानों की योजना बनाते हैं। हमारे लिए कार्यक्रमों के व्यापक प्रभाव को समझना और एक अच्छे प्रभाव के लिए तैयार किए गए नए तरीकों के साथ खुद को सरेखित करना हमारे लिए महत्वपूर्ण होता जा रहा है।

### त्वरित सुधार और प्राथमिक उपचार

कार्यक्रमों, विस्तारित दृष्टिकोणों और संरचना को आकार लेने में कुछ समय लग सकता है, फिर भी, पहले छोटे लेकिन प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। बर्नआउट से बचने का एक तरीका यह है कि हाथ में प्राथमिक चिकित्सा किट रखें।

किसी संगठन में माइंडफुलनेस का अभ्यास करना और सेल्फ-केयर भागफल को बढ़ाना दो तकनीकें हैं जिनका उपयोग बर्नआउट को कम करने के लिए किया जा सकता है। कई संगठन अपने दिमागीपन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में दिन में तीन बार 20 मिनट की कसरत का उपयोग करते हैं। लक्ष्य सहकर्मियों और दोस्तों के साथ आराम करना है। यह कर्मचारियों को अपने कार्यदिवसों की योजना बनाने के लिए भी प्रोत्साहित करता है जब वे सबसे अधिक उत्पादक महसूस करते हैं और जब उनका उत्पादन घटने लगता है तो ब्रेक लेने के लिए।

कार्यस्थल के विवादों को हल करने और कल्याण का अभ्यास करने के लिए एक और तेज़ इलाज कर्मचारियों के लिए कल्याण नियम का पालन करना है। इसकी शुरुआत सब प्लानिंग कर रही है। यह सुबह के पहले 10 मिनट योजना बनाने और प्राथमिकता देने के साथ-साथ टीम को सौंपने और शामिल करने के लिए समर्पित करने की आवश्यकता है। कर्मचारियों को यह समझना चाहिए कि समय को प्रभावी ढंग से साझा करने के लिए एक समूह के रूप में एक सीमित संसाधन है। इसके बाद मानसिक मानचित्रण होता है, जो तनाव को अधिक विस्तार से सूचीबद्ध करेगा; यह एक ग्राहक, एक निश्चित टीम सदस्य, एक किशोर, एक विशिष्ट प्रकार की नौकरी, मौद्रिक चिंताएं, या कोई अन्य संस्था हो सकती है। समस्या को पहचानने और फिर से देखने के लिए, परिदृश्य के लिए सभी व्यवहार्य उत्तरों और विधियों को रेखांकित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। यह समाधान को और अधिक स्पष्ट कर देगा और विचार पारदर्शिता को बनाए रखेगा, जो कठिनाइयों और संभावित उत्तरों के मानसिक पुनर्गठन में सहायता करेगा। अगला कदम यह स्वीकार करना है कि आप भ्रमित हैं और सहायता चाहते हैं। इस प्रक्रिया में आत्म-जागरूकता महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपको तनाव से संबंधित व्यवहार का एक पैटर्न देखने और जरूरत पड़ने पर मदद लेने की अनुमति देता है। कल्याण कार्यक्रम सीमाओं के विकास को भी प्रोत्साहित करेगा; लक्ष्य दिन के 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध होने से बचना है। अगला कदम पूरे दिन विराम का अभ्यास करना है - एक मिनट की सचेत सांस लेने से मदद मिल सकती है। इसके अलावा, अपने परिवार और टीम के साथ एक सचेत संबंध बनाने से कर्मचारियों को अपनी सच्ची भावनाओं और कमजोरियों के बारे में बात करने और व्यक्त करने की अनुमति देकर समग्र उत्पादकता को बढ़ावा मिल सकता है।

### सही तरीका

संगठन रुक जाएंगे यदि उन्हें - कर्मचारी बर्नआउट से निपटने के लिए सबसे अच्छा तरीका क्या है- के सवाल का समाधान करने के लिए मजबूर किया गया था? वास्तव में, हर कोई और हर कोई हैरान होगा, जबकि पूछताछ व्याकरणिक रूप से सही हो सकती है, यह सही सवाल नहीं है। कोई सही दृष्टिकोण नहीं है क्योंकि भलाई, विशेष रूप से भावनात्मक और मानसिक कल्याण, व्यक्तिपरक है। एक व्यक्ति को जो आकर्षक लगता है वह दूसरे के लिए प्रतिकारक हो सकता है। नतीजतन, जनता को प्रभावित करने वाले मुद्दे से निपटने के लिए एक अनुकूलित पद्धति का उपयोग करना समझ में आता है, जो कंपनी की शैली और कर्मचारी आवश्यकताओं (श्रमिकों के व्यक्तित्व प्रकार की ओर इशारा करते हुए) के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। कर्मचारी सहायता कार्यक्रम, जब एक जानने की आवश्यकता के आधार पर एक वेलनेस रेजिमेन और परामर्श सत्रों के साथ जोड़ा जाता है, तो कर्मचारी बर्नआउट को कम करने और व्यक्तिगत कर्मचारी और कंपनी दोनों के लिए समग्र उत्पादकता को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। दूसरी ओर, प्रत्येक कंपनी का संयुक्त उद्देश्य किसी के स्वास्थ्य को खतरे में डाले बिना सामूहिक विकास हासिल करना होना चाहिए।

*लेखक बिजनेस/लीडरशिप कोच, मैनेजमेंट कंसल्टेंट और सोशल एंटरप्रेन्योर हैं*





# आप डाइट के मूड में हैं?



महामारी से प्रेरित पहले लॉकडाउन के एक साल से अधिक समय के बाद, अधिकांश लोग अपने घरों की सुरक्षा के बीच काम करने का विकल्प चुनते हुए घर के अंदर रहना जारी रखते हैं। इस बड़े बदलाव की पृष्ठभूमि में, खाने और सोने की दिनचर्या में एक विशिष्ट बदलाव आया है, जिसमें बनता-बिगड़ता मिजाज एक ध्यान देने योग्य दुष्प्रभाव है।

पहले, लॉकडाउन को स्वस्थ आदतें अपनाने के अवसर के रूप में माना गया, फिर भी, हम में से अधिकांश लोग, अब अपनी आहार संबंधी प्राथमिकताओं में आराम से भोजन, स्वस्थ भोजन और जब तब तनावपूर्ण खानपान के संतुलन को अपनाकर आत्मसंतुष्ट हो गए हैं।



इस प्रवृत्ति को देखते हुए, मैरियट इंटरनेशनल के पाक-कला निदेशक, हिमांशु त्रेहन ने एक 'मूड डाइट' मेनू पेश किया, जो उपभोक्ताओं की पोषक तत्वों संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ व्यक्ति के मूड को भी उन्नत बनाता है। एक त्वरित संवाद के दौरान, हिमांशु मेनू से संबंधित बारीकियों के माध्यम से हमारा मार्गदर्शन करते हैं।



हिमांशु ने बताया, ''पिछले एक साल में, हम सभी ने तनावग्रस्त होने के दौरान पूर्ण भोजन करने के बावजूद असामयिक भोजन की लालसा का अनुभव किया है। इस पैटर्न का अध्ययन करने के बाद, विशेष रूप से क्यूरेटेड 'मूड डाइट' को, दैनिक पोषक तत्वों की आवश्यकताओं को उतार-चढ़ाव वाले स्वभाव से उत्पन्न अचेतन भोजन-लालसाओं के साथ मिलाने की अवधारणा के आसपास, डिजाइन किया गया। गुणवत्ता और जो तत्व स्वाद कलियों को आकर्षित करता है, के बीच भोजन हमारे मूड को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि दोनों का वैज्ञानिक और भावनात्मक संबंध है। हमारे पास क्यूरेटेड रेसिपी हैं जिनमें ऐसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं जो मूड को बेहतर बनाने और बढ़ावा देने में मदद करते हैं। ''

जब हमने हिमांशु से मेनू की अवधारणा के बारे में पूछा, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए हमें मेनू के पीछे के विज्ञान के बारे में बताते हुए कहा,''आपका आहार मूड की संतुष्टि को सही ठहराने में अनिवार्य भूमिका निभाता है क्योंकि आप जो खाते हैं वह आपके दिमाग को शांत करने और पोषण संबंधी असंतुलन को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए, यदि आप क्रोधित या चिड़चिड़े हैं, तो नट्स, बादाम, अखरोट और चिकन जैसे डोपामिन युक्त संसाधन आपकी नसों को शांत करने में आपकी मदद कर सकते हैं। इसी तरह, यदि आप अपने साथी के साथ रोमांटिक मूड को बढ़ाना चाहते हैं, तो स्थानीय रूप से खट्टे अंजीर और हरी शतावरी सलाद इस पल से मेल खाने के मूड को बनाने में मदद कर सकते हैं। ''

उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि अपने मन और शरीर पर महामारी के प्रभाव को स्वीकारने के लिए मेनू को एक साथ रखा गया।

हिमांशु ने बताया, ''इसके पीछे का मूल मकसद मूड को बेहतर बनाने वाले खाद्य प्रस्तावों के साथ दैनिक पोषण संबंधी आवश्यकताओं को संतुलित करना है। कुछ खाद्य पदार्थ जिन्हें हमारे आहार में शामिल किया जा सकता है उनमें वसायुक्त मछली, डार्क चॉकलेट, नट और बीज, जामुन और खमीरयुक्त भोजन शामिल हैं। इन्हें या तो सीधे खाया जा सकता है या घर पर आसानी से उपलब्ध सामग्री के साथ रेसिपी तैयार करने हेतु संयोजन में जोड़ा जा सकता है। ये प्रोटीन और ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं और आपके शरीर में मूड को नियंत्रित करने वाले हार्मोन सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ाकर तुरंत मूड को बेहतर बनाने वाला प्रभाव डालते हैं।''

**मैरियट इंटरनेशनल के पाक-कला निदेशक हिमांशु तनेजा अच्छे भोजन और एक बेहतर मूड के अंतर्निहित संबंधों पर क्रिस्टी वर्गीस के साथ चर्चा कर रहे हैं**

व्यक्ति जब घर के अंदर कैद या अन्यथा स्थिति में रहता है तो वह विभिन्न मनोदशाओं को जगाने के बारे में महसूस कर सकता है तो 'मूड डाइट' मेनू में ऐसे व्यंजन होते हैं जिसमें नसी गोरेंग से लेकर, तंदूरी चिकन से लेकर हॉट मेज्जे बॉक्स तक के व्यंजन शामिल होते हैं।

(मैरियट बॉनवॉय ऑन व्हील्स का मूड डाइट मेनू पूरे भारत में 13 होटलों में उपलब्ध है।)

## टेली कथा

# छोटी सरदारनी की नई पीढ़ी



कलर्स के लोकप्रिय शो छोटी सरदारनी ने समय के साथ मेहर और सरबजीत (अवनीश रेखी द्वारा अभिनीत) और उनके बच्चों सेहर, परम और करण की मार्मिक कहानी के साथ दर्शकों को आकर्षित किया है। बहुत अधिक सफलता प्राप्त करने के बाद, शो अब एक नया अध्याय खोलने के लिए तैयार है जिसमें एक पीढ़ी की छलांग कहानी में और अधिक ड्रामा और ट्विस्ट जोड़ रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, मेहर और सरबजीत की मुलाकात अचानक और दुखद दुर्घटना से होती है जिसमें उनकी जान चली जाती है। लेकिन वे अपने पीछे छोड़ जाते हैं, सहर जो अब एक मजबूत इरादों वाली लड़की बन गई है। उसका व्यक्तित्व मेहर के लचीलेपन और सरब की ईमानदारी और साहस का मिश्रण है क्योंकि वह अपना टैटू दिखाती है जिसमें लिखा है - महरब। सहर कौर गिल के किरदार में कदम रखते ही निमृत कौर अहलूवालिया बिल्कुल नए अवतार में नजर आएंगी।

एक वयस्क के रूप में, सहर कनाडा में एक स्वतंत्र जीवन व्यतीत करती है और अपनी पढ़ाई का समर्थन करने के लिए गिद्दा और दंकरा कार्यशालाओं का आयोजन करती है। सहर करण और परम के बीच का सेतु है जो अभी भी अपने बचपन की प्रतिद्वंद्विता को जारी रखे हुए हैं और हमेशा आपस में भिड़ते रहते हैं लेकिन सेहर उनके पागल पारिवारिक जीवन में विवेक लाता है। वे दोनों अपनी बहन से बहुत प्यार करते हैं और सहर के लिए सबसे अच्छा दूल्हा खोजने के लिए इसे अपने ऊपर ले लिया है। जैसा कि नियति में होगा, सहर दो सुंदर पुरुषों राजवीर और कुणाल के साथ रास्ते को पार करता है जो उसके जीवन के पाठ्यक्रम को बदल देगा और एक सुंदर नई कहानी की ओर ले जाएगा। जहां अभिनेता माहिर पांधी राजवीर के रूप में नजर आएंगे, वहीं वरुण तोर्की कुणाल का किरदार निभाएंगे। सहर की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, निमृत कौर अहलूवालिया ने कहा : ''सहर एक परिपक्व लड़की है जिसे अपने माता-पिता की विशेषताओं का आशीर्वाद प्राप्त है। वह मजबूत, स्वतंत्र है और अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सहर का किरदार निभाने की सबसे खास बात यह है कि मेरा पूरा मेकओवर होने जा रहा है जो दर्शकों के लिए सरप्राइज होने वाला है। यह पूरी तरह से एक नया अवतार है और मैं इस खूबसूरत नई यात्रा पर निकलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।''

# केबीसी पर लघु फिल्में




कौन बनेगा करोड़पति के 13वें सीजन के लिए, लॉन्च संचार एक विज्ञापन अभियान से ब्रांडेड मनोरंजन बनने तक विकसित हुआ है। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता नितेश तिवारी द्वारा संकल्पित, लिखित और निर्देशित, पहली बार, एक लंबे प्रारूप वाली फिल्म की खोज की गई है जिसे तीन किस्तों में प्रस्तुत किया जाएगा।

मध्य प्रदेश के बेरछा में विशेष रूप से फिल्माई गई, फिल्म में अभिनेता ओंकार दास मानिकपुरी को उनके मंच और फिल्म प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। स्थानीय प्रतिभाओं के साथ कथा की प्रामाणिकता को जोड़ने के साथ, फिल्म एक इमर्सिव सिनेमाई अनुभव प्रदान करती है। इस फिल्म की शूटिंग बेरछा जैसे असली गांव में करने का विचार दोहराता है कि कैसे केबीसी देश के लोगों के साथ, यहां तक कि अपने सबसे दूरस्थ कोनों में भी गूंजता है। फिल्म एक प्रासंगिक परिदृश्य के साथ खुलती है, संबंधित पात्र और कथा, हास्य के साथ अभिनीत, दर्शकों को सबसे अप्रत्याशित तरीके से संलग्न करती है। कहानी कैसे सामने आती है यह जानने के लिए देखते रहें!

हर गुजरते साल के साथ, केबीसी ने एक अनोखे विचार के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जो तुरंत ही आम बोलचाल का हिस्सा बन गया। अपनी कहानी कहने के लिए जाने जाने वाले, नितेश तिवारी इस साल सम्मान नामक तीन-भाग वाली लघु फिल्म के माध्यम से मानवीय भावनाओं और आकांक्षाओं पर एक दिलचस्प चित्रण को जीवंत करते हैं। आगामी लघु फिल्म के बारे में बात करने पर : ''इसे हम सम्मान कहते हैं जो सम्मान है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ेगी, आपको एहसास होगा कि कभी-कभी सम्मान के कई आयाम होते हैं और ऐसा ही हमारा शो केबीसी भी करता है। कभी-कभी, सम्मान किसी व्यक्ति से संबंधित होता है और कभी-कभी कोई व्यक्ति सम्मान को आयाम में ला सकता है। उदाहरण के लिए, खिलाड़ी और महान उपलब्धि हासिल करने वाले जो हमारे देश का सम्मान करते हैं। सम्मान बहुआयामी है और ऐसी ही यह फिल्म है। हम सभी जानते हैं कि यह हमारे जीवन का कितना महत्वपूर्ण पहलू है। इसलिए, यह ऐसा कुछ है जिसे हम सभी ने इसका वर्णन करने का सबसे उपयुक्त तरीका माना है।''